ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




सेंसेक्स 71,423.65 ▲ +236.79

डॉलर 83.110 ▼ -0.053

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 09.0 | 12.0 |
| धनबाद | 21.0 | 10.0 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 11.0 | 15.0 |
| पलामू | 21.0 | 07.0 | 12.0 |


रांची, पौष शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 रांची, सोमवार, 22 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 344, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय राम नाम की गूंज से आध्यात्मिक ... 6


रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित


पंकज त्रिपाठी की बहुचर्चित फिल्म 'मैं अटल हूं'...10 देश-विदेश





## एक नजर

### 23 साल बाद भी झारखंड का विकास नहीं: परमेश्वर भगत

**चान्हो।** रविवार को बीजूपाड़ा स्थित कार्यालय में समाजसेवी डॉक्टर परमेश्वर भगत ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड के अलग हुए 23 साल हो चुके हैं, लेकिन जिस मकसद से झारखंड के आंदोलनकारी ने झारखंड राज्य की अलग मांग की। आज कहीं से झारखंड खरा नहीं उतर पाया है। आज भी बहुत बड़ी आबादी सड़क पानी बिजली से वंचित है। शिक्षा महंगी होती जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं में भी लगातार महंगाई बढ़ रही है। जनता को मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रहना पड़ रहा है। ऐसे में हम सभी को मिलकर इस अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना है।

### जनजातियों का हक मार रहा है ईसाई समुदाय : संदीप उरांव

**खूंटी।** संघ भवन में रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच की हुई बैठक में जनजातियों की समस्याओं पर चर्चा की गई और उसके निराकरण को लेकर विचार-विर्श किया गया। मौके पर उत्तर-मध्य क्षेत्र के जनजाति सुरक्षा मंच संयोजक संदीप उरांव ने कहा कि आज ईसाई समुदाय आदिवासियों का हक मार रहा है। ईसाइयों के षड्यंत्र के कारण जनजाति समाज के मूल्यों और अधिकार का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनजातियों को लड़कर अपना हक लेना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए भीम सिंह मुंडा ने कहा कि रूढ़िवादिता ही जनजाति समाज की पहचान है। अपनी पूजा पद्धति और परंपरा को जीवित रखने की आवश्यकता है, जो रूढ़िवादिता को मानता है, वही जनजाति समाज का हक लेने का अधिकारी है। बैठक में उपस्थित प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा, साधो मुंडा, नौरी पूर्ति, मीता कुमारी, गौरा देवी, सीमा देवी, प्रदीप साहू, जयप्रकाश भगत, लेपो मुंडा, सुदर्शन प्रधान, योगेश मिश्र, सुकरा मुंडा, रमेश राम, रिझु कुमार, लक्ष्मी बाखला, नीलू पहान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सत्संग से प्रभावित होकर 11 लोगों ने नशा-हिंसा त्यागकर दीक्षा ग्रहण की

**खूंटी।** महर्षि मेंही आश्रम मलियादा में चल रहे दो दिवसीय सत्संग से प्रभावित होकर रविवार को आसपास गांवों के 11 लोगों ने नशा और हिंसा को त्याग कर दीक्षा ग्रहण की। मौके पर प्रवचन करते हुए स्वामी प्रमोद जी ने कहा कि भगवान राम आंतरिक धन हैं, हृदय मिलने से ही सुख पायेगा, जैसे बालक मां से मिलकर प्रसन्न होता है। हमें परमात्मा की प्राप्ति में ही सुख-शांति मिलेंगी। उन्होंने कहा कि बिना गुरु जीवन शुरू नहीं, गुरु बहुत हैं, पर सद्गुरु से मुक्ति का मार्ग मिलता है। जिस प्रकार गोली बंदूक में भरकर चलाने से दुश्मन मरता है, वैसे ही सद्गुरु का मंत्र जीवन में भरकर अपने अंदर की बुराइयों को मारकर ही हमें सच्चा सुख मिलेगा। स्वामी डॉ विवेकानंदजी महाराज ने कहा कि जीव अविनाशी है, अपने मन के बुरे आवरण को हटाकर ही परमात्मा की भक्ति कर सकते हैं।

### रामलला के स्वागत में बेड़ो के मंदिर सजधज कर तैयार

# श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा आज



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव का माहौल है। रामभक्तों का उत्साह भी चरम पर है। 22 जनवरी को होनेवाली प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य दीपोत्सव मनाने की तैयारी हो रही है। बेड़ो भव्य व आकर्षक विधुत सज्जा से जगमग हो उठा है। लोग उत्साह और उमंग में सराबोर होकर झूम रहे हैं। प्रखंड से लेकर गांव तक की तैयारियां जोर-शोर के साथ की जा रही है।भक्तों को बस इंतजार है 22 जनवरी का। जब भगवान श्री राम लला अपने घर अयोध्या में बिराजेंगे। प्रखंड के आसपास के सभी क्षेत्रों में जय राम...श्री राम...जय जय राम...का जयघोष से पुरा प्रखंड मुख्यालय गुंजायमान हो उठा है। प्रखंड मुख्यालय ऐतेहासिक महादानी मंदिर सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। सड़कों के ऊपर पताका व किनारे में भगवा झंडा लगाया गया है।जिससे पुरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है। जहां भव्य कलश यात्रा, पूजा -अर्चना, भजन-कीर्तन सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के रामभक्त सहित कई गणमान्य शामिल है। सुबह से प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हो जाएंगे। जबकि अनुष्ठान संपन्न होने के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जहां श्रद्धालुओं के बीच खीर व खिचड़ी का वितरण किया जाएगा।

# श्री राम मन्दिर प्रतिष्ठा की पूर्व सन्ध्या पर कांके डैम में गंगा आरती



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री राम मन्दिर प्रतिष्ठा के पुर्व सन्ध्या पर कांके डैम में राम सह गंगा आरती का आयोजन किया गया। मां बगलामुखी ब्रह्म विद्या संस्थान रांची के द्वारा यह आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एक सौ और इक्कावन दीपक प्रज्वलित कर पांच सेट से आरती किया गया, धुप,दीप ,गुगल से आरती किया गया। स्थानीय युवाओं में रजनीश पाठक, मेधा पाण्डेय, मंगलम कुमार, विद्या पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय सुसज्जित मंच से आरती कर रहे थे।इनके साथ सैकड़ों लोग श्री राम सह गंगा आरती उतारे, भजन संध्या के में गायक धर्मेंद्र कु राय की भजन, सोहर की प्रस्तुति रही। आरती के यजमान आलोक कुमार, गोपाल भगत, रहे। स्वस्तिवाचन पं कौशल मिश्र ने किया। जबकि मां बगलामुखी ब्रह्म विद्या संस्थान रांची के सचिव पं रामदेव पाण्डेय ने बताया कि श्री राम मंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के पुर्व सन्ध्या पर यह आयोजन सम्पन्न हुआ है। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करते रहेंगे।

### पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा

**रांची।** श्री सनातन महापंचायत द्वारा अयोध्या में श्री राम मंदिर भव्य निर्माण अयोध्या में प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर श्री सनातन महापंचायत के राज्य संयोजक ललित नारायण ओझा जी के नेतृत्व में पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर हजारों की संख्या में शोभायात्रा निकल गई जिसमें मुख्य रूप से रांची के सांसद संजय सेठ रांची के विधायक सी पी सिंह हटिया के विधायक नवीन जायसवाल महानगर के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल भाजपा के वरिष्ठ नेता कृपा शंकर सिंह ,मृत्युंजय शर्मा बरूण साहू कुमुद झा बिंदूल वर्मा सहित अन्य लोग सामिल हुए। श्री सनातन महापंचायत के प्रदेश संयोजक ललित नारायण ने सभी अतिथियों को तलवार और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। पिस्का मोड विश्वनाथ मंदिर से दो हजारों की संख्या में सनातनी राम भक्त राम पताका लेकर श्री प्रभु श्री राम जी का जय घोष करते हुए भजन कीर्तन करते ढोल नगाड़े के साथ रातु रोड़ काली मंदिर बजरंग बली मंदिर मां दुर्गा मंदिर महावीर चौक होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड पहुंच कर पूजा अर्चना कर पुन वापस महावीर चौक में समापन किया गया।

### स्व. कुनाल कुमार मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

# तुलिन इलेवन बना चैंपियन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली ग्राम विकास स्कूल मैदान में रविवार को स्व कुनाल कुमार मेमोरियल एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि सिल्ली के पाटका गांव निवासी 31 वर्षिय कुनाल कुमार का 15 अप्रैल 2022 को आकस्मिक निधन गया था। वे क्षेत्र के जाने माने क्रिकेट खिलाड़ी थे उनके याद में उनके साथी खिलाड़ियों के द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है । प्रतियोगिता में रांची, टाटीसिलवे, तुलीन, इटीहांसा, सिल्ली, डोमाडीह स समेत आसपास के कुल सात टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच में अमित इलेवन रांची को हराकर तुलीन इलेवन प्रतियोगिता का चैम्पियन बना। तुलीन इलेवन ने निर्धारित 5 ओवर में 10 विकेट विकेट खोकर 60 रन बनाया। वहीं जबावी पारी खेलते हुए अमित इलेवन ने 5 ओवर में 5 विकेट खो कर 26 रन ही बना पाए। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह एवं अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को नगद 13 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक एवं मुखिया सीमा कुमारी गोंझु ने उप विजेता टीम को नगद 9 हजार रुपए एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू व सविता रानी ने प्रतियोगिता के मैन आप द मैच, बेस्ट बॉलर , बेस्ट फील्डर, बेस्ट बैट्समैन, मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार वितरण किया। जयपाल सिंह ने कहा कि स्व कुनाल कुमार क्षेत्र एक बेहत क्रिकेट खिलाड़ी थे। वो आज हमारे बीच नहीं रहे मगर उनके साथी खिलाड़ियों ने उनके याद को जिंदा रखने के लिए इस तरह का आयोजन किया इसके लिए हम आयोजन समिति का आभार जताते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के जरिए ही क्षेत्र से खिलाड़ियों की प्रतिभाएं निकल रही है। इससे पूर्व लुपुंग मुखिया सिमा कुमारी गोंझु वह स्व कुनाल कुमार के पिता अशोक सिंह व तारकेश्वर प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के पुर्व अतिथियों एवं खिलाड़ीयों ने स्व कुनाल कुमार के चीत्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। प्रतियोगिता संचालन शुशेन कर, कुनाल सिंह व वैभव कुमार महतो ने, कामेंट्री नागेश्वर महतो व सन्नी चौधरी ने, स्कोर जितु चौधरी व विशाल बड़ाइक ने किया।

### रांची जिला कार्यकर्ता सम्मेलन -सह -मिलन समारोह संपन्न

**रांची।** रविवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में राँची जिला कार्यकर्त्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह प्रदेश उपाध्यक्ष सह दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल संगठन निर्माण प्रभारी अजय भगत के नेतृत्व में संपन्न हुआ।मौके पर दो दर्जन से अधिक समर्थकों के साथ राजेश लिंडा ने पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश सह संयोजक प्रेम कुमार ने कहा की कार्यकर्त्ता संगठन के रीड होते है प्रदेश सचिव आबिद अली ने संगठन की मजबूती पर बल देते हूए कहा की झारखण्ड का भविष्य आम आदमी पार्टी हांथों में ही सुरक्षित है प्रदेश उपाध्यक्ष श्री हरि सिंह, श्री हारेंद्र चौबे ने भी विचार रखा।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी सईद अख्तर ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में आनन्द प्रकाश, कौशल किशोर महली, प्रवीण कच्छप, अशोक उराव,धर्मवीर प्रशाद , अल्बर्ट एक्का, मनोज पूनोरिया,कृष्ण किशोर, मनोज कुमार रवि आदि का विशेष योगदान था।

### नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने ली शपथ

# मारवाड़ी समाज की पहचान उद्यम उदारता और दान से है : संजय सेठ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महाराजा अग्रसेन भवन में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान मे जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। समारोह में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया ने अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण करवाया। कार्यक्रम का शुभारंभ उद्घाटनकर्ता हटिया विधायक नवीन कुमार जायसवाल, मुख्य अतिथि रांची सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह के स्वागताध्यक्ष कमल कुमार केडिया एवं स्वागत मंत्री पवन शर्मा ने आगंतुक अतिथियो एवं सम्मानित अतिथियों अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### महादानी मंदिर परिसर का डीएवी विवेकानंद स्कूल के बच्चों व शिक्षकों ने की सफाई

# मंदिरों में होगा पूजा-पाठ का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। संवाददाता बेड़ो**

विनय बगीचा बेड़ो स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों व शिक्षकों द्वारा रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से सभी मंदिर परिसर और धार्मिक स्थलों की साफ सफाई कर पूजा अर्चना करने की अपील की है। इसके तहत महादानी मंदिर में भी पूजा पाठ का आयोजन होगा। इसके लिए महादानी मंदिर परिसर की साफ सफाई के लिए डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार के नेतृत्व में स्कूल के हॉस्टल के बच्चों एवं शिक्षकों ने महादानी मंदिर परिसर में साफ सफाई किया। साथ ही बच्चों ने परिसर में फैले प्लास्टिक, रेपर व कागज को एकत्रित कर उसे वहां से हटाया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि सामूहिक रूप से एकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान से प्रेरित होकर बच्चों एवं शिक्षकों ने महादानी मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया। जिसे हमारे देश को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय महतो, श्रवण कुमार, रंजन चंद्रा व संदीप सिंह आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## न्यूज बॉक्स

### भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**मांडर।** प्रखंड के सोसईआश्रम से शिव दुर्गा मंदिर तक रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा का आयोजन 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रहे कार्यक्रम को लेकर किया गया था। रविवार की सुबह जलेश्वर धाम से जल लेकर कुछ लोग सोसई आश्रम स्थित मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके बाद वहां से हजारों की संख्या में शामिल होकर कलश यात्रा निकल गए। सोसई से मांडर तक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी लोगों ने तय की। इस दौरान मांडर पुलिस द्वारा एन एच 39 को वनवे कर दिया गया था। जिससे कलश यात्रा में शामिल लोगों को किसी प्रकार की सुविधा का सामना करना ना पड़े। इस दौरान लोग राम के नाम का जयकारा लगाते हुए शिव दुर्गा मंदिर स्थल तक पहुंचे जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो, पिंटू तिवारी, रमेश केसरी, सांसद प्रतिनिधि शंकराचार्य ,अनूप साहू, मांडर मुखिया, प्रकाश खलखो अध्यक्ष रामबालक ठाकुर, सहित दर्जनों की संख्या में लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पहले भाजपा नेता ने की मंदिर की सफाई व झंडा का किया वितरण



**सिल्ली।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष एवं श्रीराम जन्मभूमि दर्शन अयोध्या के रांची जिला संयोजक विनय महतो धीरज ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया।इसके तहत उन्होंने सिल्ली के पतराहातू में स्थित विष्णुपाद मंदिर एवं दुर्गा मंदिर सताकी में साफ-सफाई की।इस दौरान विनय महतो धीरज ने कहा कि अयोध्या में कल 500 साल का इंतजार खत्म हो जाएगा. 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद रामलला अपने अस्थायी टेंट से दिव्य और भव्य मंदिर में प्रवेश करेंगे.वाकई यह ऐतिहासिक क्षण होगा.हर कोई 22 जनवरी के ऐतिहासिक पल का इंतजार कर रहा है। उन्होंने मौके पर विभिन्न मंदिरों में महावीर झंडा , पताका और दीपक का भी वितरण किया।उन्होंने सभी से रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर परगना क्षेत्र के मंदिर और तीर्थस्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाने तथा अपने अपने घरों में दीपक जलाने का आग्रह किया है। अभियान में मुख्य रूप से मेघनाथ महतो, निखिल महतो, सुरेंद्र स्वांसी आदि मौजूद थे।

### घासीराम महली स्मारक समिति की समीक्षा बैठक

**चान्हो।** प्रखण्ड के करकट में रविवार को घासीराम महली स्मारक समिति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें घासीराम जयंती मेला सम्पन्न हुई, उसपर समीक्षा की गई। मौके पर बोलते हुए अध्यक्ष मकेश्वर महली ने कहा कि इस बार जो भी कमियां रह गई है आने वाले साल में उसमें सुधार किया जाएगा। महाकवि घासीराम महली की जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता योगेंद्र यादव ने किया। मौके पर अशोक महली, संतोष महली, मनोज महली, देवेंद्र महली, सुखदेव महली दिनेश बाघवार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### भव्य कलश यात्रा का आयोजन



**मांडर।** प्रखंड के सोसईआश्रम से शिव दुर्गा मंदिर तक रविवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस कलश यात्रा का आयोजन 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा हो रहे कार्यक्रम को लेकर किया गया था। रविवार की सुबह जलेश्वर धाम से जल लेकर कुछ लोग सोसई आश्रम स्थित मंदिर प्रांगण पहुंचे। इसके बाद वहां से हजारों की संख्या में शामिल होकर कलश यात्रा निकल गए। सोसई से मांडर तक लगभग 3 किलोमीटर की दूरी लोगों ने तय की। इस दौरान मांडर पुलिस द्वारा एन एच 39 को वनवे कर दिया गया था। जिससे कलश यात्रा में शामिल लोगों को किसी प्रकार की सुविधा का सामना करना ना पड़े। इस दौरान लोग राम के नाम का जयकारा लगाते हुए शिव दुर्गा मंदिर स्थल तक पहुंचे जहां विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया था। पिंटू तिवारी, रमेश केसरी , सांसद प्रतिनिधि शंकराचार्य ,अनूप साहू, मांडर मुखिया, प्रकाश खलखो अध्यक्ष रामबालक ठाकुर, सहित दर्जनों की संख्या में लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा के कार स्टीकर व पोस्टर जारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में आज कांग्रेस भवन, रांची में अपराह्न 03 बजे प्रदेश प्रदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य रूप से भारत जोड़ो न्याय यात्रा, आगामी लोकसभा चुनाव-2024 एवं प्रोफेशनल्स कांग्रेस मेम्बरशीप पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में प्रोफेशनल्स कांग्रेस की ओर से सर्वप्रथम भारत जोड़ो न्याय यात्रा की कार स्टीकर एवं न्याय यात्रा की संदेशों की पोस्टर पर्चा जारी की गई। प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संदेशों एवं उद्देश्यों को बताया तथा कहा कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में झारखंड पहुंचेगी।

इस दौरान राहुल गांधी जी करीबन आठ दिनों तक झारखंड में प्रवास करेंगे और इस यात्रा के दौरान लगभग 804 किलोमीटर की यात्रा तय करेगी। इस यात्रा की सफलता हेतु प्रोफेशनल्स लोगों की शत प्रतिशत सहभागिता करानी है। श्री जयसवाल ने कहा कि भारत जोड़ों न्याय यात्रा का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, हनन को बचाने, आपस में फैली नफरत को खत्म करने के लिए जनता को न्याय देने के निकाली जा रही है। भाजपा की तानाशाही की मानसिकता से देश की जनता त्रस्त है, मोदी सरकार की जन विरोधी नीतियों से देश का हर नागरिक परेशान है। प्रधानमंत्री को जनता के दुख दर्द से कोई लेना देना नहीं है। देश की जनता के हितों की रक्षा करने के लिए कांग्रेस द्वारा सरकार के खिलाफ भारत जोड़ों न्याय यात्रा से सत्याग्रह शुरू किया है। श्री जयसवाल ने कहा कि प्रोफेशनल्स कांग्रेस का मेंबरशीप अभियान भी चला रहा है जिसमें प्रदेश प्रोफेशनल्स लोगों को ऑनलाइन मेंबरशीप के माध्यम से पार्टी में जोड़ने का काम करेंगे। साथ ही प्रोफेशनल्स कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के पार्टी मेनिफेशटो में प्रोफेनल्स लोगों को समस्याओं को सामने रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस युवाओं के रोजगार, वंचितों के अधिकार, किसानों की वाजिब हक, और महिलाओं बेटियो के आत्मसम्मान के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कांग्रेसजनों के साथ-साथ आमलोगों को भी राहुला गांधी जी की न्याय यात्रा में शामिल होकर न्याय योद्धा बनने की अपील की है।



मांडर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी

## स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला संपन्न

# टुसू प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार के लिए कुसुम टिकरा को चुना गया



नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत लेगाहातू (कलुवाडीह) भेलवा टुगरी में आज स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला का आयोजन मेला कमेटी की ओर से किया गया। सर्वप्रथम मेला में आए हुए अतिथियों एवं मेला कमेटी के सदस्यों के द्वारा स्वर्गीय काशीनाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। मंच पर स्वर्गीय काशीनाथ महतो की पत्नी भवानी देवी उनके पुत्र डॉ अमित कुमार महतो समेत पूरे परिवार के सदस्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों को मेला कमेटी के द्वारा शाल और बुके देकर सम्मानित किया गया। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि स्वर्गीय काशीनाथ इस क्षेत्र के अच्छे फुटबॉलर एवं समाजसेवी व्यक्ति थे। यह मेला उनकी स्मृति में बिगत 8 वर्षों से लगाया जा रहा है। मेला को भव्य बनाने हेतु मेला में महिला पाता नाच, टुसू प्रदर्शनी, मुर्गा लड़ाई, पुरुष वर्ग फुटबॉल खेल, महिला वर्ग फुटबॉल खेल, लड़कियों के बीच कबड्डी, मैजिकल चेयर, सुई धागा का दौड़, गोली चम्मच दौड़ एवं क्रिकेट खेल सहित विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। महिला पता नाच और मुर्गा लड़ाई देखने के लिए काफी भीड़ उमड पड़ी।सभी खेलों के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। टुसू प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार के लिए कुसुम टिकरा को चुना गया और जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी आजसू के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह ने सम्मिलित रूप से पुरस्कार दिया। द्वितीय पुरस्कार के रूप में बांधडीह को समाजसेवी श्याम सुंदर महतो ने पुरस्कृत किया।

### राज्य कराटे खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन देश के नाम तीन पदक

**रांची।** कोलकाता के न्यू टाउन फुटबॉल स्टेडियम में जेतेकन शीतोरियु कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित बोंगों भूमि कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में भारतीय कराटे टीम की ओर से खेल रहे हैं। झारखंड के खिलाड़ी मयंक कुमार दास और साहिल कुमार महतो ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए रजत पदक देश के नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपने आयु वर्ग के काता स्पर्धा में रजत पदक जीता मयंक कुमार दास फाइनल राउंड में बांग्लादेश से हारे वही साहिल को मलेशिया के खिलाड़ी से फाइनल राउंड में हार का सामना करना पड़ा वहीं रोशन कुमार ने 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के काता स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सभी सफल खिलाड़ियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व कराटे संघ के रेफरी हंशी प्रेमजीत सेन ने पदक प्रदान किया। सभी सफल खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बधाई दी।

# संतोष कुमार ने शुरू की 48 घंटे की लंबी कंप्यूटर प्रोग्रामिंग क्लास



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेंट जेवियर्स स्कूल डोरंडा के संतोष कुमार (प्लस टू समन्वयक और कंप्यूटर साइंस शिक्षक) गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए प्रतिस्पर्धा करने की प्रक्रिया में हैं। जीडब्ल्यूआर टीम ने उनके आवेदन को मंजूरी दे दी थी और 'सबसे लंबा कंप्यूटर प्रोग्रामिंग पाठ' का शीर्षक दिया था। मौजूदा रिकॉर्ड 24 घंटे का है. उन्होंने उन्हें 30-40 घंटे का लक्ष्य दिया है. वह 48 घंटे का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं. प्रोग्रामिंग क्लास आज प्रिंसिपल फादर इग्नाटियस लकड़ा (एसजे) की एक छोटी प्रार्थना के साथ शुरू हुई। वाइस प्रिंसिपल फादर रवि भूषण खेस (एसजे) और फादर रोशन बागे (एस.जे.) भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि नितिन मदन कुलकर्णी, आईएएस ने अपनी शुभकामनाये दी। सेवानिवृत्त. डीएवी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रिंसिपल, नागेश्वर पसायत, आकांक्षी के पूर्व इतिहास शिक्षक, उन्हें आशीर्वाद देने के लिए वहां मौजूद थे। उन्होंने खुलासा किया कि संतोष ही वह व्यक्ति हैं जिनके अंकों में कभी 'संतोष' नहीं था और इसी ने उन्हें इतने बड़े प्रयास के लिए प्रेरित किया होगा। विभिन्न क्षेत्रों के गवाहों और शुभचिंतकों ने संतोष को उनके प्रयास को सफल बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

संसेक्स 71,423.65 ▲ +236.79
डॉलर 83.110 ▼ -0.053

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 22.0 | 09.0 | 12.0 |
| धनबाद | 21.0 | 10.0 | 12.0 |
| जमशेदपुर | 27.0 | 11.0 | 15.0 |
| पलामू | 21.0 | 07.0 | 12.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, पौष शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2080
रांची, सोमवार, 22 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 344, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155
www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय राम नाम की गूंज से आध्यात्मिक ... 6
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
पंकज त्रिपाठी की बहुचर्चित फिल्म 'मैं अटल हूं'...10 देश-विदेश




## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,300

चांदी (1 किलो) 77,200

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर आज से काम करने लगा है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर 82925 53444 पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है।

यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# अयोध्याधाम सज-धजकर तैयार, आज होगी प्राण प्रतिष्ठा

### रविवार को 114 कलशों के औषधीय जल से कराया मूर्ति को स्नान

### आज की तिथि बेहद मंगलकारी, हर पल होगा भावुक करने वाला

**एजेंसी। अयोध्याधाम**

प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्याधाम में खुशियों के दीप जग-मग कर रहे हैं। चारों दिशा अखंड रामधुन के जयघोष से गूंज रही हैं। भारतवर्ष के लिए आज (22 जनवरी) का तिथि बेहद मंगलकारी और भावुक कर देने वाली होगी। सोमवार को यहां नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पहले



पांच दिन तक वैदिक अनुष्ठान किए गए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा कि रविवार 114 कलशों के विभिन्न औषधीय जल से मूर्ति को स्नान कराया जाएगा। भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए सात दिवसीय अनुष्ठान चल रहा है। इस क्रम में 20 जनवरी को पुष्पाधिवास, शर्कराधिवास और फलाधिवास किए गए। साथ ही दैनिक पूजा-अर्चना, हवन आदि के साथ चीनी और फलों से भी अनुष्ठान हुआ। दिव्य और भव्य मंदिर प्रांगण में 81 कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना की गई। शाम को पूजा और आरती भी हुई। शुक्रवार को मैसूरु के प्रसिद्ध मूर्तिकार अरुण योगीराज द्वारा बनाई गई श्री रामलला की मूर्ति को मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कराया गया। उल्लेखनीय है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में श्रीरामलला के समक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 140 करोड़ भारतीयों की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करेंगे। अयोध्याधाम में लघु भारत के दर्शन होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर की स्थापना भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का आध्यात्मिक अनुष्ठान है। यह राष्ट्र मंदिर है।

श्रीरामलला विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा राष्ट्रीय गौरव का ऐतिहासिक अवसर है। रामकृपा से अब कभी कोई भी अयोध्या की पारंपरिक परिक्रमा को बाधित नहीं कर सकेगा। अयोध्या की गलियों में गोलियां नहीं चलेंगी। सरयूजी रक्त रंजित नहीं होंगी। अयोध्या में कर्फ्यू का कहर नहीं होगा। यहां सिर्फ उत्सव होगा। रामनाम संकीर्तन गुंजायमान होगा। अवधपुरी में रामलला का विराजना भारत में रामराज्य की स्थापना की उद्घोषणा भी है।

# आज राज्य के सभी कार्यालय दोपहर 2:30 बजे तक बंद

### सोमवार को सरकारी स्कूल पूरे दिन रहेंगे बंद, मुख्यमंत्री ने दिये आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अयोध्या में सोमवार को होने वाले रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए झारखंड सरकार ने भी छुट्टी का एलान कर दिया है। रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य सचिव को इससे सभी सरकारी कार्यालयों में आधे दिन की छुट्टी और स्कूलों में पूरे दिन की छुट्टी करने से संबंधित निर्देश दिया। इसके बाद कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी की गई। अधिसूचना के मुताबिक, 22 जनवरी को सभी कार्यालय,



प्रतिष्ठान और सार्वजनिक बैंकों में एनआई एक्ट के तहत दोपहर 2.30 बजे तक के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इससे पहले प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधायक दल के नेता अमर बाउरी, सांसद संजय सेठ समेत कई नेताओं ने 22 जनवरी को स्कूलों और कार्यालयों में अवकाश घोषित करने की मांग की थी। इसे लेकर उन्होंने सीएम को पत्र भी लिखा था।

## एक नजर

### वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात हवलदार की गोली लगने से मौत

**पाकुड़।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट के गोदाम में सुरक्षा के लिए तैनात हवलदार रघु मुर्मू की गोली लगने से मौत हो गई। गोली की आवाज सुनकर गोदाम में हड़कंप मच गया। यहां मौजूद अन्य जवानों ने घटना की जानकारी नगर थाना और वरीय अधिकारियों को दी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल दलबल के साथ गोदाम पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने घायल सिपाही को खून से लथपथ हालत में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस प्रशासन ने मृतक हवलदार के परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया है। घटना को लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस बात की भी जांच चल रही है कि कांस्टेबल को किन परिस्थितियों में गोली लगी। अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है। अलवाट्टा उपमंडल पुलिस अधिकारी ने बताया कि हवलदार ने ही खुद पर गोली चलाई है। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि हवलदार रघु दो-तीन दिन से मानसिक रूप से परेशान थे। उन्होंने कहा कि पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है। हवलदार को जवानों और पुलिस पदाधिकारियों ने अंतिम सलामी दी।

# देश में हुए 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित : मोदी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार का प्रयास है कि कैंसर के उपचार में किसी भी मरीज को मुश्किलें ना आएं। इसी सोच के साथ पिछले 9 साल में देश में करीब 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित किए गए हैं और 10 नए कैंसर अस्पताल पर अभी काम चल रहा है। प्रधानमंत्री वीडियो



### बीमारियों की शुरूआती जांच में अहम भूमिका निभा रहे हैं आयुष्मान आरोग्य मंदिर

संदेश के जरिए गुजरात में श्री खोडलधाम ट्रस्ट-कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने खोडल धाम की पवित्र भूमि और खोडल मां के भक्तों के साथ जुड़ने को बड़े सौभाग्य की बात बताया। मोदी ने कहा कि श्री खोडलधाम ट्रस्ट ने अमरेली में कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र की आधारशिला रखकर जनकल्याण और सेवा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 14 साल पहले लेउवा पाटीदार समाज ने सेवा, संस्कार और समर्पण के संकल्प के साथ श्री खोडलधाम ट्रस्ट की स्थापना की थी। तब से ▶▶शेष पृष्ठ 09 पर

# 2047 तक विकसित भारत बनाने में पूर्वोत्तर के लोग भी प्रतिबद्ध होकर दें योगदान : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में हर किसी को प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा है लेकिन विविधता में एकता है। हम सब एक हैं और एक रहेंगे। भारत के विभिन्न प्रदेशों में मनाए जाने वाले पर्व, त्योहार एवं उत्सव की अवधारणा एवं उद्देश्यों में भी समानता है। पोंगल पर्व फसल पैदावार वाले के लिए प्रकृति, किसान एवं पशु के प्रति आभार प्रकट करने का पर्व है.। हमारे किसान बिना किसी लोभ-लालच



के सूर्य की भांति नियत समय पर खेत की ओर निकाल जाते हैं। उन्होंने कहा कि सोहराई एवं टुसु पर्व के केंद्रबिंदु में भी प्रकृति, कृषि एवं पशु की पूजा ही हैं, जो हमारे जीवन के आधार हैं। रविवार को राज भवन, में संयुक्त रूप से पोंगल, सोहराई एवं टुसु पर्व के साथ-साथ त्रिपुरा, मेघालय एवं मणिपुर के राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि त्रिपुरा, मेघालय एवं मणिपुर प्रकृति के गोद में बसे हैं। इनका गौरवशाली इतिहास रहा है एवं गरिमामयी विरासत रही है। ये सांकृतिक विविधताओं से भरे पड़े हैं। प्रधानमंत्री के ▶▶शेष पृष्ठ 09 पर

# भाजपा के गुंडो के हमले से हम डरने वाले नहीं : कांग्रेस

**एजेंसी। नौगांव (असम)**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की लोगों ने असम में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' दल के लोगों पर रविवार को हमला किया है लेकिन कहा कि इस तरह के हमले से हम डरने वाले नहीं हैं। श्री खड़गे ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमन्त विश्व सरमा के इशारे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर हमला हुआ है लेकिन वह डरने वाले नहीं है। कांग्रेस के वह मजबूत कार्यकर्ता है और इस तरह



के हमलों से हम डरते नहीं हैं। मुख्यमंत्री सरमा पर करारा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, मेरी बिल्ली मुझी से म्याऊं। जो बिल्ली हमारे पास थी वह आज हमको ही म्याऊ कर रही है। ऐसे हमने बहुत से लोगों को देखा है। हम डरने वाले नहीं हैं। कांग्रेस ▶▶शेष पृष्ठ 09 पर

# झारखंड में राष्ट्रपति शासन लागू करने की साजिश विफल : झामुमो

## मुख्यमंत्री हेमंत से ईडी की पूछताछ के दौरान सीआरपीएफ आईजी की भूमिका की जांच हो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के दौरान उतारे गए 500 से अधिक सीआरपीएफ के जवानों को लेकर सवाल उठाया है। झामुमो ने कहा कि एक सोची समझी रणनीति के तहत केंद्र सरकार ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की साजिश रची थी। अगर झामुमो कार्यकर्ता संयम न बरते तो हिंसक परिस्थिति उत्पन्न हो सकती थी। रविवार को झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय और सुप्रियो भट्टाचार्य ने संयुक्त रुप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।



विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सूचना मिली है कि यह कृत्य एक सोची समझी साजिश थी। इसमें सीआरपीएफ आईजी भी शामिल थे। वे चाहते थे कि सीआरपीएफ और झामुमो कार्यकर्ता के बीच मारपीट हो जाये। झामुमो कार्यकर्ता उग्र होकर सीआरपीएफ पर हमला कर दे तो राज्य सरकार पर संवैधानिक तंत्र की विफलता का आरोप लगाकर राष्ट्रपति शासन के हालात पैदा किया जा सके। पार्टी ने राज्य सरकार से सीआरपीएफ आईजी की भूमिका की जांच की मांग की है, नहीं तो आंदोलन की चेतावनी भी दी है। ईडी के ▶▶शेष पृष्ठ 09 पर

## सीआरपीएफ वाले बयान पर भाजपा ने झामुमो पर किया जबरदस्त पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने रविवार को झामुमो प्रवक्ता के इस बयान पर जबरदस्त पलटवार किया है कि सीआरपीएफ का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री की पूछताछ के दौरान राज्य में बदहाल स्थिति पैदा करने की कोशिश की जा रही थी। प्रतुल ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा था कि भ्रष्टाचार के आप पर चौतरफा घिरे मुख्यमंत्री ध्यान बंटाने के लिए सारी मयार्दा तोड़ रहे हैं। बीते शनिवार को ऐसा लग रहा था कि झामुमो का शीर्ष नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यकर्ताओं से हिंसा तक करवा देंगे। प्रतुल ने कहा कि धारा 144 लगे होने के बावजूद मुख्यमंत्री के आह्वान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के 10000



कार्यकर्ता हथियार लेकर मुख्यमंत्री के घर के पास पहुंच गए। मुख्यमंत्री इन कार्यकताओं के जरिए क्या देश की न्यायिक व्यवस्था, न्यायाधीशों, केंद्रीय एजेंसी या देश के संविधान को डराना चाह रहे थे। भय का माहौल तो यह सरकार पैदा कर रही थी। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के पास जब धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू था। तो उसके बाद ▶▶शेष पृष्ठ 09 पर

## इंडिया

# चुनाव पूर्व मुलायम बजट की कड़वी दवा



सुनील बादल

**एक** फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जो अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं उसको अंतिम रूप दिया जा रहा है। परंपरानुसार जिस साल लोकसभा चुनाव होते हैं, उस वर्ष दो बजट आते हैं, अंतरिम बजट और पूर्ण बजट। सामान्यतया अंतरिम बजट में नई सरकार बनने तक के व्यय को पूरी करने का उद्देश्य होता है । वित्तमंत्री ने कहा है कि अंतरिम बजट लेखानुदान होगा। पूर्ण बजट के आगामी जुलाई में आने की संभावना है। अंतरिम बजट में लोकलुभावन योजनाओं को शामिल नहीं किया जाएगा। पर अभी आचार संहिता नहीं लगी है इसलिए लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर वित्तमंत्री कुछ राहत दे सकती हैं। वर्ष 2019 के अंतरिम बजट में भी किसान सम्मान निधि व आयकर राहत देने के लिए प्रावधान किए गए थे। चूंकि विगत दिसंबर में राज्यों के उत्साहजनक चुनावी नतीजों में कल्याणकारी योजनाओं की भूमिका थी, ऐसे में पूरी संभावना है कि वित्तमंत्री आमजन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सामाजिक व आर्थिक कल्याण की योजनाओं के साथ छोटे आयकरदाताओं व मध्यवर्ग को राहत देने के लिए कुछ प्रावधान कर सकती हैं।

वेतनभोगी वर्ग के लाखों छोटे आयकरदाताओं व मध्यवर्ग की शिकायत है कि चालू वित्त वर्ष के बजट में उन्हें टैक्स संबंधी राहत नहीं मिली। इसलिए अब महंगाई वृद्धि के कारण उन्हें कुछ आयकर राहत की अपेक्षा है। राहत देने के लिए अनुकूल आधार भी हैं। हाल ही में एसबीआई की रिसर्च विंग की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2014 से 2022 के दौरान रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर प्राप्ति में भारी वृद्धि हुई है। विगत 31 दिसंबर तक आयकर रिटर्न रिकॉर्ड 8.18 करोड़ का स्तर पार कर चुका था। पिछले आठ साल में आयकर रिटर्न भरने वाले दोगुने हुए हैं और आय की असमानता में भी कमी आई है। वित्त वर्ष 2014 से 2022 के दौरान व्यक्तिगत आय असमानता 0.472 प्रतिशत से घटकर 0.402 प्रतिशत रह गई। इस दौरान 3.5 लाख रुपये के कम आय वाले समूह से 36.3 फीसदी लोग उच्च



आय वाले समूह में शामिल हुए। पिछले एक दशक से आयकर कानून में सुधार से आयकरदाताओं को सुविधा तो मिली ही, उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में करदाताओं के लिए पहचान रहित अपील व्यवस्था, करदाता चार्टर और पहचान रहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) जैसे बड़े आयकर सुधार प्रमुख हैं। ऐसे ही नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिये ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजेक्शन किया, पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया। आयकर विभाग ने आय व लेन-देन के आधार पर प्रोजेक्ट इनसाइट भी लॉन्च किया है, जिसका लक्ष्य स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देना, गैर-अनुपालन को रोकना और लोगों को कर देने के लिए प्रेरित करना है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का सामना करते हुए देश की वित्तीय सेहत अच्छी है। आयकर व जीएसटी का रिकॉर्ड स्तर पर संग्रहण हुआ है। राजकोषीय घाटे को बजट लक्ष्य के मुताबिक जीडीपी के 5.9 तक नियंत्रित रखा गया है। वेतनभोगी वर्ग द्वारा अंतरिम बजट में राहत की अपेक्षा इसलिए भी न्यायसंगत है, क्योंकि वे ईमानदारीपूर्वक पेशेवरों व कारोबारी करदाताओं के वर्ग से ज्यादा आयकर चुकाते हैं। असंगठित या अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं या बहुत कम आयकर देते हैं। वर्ष 2022-23 में सिर्फ 2.24 करोड़ लोगों ने आयकर दिया। यानी कुल आबादी के 1.60 फीसदी लोग ही आयकरदाता हैं। शून्य आयकर देयता वाले आईटी रिटर्न की संख्या भी बढ़कर 2022-23 में 5.16 करोड़ हो गई। इनमें अधिकांश रिटर्न वे हैं, जो उद्योग-कारोबार व पेशेवर आयकरदाताओं से संबंधित हैं।

ऐसे में, आयकर न देने वाले और कम कर देने वाले लोगों की आमदनी का सही मूल्यांकन कर और उन्हें चिह्नित कर अपेक्षित आयकर चुकाने के लिए बाध्य किए जाने संबंधी कर सुधार भी अंतरिम बजट में अपेक्षित हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि वित्तमंत्री अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए छोटे आयकरदाताओं व मध्यवर्ग को राहत देंगी। इससे इस वर्ग की क्रयशक्ति में वृद्धि नई मांग का निर्माण करेगी और अर्थव्यवस्था गतिशील होगी। वैसे जब नई सरकार वो पुरानी ही नई बने या एकदम नई हो अगले पूर्ण बजट में राहत देने के बजाय घाटे का हवाला देकर कड़वी दवा जैसा बजट देती रही है अब देखना है अगली सरकार क्या करती है ?

### भगवान राम पर आधारित 11 डाक टिकट मात्र 65 रुपये में

# रांची जीपीओ में लगी प्रदर्शनी में 21 देशों का दिखा डाक टिकट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आज अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हो रहा है। इस अनुष्ठान को लेकर पूरा देश राममय है। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रांची जीपीओ के फिलाटेली ब्यूरो में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम से संबंधित डाक टिकट एवं विशेष आवरण की प्रदर्शनी लगाई है। इसमें भगवान राम से संबंधित समस्त विश्व के डाक टिकट की प्रदर्शनी लगी है। इसमें लगभाग 21 से ज्यादा देश के डाक टिकट को दिखाया गया है। डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन झारखंड डाक परिमंडल के निदेशक पंकज कुमार मिश्रा और रांची डाक मंडल के वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदय भान सिंह ने किया। फिलाटेली ब्यूरो में भगवान श्री राम से आधारित 11 डाक टिकट मात्र 65 रुपये में आम जनता के लिए उपलब्ध हैं। डाक निदेशक पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि डाक विभाग हमेशा डाक टिकट के माध्यम से देश और दुनिया की ▶▶शेष पृष्ठ 09 पर

# रामोत्सव को लेकर राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, 1500 से ज्यादा फोर्स तैनात

## अति संवेदनशील इलाकों और सोशल मीडिया पर पैनी नजर, पुलिस गश्त बढ़ायी गयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रामोत्सव को देखते हुए पुलिस अलर्ट है। जगह-जगह पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। साथ ही संवेदनशील स्थानों में पुलिस की खास नजर है। चौक चौराहों और धार्मिक स्थल के समीप पुलिस के जवानों की तैनाती की गयी है। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए पुलिस की खास टीम बनाई गई है। उत्सव के माहौल में कोई खलल नहीं पड़े और समाज में तनाव ना बढ़े, इसे लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। राजधानी के वैसे इलाके जहां पूर्व में सांप्रदायिक तनाव के मामले सामने आ चुके हैं। वैसे इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा है।



शहर की अधिकांश सड़कें जाम रहीं लोगों का चलना-फिरना मुश्किल हो गया

### सोशल मीडिया पर है कड़ी नजर

जिला पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व ही राजधानी के चौक-चौराहों पर लगे सभी सीसीटीवी को दुरुस्त कर लिया है। पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिसकर्मियों को सीसीटीवी के जरिए शहर में निगरानी रखने के लिए तैनात किया गया है। रांची में कार्यक्रमों की निगरानी ड्रोन कैमरे से होगी। रांची पुलिस की एक टीम सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखे हुए हैं। साइबर सेल को भी सोशल मीडिया पर नजर रखने की हिदायत दी गई है।

### अति संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी : एसएसपी

इस संबंध में सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पुलिस के अलावा रैफ, जैप और आईआरबी जवानों की भी तैनाती की गई है। अति संवेदनशील इलाकों में फोर्स के अलावा अग्निशमन दस्ता, वाटर कैनन के साथ वज्र वाहन को भी तैनात किया गया है। सुरक्षा की मॉनिटरिंग वे खुद कर रहे हैं। एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा में डीएसपी के अलावा सभी इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी को अलग से लगाया गया है। शहर का माहौल बिगाड़ने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। थानेदारों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में गश्ती करें। कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह से सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। वे लगातार अपने-अपने क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाएं।

### 23 जनवरी तक पुलिस फोर्स की तैनाती

राजधानी के 50 से अधिक मंदिरों में विशेष पूजन का कार्यक्रम तय है। कई जगह बड़ा उत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में सुरक्षा के मद्देनजर जिले भर में डेढ़ हजार से ज्यादा फोर्स की तैनाती की गई है। फोर्स की तैनाती 21 से 23 जनवरी तक की गई है।

# मारवाड़ी समाज की पहचान उद्यम उदारता और दान से है : संजय सेठ

## जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह में अध्यक्ष ललित पोद्दार ने ली शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिला मारवाड़ी सम्मेलन का जिला अधिवेशन सह पदस्थापना समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन में किया गया। अध्यक्षता मारवाड़ी सम्मेलन के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया ने अध्यक्ष पद का शपथ ग्रहण दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ उदघाटनकर्ता हटिया विधायक नवीन कुमार जायसवाल, मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह के स्वागताध्यक्ष कमल कुमार केडिया एवं स्वागत मंत्री पवन शर्मा ने आगंतुक अतिथियो एवं सम्मानित किया। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया का पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सभी को सम्मानित किया।

सुरेश चंद्र अग्रवाल ने जिला मारवाड़ी सम्मेलन के 2 वर्षों मे किये गये सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए नये अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार को कार्यभार सौंपते हुए शुभकामनाएं दी। समारोह में सांसद संजय सेठ ने कहा कि मारवाड़ी समाज गरीबों की सेवा कार्य हमेशा बढ़-चढ़ करता है।

पारस एचइसी अस्पताल के जागरूकता कार्यक्रम में डॉक्टरों ने कहा

# पोलीट्रामा में मरीज के शरीर के कई अंग एक साथ विफल हो जाते है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पोलीट्रामा विषय पर पारस एचईसी अस्पताल की ओर से जागरूकता कार्यक्रम किया गया। सोसाइटी ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन इन इंडिया के सह संयोजन में होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित कार्यक्रम में राज्यभर से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों को पोलीट्रामा का संपूर्ण प्रबंधन कैसे हो और इसके मरीज को कैसे बेहतर इलाज कर बचाया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी दी गई। एडवांस ट्रामा लाइफ सपोर्ट विषय पर कार्यशाला भी हुई। कार्यक्रम में डॉ मेजर रमेश, न्यूरो सर्जन डॉ सचिन कुमार सिंह, इमरजेंसी विभाग के प्रमुख डॉ अबिन पाल, डॉ विवेक गोस्वामी और डॉ अंकुर सौरव ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।



### क्या है पोलीट्रामा

पोलीट्रामा का मतलब होता है किसी मरीज के कई सारे अंग एक साथ विफल हो जाना। जब किसी व्यक्ति की दुर्घटना होती है, तो उसके सिर से लेकर शरीर के कई हिस्सों में चोट लगती है। जिसके कारण यह पता नहीं चल पाता है कि उसके शरीर का कौन-कौन सा हिस्सा विफल हुआ है। डॉ शिव अक्षत ने कहा कि पोलीट्रामा के मरीज का दुर्घटना स्थल से लेकर आइसीयू तक विशेष ध्यान रखना पड़ता है। खासकर युवा वर्ग के लोग ज्यादातर पोलीट्रामा के शिकार होते हैं।

# विश्वनाथ मंदिर पिस्का मोड़ से निकाली गयी शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा पूजन को लेकर श्री सनातन महापंचायत के राज्य संयोजक ललित नारायण ओझा के नेतृत्व में पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से शोभायात्रा निकाली गयी। इसमें मुख्य रूप से सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह, संजय कुमार जायसवाल, कृपा शंकर सिंह, मृत्युंजय शर्मा, वरूण साहू, कुमुद झा, बिंदूल वर्मा सहित अन्य लोग शामिल हुए। श्री सनातन महापंचायत के प्रदेश संयोजक ने सभी अतिथियों को तलवार और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। पिस्का मोड़ विश्वनाथ मंदिर से सनातनी राम भक्त राम पताका लेकर श्री राम का जय घोष करते हुए भजन कीर्तन करते ढोल-नगाड़े के साथ रातू रोड, काली मंदिर, बजरंग बली मंदिर, दुर्गा मंदिर, महावीर चौक होते हुए संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड पहुंच कर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद वापस महावीर चौक में शोभा यात्रा का समापन किया गया।

ओझा ने बताया कि पंडरा मुख्य बाजार महावीर मंदिर में आज श्री राम की आरती बनारस के अर्चकों के जरिये की जायेगी।

# डीपीएस में वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन

## खेल समझते हैं मानव शक्ति और बुद्धि का अर्थ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विद्यार्थियों में खेल भावना और शारीरिक क्षमता का उच्च प्रदर्शन को प्रबल करने के लिए डीपीएस रांची द्वारा 20 जनवरी को वार्षिक खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव का उद्देश्य बच्चों के व्यक्तिगत एवं चारित्रिक विकास और उनके अंदर छुपी प्रतिभा को उभार कर सामने लाना एवं उनमें आत्मविश्वास जागृत करना था।

महोत्सव का शुभारंभ स्वागत गान व नौनिहाल बाल वटवृक्षों द्वारा सुंदर प्रस्तुतीकरण से किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ राम सिंह द्वारा विद्यालय ध्वज फहराया गया।साथ ही विद्यालय गान प्रस्तुत किया गया। कक्षा पांच के विद्यार्थियों द्वारा परेड का सुंदर दृश्य प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य को सलामी दी गई। विद्यार्थियों ने देश के प्रति निष्ठावान बनने की शपथ ली। धावक खिलाड़ी द्वारा मशाल जलाकर कार्यक्रम की उद्घोषणा की गई।



- अधिकतम अंक अर्जित करने वाला हाउस - सतलज (67 अंक)
- सर्वश्रेष्ठ हाउस (मार्च पास्ट) प्राइमरी विंग (झेलम हाउस)
- साथ ही कक्षा पांचवी के गर्व सागर उरांव (बालक वर्ग) एवं शारदा सिमरन लिंडा (बालिका वर्ग) को इंडिविजुअल चैंपियन ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय डॉ राम सिंह ने बच्चों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल में जीत और हार सिर्फ नतीजे होते हैं। असली महत्व खेलने का मनोवृति होता है। खेल से शरीर, मन की शक्ति और आत्मविश्वास मजबूत होता है। खेल कूद मानव जीवन का एक अभिन्न अंग है और यह व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करता है। विद्यार्थियों में समर्पण की भावना रहना बेहद जरूरी है। तभी वह अपने द्वारा निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। खेल से ज्ञान, अनुशासन, समर्पण और टीम भावना की सीख मिलती है साथ ही शारीरिक गतिविधियों से शरीर स्वस्थ रहता है।

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से योग और कराटे का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और यह संदेश दिया कि व्यायाम करने से शरीर चुस्त और तंदुरुस्त रहता है। जो खेल में गति देने का कार्य करता है।

पूर्व प्राथमिक दौड़ के साथ ट्रैक इवेंट की शुरूआत की गई। जिसके अंतर्गत कक्षा नर्सरी और प्रेप के विद्यार्थियों के लिए बकेट रेस, बटरफ्लाई रेस, फ्रूट रेस और बैलून रेस का आयोजन किया गया। इस रेस के माध्यम से छोटे बच्चों ने अपने मानसिक और शारीरिक क्षमता का परिचय दिया। कक्षा पहली और दूसरी के विद्यार्थियों ने भी खेल प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दिखाई। कक्षा तीन से लेकर पांच तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के दौड़ का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने अपनी क्षमता के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ट्रैक इवेंट समाप्त होने के पश्चात विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। परेड में अच्छे प्रदर्शन हेतु पुरस्कार प्रदान किया गया। हेड गर्ल और हेड बॉय के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

# बाजार में झंडा और पताका की बढ़ी मांग

## देर शाम तक होती रही खरीदारी, कम पड़ गये झंडे

**अमित कुमार। रांची**
श्रीराम के मंदिर के 500 वर्षो के इंतजार का परिणाम है कि हर घर में आज झंडा लहरेगा। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनी है। इसे लेकर हर घर में राम के नाम का झंडा लगाया जा रहा है। गलियों को पहले से सजा दिया गया है। सोमवार को हर घर में प्रभु श्री राम की पूजा कर झंडा लगाए जाएंगे। ऐसे में झंडे की बिक्री जोरों पर रही।

रविवार की देर शाम तक राम भक्त बाजार में झंडा खोजते रहे। महावीर चौक की कुछ पूजा दुकानों पर शाम चार से पांच बजे तक झंडा मिला। वहीं दुकानदारो की मानें तो रामनवमी में भी झंडो की ऐसी बिक्री नहीं हुई थी जैसी अब हुई है। लोगों ने एम कट तथा एल कट भगवा झंडे के साथ जय श्री राम लिखा हुआ तथा भगवा में काले हनुमान जी की आकृति वाले झंडों को काफी पसंद किया। राजधानी में मुख्य रुप से अपर बाजार, महावीर चौक, काली बाबु स्ट्रीट, नॉर्थ मार्केट,रंगरेज गली में कुल 20 से अधिक थोक विक्रेता हैं । सभी ने अपने अनुमान से इसकी तैयारी की थी और लोकल बाजार में मुसलमान कारीगरों से इसे तैयार कराया है । बावजूद इसके कि बाजार में इसकी मांग अधिक रही और आपूर्ति कम।



### क्या कहते हैं दुकानदार



लोगों का उत्साह चरम पर है। मेरे यहां से थोक में एम कट तथा एल कट झंडा की मांग अधिक रही। 30 गुणा 45 साइज वाला झंडा 80 रुपये में बिका है। थोक बाजार में झंडा कम पड़ गया है।
**गुप्ता पूजा भंडार,** अपर बाजार



शाम को अचानक मांग में तेजी आयी। लोग घूम - घूमकर झंडा और पताका की मांग करते रहे। मेरे पास जितना था सभी को निकाल दिया। पताका में 2 नंबर से लेकर 5 नंबर तक का लोगों ने खरीदा है।
**बाल कृष्णा स्टोर,** महावीर चौक



झंडा के बाजार ने तो शादी के लगन के बाजार को कम कर दिया। चार-पांच दिनों में झंडे की ऐसी बिक्री होगी इसका अंदाजा नहीं था। हर कोई बड़े साइज का झंडा पसंद कर रहा है।
**कैलाश पूजा स्टोर,** महावीर चौक



रामनवमी से तीन गुणा झंडा और पताका की बिक्री हुई है। राम के आने से सभी धर्म के लोगों को रोजागार मिला। धर्म और संस्कृति से अर्थव्यवस्था का गहरा संबंध है।
**आदित्य मल्होत्रा**
एफजेसीसीआई उपाध्यक्ष

### रांची के 39 परीक्षा केंद्रों में सीटेट की हुई परीक्षा

**40 हजार अभ्यर्थी हुए शामिल**

**रांची।** झारखंड के पांच शहरों में रविवार को सीटेट की परीक्षा संपन्न हुई। रांची के 39 परीक्षा केंद्रों में भी परीक्षा हुई। परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई जो दोपहर 12.30 बजे तक चली। इस परीक्षा में करीब 40 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए। सीटेट की परीक्षा दो लेवल प्राइमरी और एलिमेंट्री में आयोजित की गयी। दोनों लेवल में 150-150 प्रश्न पूछे गये। परीक्षा में पास करने के लिए अभ्यर्थियों को कम से कम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है। रांची के अलावा झारखंड के हजारीबाग, जमशेदपुर, बोकारो और धनबाद में परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। परीक्षा को देखते हुए परीक्षा केंद्र के बाहर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री श्याम मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया, कल होंगे कई कार्यक्रम



**रांची।** प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाने के लिए श्री श्याम मंडल के सदस्य पूर्ण तैयारी में लगे हुए हैं। प्रातः एकल अभियान के हरी सत्संग समिति द्वारा सुंदर कांड का पाठ सुबह 10 बजे किया जायेगा। इस अवसर पर प्रसाद के रूप में दिनभर शुद्ध घी के लड्डू का वितरण किया जायेगा। संध्या 6 बजे से 8 बजे तक श्री श्याम मण्डल के सदयों द्वारा भजन संकीर्तन का कार्यक्रम होगा इसके बाद श्री राम लला के स्वागत में आतिशबाजी तथा दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा। मंदिर परिसर को पूर्ण रूप से विद्युत की रंगीन लड़ियों एवं फूलों से सजाया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मन्दिर प्रांगण में एलसीडी टीवी पर किया जायेगा। श्री श्याम मंडल के अधिकारिक यूट्यूब चैनल पर भी होगा। इधर रविवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में पौष शुक्ला पुत्रदा एकादशी उत्सव मनाया गया। श्री राम जन्म भूमि में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व इस एकादशी को भक्तों का उत्साह व उमंग चरम पर था। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों से श्रृंगार किया गया। मन्दिर में विराजमान वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा भावपूर्ण भजनों की माला श्री श्याम प्रभु को अर्पित की ।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि को दीपों से सजाया गया

**रांची।** पिठौरिया नवा टोली स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में अयोध्या के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व संध्या पर रविवार को प्रभु श्री राम के स्वागत में श्री राम ज्योति जलाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस दौरान आश्रम के सभी बहनों ने पूरे आश्रम को राम ज्योति जलाकर सजाया। संस्था की संचालिका बीके राजमती ने कहा कि प्रभु श्री राम के आने से पूरा देश राममय हो गया है। हर लोग अपने-अपने घरों में दीपावली मना रहे है। यह दिन सभी के लिए गौरव का दिन है। अयोध्या में यह दिन इतिहास के पन्नों में अंकित हो गया है। मौके पर प्रसाद का भी वितरण किया गया।

### सिविल सेवा बैकलॉग की 10 सीटों के लिए परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी

**रांची।** झारखंड सिविल सेवा बैकलॉग परीक्षा रविवार को रांची के पांच परीक्षा केंद्रों पर हुई। इसमें करीब 3400 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किया था। परीक्षा दो पालियों में हुई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक हुई। वहीं दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक हुई। यह परीक्षा 10 सीटों के लिए हुई। इस परीक्षा के लिए 2017 में विज्ञापन जारी किया गया था। जिसकी विज्ञापन संख्या 27/2017 थी।

### श्रद्धानंद रोड में आज धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**रांची।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान को देखते हुए श्रद्धानंद रोड दुकानदार समिति की ओर से सोमवार को संगीत, भजन, भोग वितरण सह भंडारा, आरती और दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के अमित किशोर अग्रवाल ने बताया कि श्री अयोध्याधाम में प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए व्यापारी समाज में उत्साह का माहौल है। समिति की ओर से श्रद्धानंद रोड में महादेव कॉम्पलेक्स आर्य समांज मंदिर के समीप संगीत और भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें युगल ग्रुप के जरिये भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन गायक जुगल दरगड़, गायिका तत्शा गुप्ता और धनबाद के टीवी आर्टिस्ट पिंटू शर्मा भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### आद्रा रेलमंडल ने लिया रोलिंग ब्लॉक कुछ ट्रेनें रहेंगी रद्द तो कुछ का मार्ग बदला

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्यों को लेकर रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इसे लेकर रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। वहीं रांची रेल मंडल के मुरी-कोटशिला रेलखंड के अंतर्गत फुट ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को लेकर ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण ट्रेनों के प्रस्थान के समय में परिवर्तन किया गया है। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है। उसमें ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 23, 27, 28 जनवरी को आद्रा स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेटेड रहेगा। इन ट्रेनों का आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच परिचालन रद्द रहेगा। जिन ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। उसमें ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 22, 23, 24, 27 जनवरी को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया-कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुंडा बिहार-मुरी होकर चलेगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों के प्रस्थान समय में परिवर्तन किया गया है। उनमें ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अल्लापुझा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 22 जनवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 1 घंटे 30 मिनट विलंब से धनबाद से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 13503 बर्द्धमान-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 22 जनवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 1 घंटे विलंब से बर्द्धमान से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 13320 रांची-दुमका एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 22 जनवरी को अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 30 मिनट विलंब से रांची से प्रस्थान करेगी।

### श्री गुरु गोविंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व पर दो दिवसीय समागम का समापन



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी में प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सजाए गए तीसरे और अंतिम दीवान की शुरूआत सुबह 11 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा हम बैठे तुम देहो असीसां तुम राजा राजन के ईसा... तथा तहीं परकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो... शबद गायन से हुई। गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जीवेंदर सिंह जी ने कथा वाचन कर गुरु गोविंद सिंह की जीवनी के बारे में साध संगत को विस्तार से बताते हुए कहा कि उन जैसा बलिदानी विश्व में दूसरा कोई नहीं है। जिन्होंने हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपने नन्हें चार साहिबजादों का बलिदान दिया। जहां उनके दो साहिबजादों को दीवारों में चुनवा दिया गया वो स्थान पंजाब प्रांत के सरहंद में है। जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु रोजाना दर्शन के लिए आते हैं। श्री अनंद साहब जी के पाठ, गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेन्दर सिंह द्वारा अरदास, हुकमनामा एवं कढ़ाह प्रसाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति दोपहर 3:30 बजे हुई। दीवान समाप्ति के उपरांत साध संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर चलाया गया। मंच संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। दीवान का सीधा प्रसारण यूट्यूब के चैनल मेरे साहिब पर गुरु घर के सेवक पवनजीत सिंह द्वारा किया गया।

# खनन के क्षेत्र में शून्य दुर्घटना से कामगारों को मिलेगा सुरक्षित माहौल : प्रभात कुमार

## हिंडाल्को के 61वीं खनिज खदान सुरक्षा सप्ताह समापन समारोह में कई खदान हुए पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हमारा लक्ष्य है कि खनन के क्षेत्र में दुर्घटना शून्य हो ताकि इस क्षेत्र में कार्य करने वाले सुरक्षित माहौल में अच्छा काम कर सके। इसके लिए आधुनिक और डिजिटल तकनीक अपनाने की जरूरत है। यह बातें खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार ने हिंडाल्को द्वारा आयोजित 61 वीं खनिज खदान सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर कहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा महानिदेशक प्रभात कुमार होटल बीएनआर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया।

मौके पर उन्होंने कहा कि खनन के क्षेत्र में दुर्घटनाएं कम हुई है लेकिन हम इससे संतुष्ट नहीं है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र को शून्य दुर्घटना बनाया जाये। इससे इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों सुरक्षित माहौल मिलेगा तो उनकी कार्यक्षमता का विकास होगा और वे और अच्छा काम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाकर्मियों को भी अधिक से अधिक संख्या में अवसर प्रदान करने की जरूरत है। इसके साथ ही उनसे सलाह भी ली जाये। जिससे महिलाओं के अनुकूल नियम बनाया जा सके। उन्होंने बड़े खदान के कंपनियों से अपील किया कि वे छोटे और पिछड़े हुए खदान को भी साथ लेकर चले, उन्हें भी मदद करें। ताकि एक बड़ा नेटवर्क बने और सभी का विकास एक समान हो। उन्होंने खनन क्षेत्र के कंपनियों से कहा कि आप जो कमाते है, उसमें से थोड़ा सा हिस्सा खदान के आसपास के क्षेत्रों के विकास में खर्च करे। इससे आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों को सभी जनसुविधाएं मिलेगी और उनका स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

इस अवसर पर चाईबासा प्रक्षेत्र के खान सुरक्षा निदेशक राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि खनन के क्षेत्र में सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण तत्व है। क्योंकि सुरक्षा से ही कामगारों की क्षमता और उत्पादन में वृद्धि होती है। खनन के क्षेत्र में सुरक्षा को प्राथमिकता में रखने की जरूरत है।

टाटा स्टील के जीएम माइंस अतुल कुमार भटनागर ने कहा कि खनन के क्षेत्र में मात्र एक फीसदी लोग कार्यरत है लेकिन दुर्घटना की दर 8 फीसदी है। इसे रोकना हम सभी की जिम्मेवारी है। सुरक्षा सप्ताह के दौरान बहुत से नई जानकारियां मिलती है, जिससे अपनाने की जरूरत है। यूसीआईएल के तकनीकी निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान देने और सतर्क रहने की जरूरत है।

दक्षिण पूर्व जोन के खान सुरक्षा के उपमहानिदेशक एसडी छिदरवार ने कहा कि सुरक्षा की स्थिति की समय समय पर समीक्षा करने से इसकी खामियां सामने आयेंगी, जिसे दूर कर दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि ज्यादातर दुर्घटनाएं मोबाइल के इस्तेमाल से हो रहा है। मोबाइल पर ज्यादा ध्यान देने से जरूरी चीजों पर से ध्यान हट जाता है। जिससे दुर्घटनाएं हो रही है। इसे रोकने और कामगारों को इस आदत में बदलाव लाने की जरूरत है।





### सुरक्षा पर हिंडाल्को की विशेष नजर : अध्यक्ष



हिंडाल्को के अध्यक्ष (माइंस) बिजेश कुमार झा ने कहा कि उनकी कंपनी कामगारों के स्वास्थ्य की देखभाल के साथ उनसे जुड़े और आसपास के लोगों के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर है। इसलिए समय समय स्वास्थ्य जागरूकता चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर कार्य बेहतर नहीं हो सकता है। इसलिए हिंडाल्को के अधिकारियों की विशेष नजर सुरक्षा पर रहती है। जिससे दुर्घटनाएं शून्य किया जा सके। उन्होंने कहा कि हर दिन सुरक्षा में ध्यान देने की जरूरत है। इसे खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को अपनी आदत में शुमार कर लेना चाहिए। सुरक्षा के लिए जागरूकता, समीक्षा और सुधार जरूरी है। जिससे दुर्घटनाओं में रोक लगायी जा सकती है।

### सुरक्षित माहौल में कार्यक्षमता बढ़ती है : उपाध्यक्ष



हिंडाल्को के उपाध्यक्ष (ऑपरेशन) प्रतीक कुमार ने कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। क्योंकि सुरक्षित माहौल और शून्य दुर्घटना से कामगारों की कार्य क्षमता और उत्पादन बढ़ती है। दुर्घटना से खान में कार्य करने वाले सिर्फ कामगार ही नहीं बल्कि उनका पूरा परिवार प्रभावित होता है इसलिए सभी की सुरक्षा को अपनी जिम्मेवारी मानते हुए हमारी कंपनी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देती है। इसके साथ ही खनन क्षेत्र के आसपास के इलाकों का विकास भी हमारी प्राथमिकता में है।

### ओवर ऑल में बेतला ग्रेफाइट माइंस रहा अव्वल

हिंडाल्को द्वारा आयोजित अवार्ड समारोह में बेतला ग्रेफाइट माइंस, मेसर्स पारिजात माइनिंग इंडस्ट्रीज (इंडिया) प्राईवेट लिमिटेड को उनके बेहतर कार्य के लिए तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। समारोह में बेतला ग्रेफाइट माइंस को ओवर ऑल प्रदर्शन में सबसे उत्कृष्ट पाया गया और उसे प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह रोड ट्रांस्पोटिंग और सामान्य कार्य में बेहतर कार्य करने के लिए भी प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कुल 39 खदान प्रबंधनों ने लिया हिस्सा, पुरस्कृत हुए

कार्यक्रम में खान सुरक्षा मानकों सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों में सहभागिता देने वाले कंपनियों को पुरस्कृत किया गया। यह पुरस्कार सामान्य कार्य, सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, सड़क-परिवहन वायु प्रदूषण रोकने, स्वच्छता मिशन, विस्फोट, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य सुविधा सहित जनसुविधाओं में अच्छा कार्य करने वाले कंपनियों को दिया गया। जिन खदानों को पुरस्कृत किया गया। उनमें अमतीपानी बॉक्साइट माइंस, चिरूडीह माइंस, जालिम सनाइ बॉक्साइट माइंस, कुजाम-एक बॉक्साइट माइंस, सेरेंगदाग ए बॉक्साइट माइंस, सेरेंगदाग बी बॉक्साइट माइंस, बगरू हिल बॉक्साइट माइंस, पाखर बॉक्साइट माइंस, कुजाम-दो बॉक्साइट माइंस, गुरदरी बॉक्साइट माइंस, बिमरला बॉक्साइट माइंस, मेगाहातुबुरू आयरन ओर माइन, नोवामुंडी आयरन ओर माइन, किरीबुरू आयरन ओर माइन, गुवा ओर माइंस, विजय आयरन ओर माइंस, परमबालीजोरी आयरन एंड माइंस, मनोहरपुर आयरन ओर माइंस, बंधुहुरांग माइंस, करोंदजार स्टोन माइन, असनी स्टोन माइन, ज्योति पहाड़ी केनाइट माइन, सरोज मिंज स्टोन माइन, ट्रस्टलाइन माइनिंग एंड मिनरल स्टोन माइन।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है : बाबूलाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के नवनियुक्त मीडिया एवं प्रवक्ताओं की परिचयात्मक बैठक आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाईक, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, राफिया नाज, कुणाल षड़ंगी, रमाकांत महतो, डॉ अरुण उरांव, जेबी तुबिद, विनय कुमार सिंह, अविनेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष एवं संगठन महामंत्री का स्वागत योगेंद्र प्रताप सिंह एवम राफिया नाज ने अंग वस्त्र देकर किया। संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी का प्रवक्ता पार्टी का प्रतिबिंब होता है। यह आइना भी होता है जिसमे पार्टी का चेहरा दिखता है।

उन्होंने कहा कि ऐसी जिम्मेवारी है। जिसके माध्यम से पार्टी की उपलब्धियां और विपक्ष की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाया जाता है।

उन्होंने कहा कि आज मोदी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं से देश के हर तबके की सेवा हुई है। जनता इसे नजदीक से महसूस कर रही है। राज्य सरकार की नाकामियों से भी जनता त्रस्त है और हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश में है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रवक्ताओं की दोहरी जिम्मेवारी है। हमें मोदी सरकार की उपलब्धियों को भी जन जन तक पहुंचाना है और हेमंत सरकार की नाकामियों, राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों के साथ हो रहे अन्याय को भी जनता के बीच बार-बार ले जाना है। मरांडी ने इस अवसर पर मीडिया एवं प्रवक्ताओं की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मीडिया एवम प्रवक्ताओं की टीम पार्टी का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस अंग की सक्रियता से पार्टी की सक्रियता दिखाई पड़ती है।

उन्होंने कहा कि जनता आज भाषणों पर नहीं तथ्यों और आंकड़ों पर भरोसा करती है। अब सवाल जवाब थोथी दलीलों से नहीं साक्ष्यों और प्रमाणों से प्रभावी बनते हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी के पास मोदी सरकार की उपलब्धियों के आंकड़े है,साथ ही हेमंत सरकार की नाकामियों के भी दस्तावेज हैं। उन्होंने कहा कि हम अखबारों, चैनलों देने वाले अपने बयानों में उसका स्पष्ट उल्लेख करें।

## संथाली सोहराय पर्व पर मांदर बजाते मरांडी ने किया नृत्य

**रांची।** संथाली सोहराय पर्व पर मिलन समारोह का आयोजन रविवार को मोरहाबादी स्थित दीक्षांत मंडप में किया गया। जहां संथाली परंपरा के अनुसार पर्व मनाते हुए नृत्य-संगीत का भव्य आयोजन किया गया। झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सभी सोहराय पर मांदर बजाते हुए नृत्य किया। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों और संथालियों को सोहराय की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजधानी में संथालियों के लिए पिछले तीन सालों से यह आयोजन हो रहा है। खुशी है कि ऐसे मौको पर अपनो के बीच आने का मौका मिला है। उल्लेखनीय है कि अपने मुख्यमंत्री काल में उन्होने ही इसकी शुरूआत की थी। राजधानी सांवता समिति के बैनर तले एक दिवसीय राजधानी सोहराय 2024 का आयोजन किया गया है। संथाल समाज के लोग काफी संख्या में अपनी परंपरागत वेशभूषा में एकत्रित हुए। संथालियों द्वारा मरांगबुरू के नाम पर पांच लाल मुर्गो कि बली दे कर कार्यक्रम कि शुरूआत की गई।

# मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा आज

### वोटर पोर्टल में भी मिलेगी जानकारी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप झारखंड का मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि सोमवार को राज्य के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। उक्त मतदाता सूची निर्वाचन से जुड़े राज्य के महत्वपूर्ण कार्यालयों में भी प्रकाशित की जानी है।

उन्होंने राज्य के मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जॉच कर लें। किसी भी कारण यदि कोई विसंगति हुई हो, तो इसे अविलंब अपने बीएलओ या अपने संबंधित निर्वाचन निबंधन कार्यालय को सूचित करें। वे चाहें तो इसकी सूचना राज्य के मतदाता हेल्पलाइन सेंटर 1950 पर भी सूचित कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि कोशिश की गई है कि मतदाता सूची को पूरी तरह त्रुटिरहित और समावेशी बनाया जाए। फिर भी किसी भी मानवीय त्रुटि या टाइपिंग की गलती की संभावना को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता है। इसलिए निर्वाचन कार्यालयों के साथ-साथ आम मतदाताओं की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर देख लें। वे उक्त सत्यापन के लिए वोटर पोर्टल या वोटर हेल्पलाइन एप भी देख सकते हैं।

## पाराफ्लैक्स वायर व केबल सुरक्षा और भरोसे का प्रतीक : कुणाल शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पाराफ्लैक्स वायर व केबल सुरक्षा और भरोसे का प्रतीक है। इस कंपनी ने अपनी गुणवत्ता से देश का भरोसा जीता है, जिस कारण आज देश के कई बड़ी कंपनियों और विभागों में यह वायर और केबल इस्तेमाल किया जाता है। यह बातें पाराफ्लैक्स के वाइस चेयरमैन कुणाल शर्मा ने होटल ली लैक में आयोजित डीलर्स मीट में कही। उन्होंने कहा कि कंपनी के चेयरमैन अशोक कुमार जैन के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में यह कंपनी लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पाराफ्लैक्स वायर और केबल्स वर्तमान समय में देश के 18 राज्यों में अपना व्यापार का प्रसार कर चुकी है और जल्द ही देश के सभी राज्यों में कंपनी की पहुंच हो जाएगी। कुणाल शर्मा ने बताया कि पाराफ्लैक्स के सभी उत्पाद गुणवत्तापूर्ण है। यही कारण है कि आज विदेशों में भी इसकी मांग हो रही है। झारखंड के सीएनएफ विक्रम शाबू ने बताया कि पाराफ्लैक्स के केबल और वायर बेहतर गुणवत्ता से परिपूर्ण है। जिस कारण इसकी मजबूती 35 वर्षो तक बरकरार रहेगी। उन्होंने बताया कि इस वायर के उपयोग से बिजली बिल में भी बचत होती है। झारखंड के ब्रांच मैनेजर धीरज सिंह ने बताया कि पाराफ्लैक्स अपनी गुणवत्ता और मजबूती के कारण लोगों के लिए भरोसा बन गया है।

### उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था को लेकर जारी किये आदेश

# विवादित गाने बजाने पर रोक, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर चलाने पर कार्रवाई

### मोबाइल पर गलत मैसेज चलाने पर 8987790674 पर करें शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सोमवार को राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर रांची जिला में विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा की ओर से संयुक्तादेश जारी किया गया है। प्रमुख स्थानों पर सामाजिक सौहार्द, लोक परिशांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

**लाउडस्पीकर व डीजे के इस्तेमाल नियम से हो :** राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर रांची जिला में विभिन्न स्थानों व धार्मिक स्थलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इन कार्यक्रम स्थलों व धार्मिक स्थलों पर जिला प्रशासन द्वारा नियमानुसार लाउडस्पीकर और डीजे के इस्तेमाल का निर्देश है। सभी आयोजकों को उच्च न्यायालय के आदेशानुसार लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। सभी को इस बात का ध्यान रखने को कहा गया है कि ध्वनि प्रदूषण न हो, तय मानक और निर्धारित समयानुसार लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जाए। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जाए।

**विवादित गाने बजाए जाने की मनाही :** विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों में किसी भी तरह के विवादित गाने बजाए जाने पर रोक होगी। असामाजिक तत्व बेवजह फायदा नहीं उठा पाए, इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सर्तक है। सभी धार्मिक संगठनों व आयोजन समितियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से सामाजिक समरसता बनाए रखने की अपील की गई है।

**सोशल मीडिया पर भ्रामक खबर पर करें शिकायत :** जिला प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया पर गलत एवं भ्रामक मैसेज करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल सक्रिय है। जिसमें प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी रखेंगे। आमजन सोशल मीडिया मीडिया पर किसी तरह की भ्रामक पोस्ट की शिकायत सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल के मोबाइल नंबर 8987790674 पर कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### लाख एवं तसर आधारित ग्रामीण उद्यमिता पर व्यापक संभावनाएं : अर्जुन मुंडा



**रांची।** लाख और तसर उत्पादन प्रणालियों के लिए कृषि उच्चतर प्रसंस्करण के लिए संयुक्त विचार मंथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान एवं केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर उद्यमिता के ऊपर जोर देने की आवश्कता है। जिससे लाह एवं तसर का उत्पादन करने वाले किसान आजीविका निर्वाह करने के साथ वो कैसे गरीबी रेखा से बाहर आ सकें। ताकि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना सहयोग दे सके। श्री मुंडा ने कहा कि दोनों संस्थानों के वैज्ञानिकों, प्रोग्रेसिव कृषकों, उद्योग सहयोगियों सहित पूर्व अधिकारियों वैज्ञानिकों की सहभागिता से इस क्षेत्र का तेजी से विकास हो सकता है। डॉ एनबी चौधरी, निदेशक केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान ने स्वागत भाषण में उन्होंने आदिवासियों की आस, लाह एवं तसर से विकास पर जोर दिया। डॉ अभिजीत कर, निदेशक, राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम लाह एवं तसर दोनों को साथ लेकर किसान की आय बढ़ाने की योजना पर चर्चा किया गया।

### उर्दू शिक्षकों के पद बचाने के लिए आंदोलन करेंगे कई संगठन



**रांची।** झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा उर्दू शिक्षक के 3712 उर्दू प्रारम्भिक शिक्षक के पद को सरेंडर किये जाने वाले प्रस्तावित व नियमावली के खिलाफ मौलाना आजाद स्टडी सेंटर अंजुमन प्लाजा में सामाजिक संगठनों की बैठक हुई। जिसमें उर्दू शिक्षक के रिक्त 3712 पदों को कक्षा 1-5 एवं 6-8 में बांटकर उर्दू टेट पास अभ्यर्थियों की कम संख्या को देखते हुए सीधी नियुक्ति करने की मांग की गयी। मांग की गयी नियुक्त नियमावली 2012 के अनुसार बहाली हो, इस संदर्भ में मुख्यमंत्री, मंत्री एवं शिक्षा सचिव से मिलकर मांगों को अवगत कराया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि मांग पूरी नही होने पर राज्य के सभी जिलों के अंजुमन, समाजिक संगठन और सामाजिक कार्यकताओं की बैठक बुलाकर आंदोलन कि घोषणा की जाएगी। बैठक में अंजुमन इस्लामिया के सदर मुख्तार अहमद, अंजुमन तरक्की उर्दू झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष डां यासिन कासमी, मौलाना तहज्बुल हसन, आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली, नासीर अफसर, मौलाना हम्माद कासमी, डां गालिब नस्तर, डां शगुफ्ता बानो, फिरोज अंसारी, राजदा प्रवीन तथा हाफिज आजाद अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

### एसआईपी प्रोडिजी में कई बच्चों ने पांच मिनट में हल किये सैकड़ों सवाल



**रांची।** रविवार को एसआईपी एकेडमी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अखिल झारखंड राज्य एसआईपी प्रोडिजी 2024 का खेलगांव में आयोजन किया गया। जिसमें रांची, जमशेदपुर, रामगढ़, हजारीबाग, झुमरी तिलैया, बोकारो, चास, धनबाद, डाल्टनगंज, चक्रधरपुर, खूंटी, देवघर और मधुपुर का प्रतिनिधित्व करने वाले 75 एसआईपी लर्निंग सेंटरों से पहुंचे 2,050 प्रतिभागियों ने अबेकस के मानसिक अंकगणितीय प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों के कैलकुलेशन को देखकर सभी दंग रह गये। राज्य के विभिन्न जिलों से आये बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें चैंपियन, फर्स्ट रनरअप, सेंकेंड रनरअप, थर्ड रनरअप को सेलेक्ट किया गया। वहीं विनरों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया। राजधानी रांची के अशोकनगर और ओवरब्रिज सेंटर के बच्चों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। एसआईपी एकेडमी इंडिया, भारत व विदेशों में 19 बार इंटरनेशनल अबेकस और मानसिक अंकगणितीय प्रतियोगिताओं का आयोजन करने वाली एकमात्र कंपनी है। इसके साथ ही झारखंड में 18वीं बार ये प्रतियोगिता आयोजित की गयी। एसआईपी प्रोडिजी प्रतियोगिता चार बार लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज हो चुकी है। इस मौके पर स्टेट हेड इकबाल सिंह होरा ने बताया कि एसआईपी अबेकस का यह 19वां साल है। जिसमें 75 सेंटर से 2050 बच्चों ने भाग लिया। इस मंच से आज बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। उन्होंने कहा कि 5 मिनट में 150 से 300 अर्थमैटिक सॉल्व करके बच्चों ने यह साबित किया है कि वह कितना बेहतर कर रहे हैं।

### महानगर भाजपा ने जरूरतमंदों के बीच बांटे दीया-बाती और झंडे

**रांची।** भाजपा महानगर रांची ने अल्बर्ट एक्का चौक में रविवार को जरूरतमंदों के बीच 50 हजार दीप-बाती, झंडा और सरसों का तेल का वितरण किया। मौके पर विधायक सीपी सिंह, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता व अन्य भी उपस्थित थे। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि 500 वर्षो से अधिक समय बाद अयोध्या में रामलला के भव्य नवनिर्मित मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सोमवार को तय है। इस खुशी में इस दिन सभी घरों में दीपावली मनाई जानी है। इस खुशी में जरूरतमंदों के बीच जरूरी सामग्रियों का वितरण किया गया है। सोमवार को सभी मंदिरों में सजावट, दीप प्रज्जवलन, भजन कीर्तन एवं एलईडी के माध्यम से अयोध्या से सीधा प्रकाशन, ध्वजारोहण आदि कार्यक्रम भी होगा। जिसका सभी यहां आनंद लेंगे। केके गुप्ता के मुताबिक कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकताओं के बीच जिम्मेवारी बांटी गई है। पिस्का मोड़ के विश्वनाथ मंदिर से सनातनी राम भक्त राम पताका लेकर और श्रीराम का जय घोष करते ढोल नगाड़ों के साथ निकले। सोमवार को पंडरा मुख्य बाजार, महावीर मंदिर में राजा रामजी की आरती बनारस के अर्चकों की ओर से की जायेगी। साथ ही कवि गोष्ठी एवं भजन संध्या का आयोजन और महाप्रसाद वितरण होगा।

### प्रदेश प्रोफेशनल कांग्रेस की बैठक में भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा

**रांची।** झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन में प्रदेश प्रदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से भारत जोड़ो न्याय यात्रा, आगामी लोकसभा चुनाव-2024 एवं प्रोफेशनल्स कांग्रेस सदस्यता पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भारत जोड़ों न्याय यात्रा के संदेशों एवं उद्देश्यों को बताया तथा कहा कि राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा फरवरी माह के प्रथम सप्ताह में झारखंड पहुंचेगी।

## एक नजर

### मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन को लेकर सोशल मीडिया पर विशेष हैश टैग अभियान



**बरही।** आयोग के निदेर्शानुसार सोमवार को प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा. बीपीआरओ ने जानकारी देते हुए बताया कि नए संशोधित तिथि के अनुसार यह प्रकाशन अंतिम रूप से किया जा रहा है. जिसे प्रत्येक बूथ पर बीएलओ के पास से देखा जा सकता है. प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ ने सी आर इंदीवर ने लोगो से अपील किया है कि सभी मतदाता अपने नाम का सूची से मिलान कर ले. उन्होंने यह भी बताया कि इसकी जागरूकता को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया पर चुनाव आयोग की ओर से पूर्वाहन 11 से 12 बजे तक एक घंटे का विशेष हैश टैग अभियान चलाया गया है. जिसमे सभी मतदाताओ से अपनी सूची का मिलान करते हुए मतदाता स्लिप या पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर आई एम रेडी वोटर के साथ पोस्ट करने की अपील किया है.

### विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए निकला फ्लैग मार्च



**रामगढ़।** अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रामगढ़ जिला में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। उन कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य से 21 जनवरी को जिला के विभिन्न थाना और ओपी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकला गया। फ्लैग मार्च के क्रम में लोगों से अपील की गई की वे प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिन कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं। वह शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हों इसका ख्याल रखें।

### अनुबंध आधारित नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा का आयोजित

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों पर डीएमएफटी मद से अनुबंध आधारित नियुक्ति कर स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के निमित कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए है इन्ही कड़ी में आज दिनांक 21.01.2024 को डीएमएफटी, हजारीबाग के अंतर्गत एएनएम/जीएमएन के नियुक्ति हेतु लिखित परीक्षा का आयोजन +2 जिला स्कूल, हजारीबाग एवं बालिका +2 उच्च विद्यालय, हजारीबाग में किया गया। उक्त परीक्षा में एएनएम के कुल 30 अनुबंध आधारित पदों हेतु 206 अभ्यर्थी एवं जीएनएम के कुल 52 अनुबंध आधारित पदों हेतु 126 अभ्यर्थी शामिल हुए। लिखित परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थियों का चयनोपरांत अभ्यर्थियों की सूची जारी की जाएगी। उन चयनित अभ्यर्थियों का पदस्थापन जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु किया जाएगा।

---

राधा गोविन्द विवि में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# इस तरह की पहल छात्रों के रोजगार क्षमता को बढ़ाता है : कुलाधिपति



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ झारखंड ने 20 जनवरी को अपने छात्रों के लिए शैक्षणिक और औद्योगिक ज्ञान के बीच के अंतर को समझने के विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार का आयोजन क्लिफ मीडिया द्वारा किया गया जो एक प्रतिष्ठित संगठन है यह कौशल विकास और कैरियर मार्गदर्शन सेवाएं प्रदान करता है। सेमिनार का उद्देश्य छात्रों को उद्योग में मौजूदा मांगों से अवगत कराना और उन्हें पूरा करने के लिए अपने कौशल और क्षमताओं को कैसे बढ़ाया जा सकता है इसकी जानकारी क्लिफ मीडिया के वक्ता ऋतिक मिश्रा,प्रणय सरावगी एवं विनीत कुमार ने डिजिटल मार्केटिंग, डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उद्यमिता और संचार कौशल जैसे विभिन्न विषयों पर अपनी अंतर्दृष्टि और अनुभव साझा किए।उन्होंने छात्रों से भी बातचीत की और उनके प्रश्नों और शंकाओं का उत्तर दिया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा इस तरह की पहल छात्रों के अच्छे भविष्य तैयार करने एवम उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा की हमे उम्मीद है की सभी विद्यार्थी इस सेमिनार से मिली सीख का उपयोग करेंगे और उन्हे अपने भविष्य के प्रयासों में लागू करेंगे। सेमिनार को सफल बनाने में प्लेसमेंट सेल कॉर्डिनेटर जसप्रीत सलूजा, सदस्य पिंकी सिंह, डॉ. बेंजामिन, डॉ. अवनिश कुमार, डॉ.मनमीत कौर, डॉ. अमरेश पांडे, एवम नीलकमल रहे। मौके पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सभी विधार्थियो को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

## ड्रोन से क्षेत्र की हो रही है निगरानी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर बरही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से हाई अलर्ट है. सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है. एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला से अतिरिक्त बल मंगाए गए है. देर संध्या एसडीओ पूनम कुजुर के नेतृत्व में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगो से शांतिपूर्ण कार्यक्रम करने का संदेश दिया गया. फ्लैग मार्च में बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदौर, सीओ रामनारायण खलखो, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहे. इसके अलावा दर्जनों की संख्या में पुलिस बल के जवान व पदाधिकारी शामिल थे। एसडीओ कुजुर ने बताया कि पुलिस बल की तैनाती भी की जा रही है. वहीं असामाजिक तत्वों, सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है.

---

## प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली गयी शोभायात्र

**संदीप पांडेय, टीटीझरिया**

अयोध्या में राम जन्मभूमि नवनिर्माण व भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव-गांव में शोभा यात्रा निकाली जा रही है. रविवार को टाटीझरिया प्रखंड के कोल्हु, झरपो, मुरूमातु, बडा डहरभंगा, लोधी व केसडा गांव में विधिवत पूजन के बाद भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई. इस दौरान महिलाओं, बच्चों, पुरुषों ने बढ़ चढ़ कर कलश शोभा यात्रा में हिस्सा लिया. हनुमान ध्वज लेकर भक्तो ने जमकर जय श्री राम के जय घोष किया।इस दौरान सम्पूर्ण गांव मुहल्ले का माहौल राममय हो गया. लोगों ने डीजे और केसियो के धुनों पर राम आएंगे आयेंगे राम आएंगे ,एक ही नारा एक ही राम जय श्री राम जय श्री राम नाच झूमते थिरकते देखे जा रहे थे. शांति पूर्ण तरीके से टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया रामलला महोत्सव टाटीझरिया पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था को बनाने के लिए अपने दल बल के साथ जुटे थे। मौके पर टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, झरपो मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबु प्रसाद सोनी, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, रविन्द्र यादव, कौलेश्वर मिश्रा, डॉ.दयाल प्रसाद,अनिल कुमार वर्णवाल, ज्योतिष पंडा, छोटन कुमार, संदीप पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, राजेन्द्र प्रसाद, रामलखन पांडेय, छक्कन पांडेय, बालेश्वर महतो, सरयु प्रसाद, कोडरमा लोक सभा सांसद प्रतिनिधि उमेश प्रसाद, सुरेश मिश्रा, बद्री भुइंया, मिथलेश प्रसाद,सुरेंद्र राणा, भोला राणा, पंकज मंडल, प्रकाश गंझु, जयप्रकाश ठाकुर, सुरेश गंझु, भोला शर्मा ,महेश प्रसाद, संतोष प्रसाद कुशवाहा, पंकज सोनी, योगेश प्रसाद, बबली प्रसाद, सन्नी राणा, अर्जुन राम, सुनील कुमार, मनीष कुमार समेत हजारों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल थे।

---

अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश को लेकर शोभायात्रा का आयोजन

# जय श्री राम के जयघोष से गूंजी चेचकपी



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के चेचकपी पंचायत में अयोध्या में हो रहे श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साहित श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश का शोभायात्रा चेचकपी स्थित राम मंदिर से निकाली गई। मंदिर से ग्रामीणों के द्वारा अक्षत कलश लेकर के चेचकपी के सभी मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर लारहो तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।वहीं महिला, पुरुष एवं नौजवान सैकड़ों की संख्या में अपने-अपने हाथों में भगवा झंडा लेकर उत्साहित होकर गाजे-बाजे के साथ धार्मिक गाने पर झुमते हुए एवं जय श्रीराम के नारा लगाते हुए पूरा गांव भ्रमण किया। साथ ही पुजित अक्षत व निमंत्रण घर घर वितरण किया गया।वहीं मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने सभी को मंदिरों एवं घर में दीप जलने की अपील की। कहा दीपावली पर्व की तरह रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा को उत्साह पूर्वक मनायें ।मौके पर मुखिया डेगलाल साव, रीता देवी, पूर्व उप प्रमुख रामलखन मेहता, पूर्व जिप सदस्य मीना देवी, शंकर साव, खेमलाल साव, चेतलाल साव, राजू साव, उपेंद्र प्रसाद, राजेश साव, ललित मेहता, बिरेंद्र मेहता, प्रकाश सिंह, दशरथ सिंह, किसून सिंह, गोविंद साव, प्रकाश साव, रविंद्र ठाकुर, प्रदीप मेहता,राजू साव, संजय मेहता समेत आदि ग्रामीण श्रद्धालु शामिल थे।

---

श्रीराम मंदिर उद्घाटन को लेकर केसरवानी समाज ने किया नगर भ्रमण

# धर्मशाला में आज विराजेंगे भगवान




**नवीन मेल संवाददाता। बरही** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के साथ बरही के केसरवानी धर्मशाला परिसर में जीर्णोद्धार किए गए श्री राम मंदिर का भी उद्घाटन सोमवार को ही होना है। जहां मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम अपनी भार्या माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण और पवनसुत्र हनुमान का विधिवत स्थापना किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर केसरवानी समाज की ओर से रविवार को रथ पर सवार कर भगवान की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया गया। इस बाबत पटना रोड केसरवानी धर्मशाला से गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया। जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल थे। जुलूस धनबाद रोड, हजारीबाग रोड, गया रोड होते हुए वापस धर्मशाला पहुंचा। इस दौरान जुलूस में शामिल धर्मालम्बी हाथो में भगवा ध्वज लेकर जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। रथ को आकर्षक तरीको से सजाया गया था जिस पर भगवान श्रीराम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण और वीर हनुमान की प्रतिमा विराजमान थे। समाज के लोगो ने बताया कि केसरवानी धर्मशाला स्थित जीर्ण शीर्ण मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है, जिसमे सोमवार को भगवान की प्रतिमा का विधिवत स्थापना किया जायेगा। जुलूस में प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, मुखिया सिकंदर राणा, पंसस जीतू ठाकुर,भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भगवान केसरी, जेएमएम के बिनोद विश्वकर्मा, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, मेवालाल केसरी, गुड्डु केसरी, रवि केसरी, मनोज केसरी आदि सहित कई लोग शामिल थे। जुलूस के साथ स्वयं इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ चल रहे थे। जिसकी निगरानी के लिए पूर्वाह्न ग्यारह बजे से एसडीओ, एसडीपीओ, बीडीओ और सीओ सहित प्रशासनिक पदाधिकारी दल बल के साथ बरही चौक पर जमे थे।

---

# 15 लाख ढक्कनों से बने राम दरबार पोर्टेट का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या नगरी में भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी बीच हजारीबाग जिले में भी विभिन्न कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। उन्हीं कार्यक्रमों में से एक गिरिडीह निवासी सुमित गुंजन एवं वसुधा कल्याण संस्था के संयुक्त तत्वावधान में प्रभु श्री राम एवं माता सीता राम दरबार का पोर्ट्रेट बनाया गया है। यह पोर्ट्रेट खराब बोतल के ढक्कन से बनाया गया है। करीब 15 लाख ढक्कन का इस्तेमाल किया गया है। 15 हजार वर्ग फीट में इसे तैयार किया गया है। इसे बनाने में 8 से 10 दिन का समय लगा है। यह पोट्रेट संत कोलंबस कॉलेज के सामने मैदान में बनाया गया है। जिसके उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार, समाजसेवी हर्ष अजमेरा, प्रदीप प्रसाद, डी.एल.ए.ओ निर्भय कुमार,रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित हुए सभी अतिथियों को आयोजक मंडली के द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया।

---

## न्यूज बॉक्स

### राकेश प्रसाद को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपाइयों ने किया स्वागत



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश कमेटी द्वारा घोषित टीम में राकेश प्रसाद को पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनके प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार के नेतृत्व में रविवार को शहर के चट्टी बाजार एवं बाजार टांड में उत्साह के साथ स्वागत किया गया। मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर, महेंद्र प्रजापति, जिलामंत्री संजीव कुमार बावला, मोहन पांडे, धनेश साहू, संजय अग्रवाल, नीतीश राम, शशि शेखर सिंह, नगर अध्यक्ष तरुण साहू, सुमित अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरकट्ठा थाना में शांति समिति की बैठक



**बरकट्ठा।** आज अयोध्या में होने वाली राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शांति समिति की बैठक बरकट्ठा थाना परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रोशमा डुंगडुंग व संचालन समाजसेवी दर्शन सोनी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अंचल अधिकारी श्रीकांत लाल मांझी, थाना प्रभारी गौतम कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद शामिल थे।इस निमित जनप्रतिनिधि और समाजसेवियों ने शांति व्यवस्था कायम करने को लेकर अपना अपना विचार दिया। वहीं पदाधिकारियों ने कहा की कोई भी ऐसा कार्य नहीं करें जो दिशा निर्देश के विरुद्ध हो। नहीं तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में समाजसेवी यमुना साव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, इंद्रदेव प्रसाद, झुरझुरी मुखिया सुमन कुमार, बेड़ोकला मुखिया प्रतिनिधि देवेंद्र पांडेय, कोनहारा खुर्द मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, उप प्रमुख प्रतिनिधि ऊतिम महतो, बसंत कुमार, दिनेश कुमार, राजकुमार सिंह, संजय कुमार, रविंद्र शर्मा समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शांति व्यवस्था को लेकर बरकट्ठा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**बरकट्ठा।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बरकट्ठा में भी विभिन्न मंदिरों में पूजा कार्यक्रम के मद्देनजर शांति और विधि व्यवस्था को चुस्त रखने के लिए स्थानीय प्रखंड प्रशासन और पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। मार्च थाना से लेकर बरकट्ठा बाजार होते हुए डाकडीह मोड़ तक किया गया। फ्लैग मार्च में सीओ श्रीकांत लाल मांझी, बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, थानाप्रभारी गौतम कुमार, एसआई अशोक कुमार समेत तीन दर्जन जवान शामिल थे।

### अयोध्या से आये पूजित अक्षत कलश को लेकर झुरझुरी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई



बरकट्ठा। झुरझुरी पंचायत में 22 जनवरी को अयोध्या में हो रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर उत्साहित श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का शोभायात्रा निकाली गई।वहीं शोभायात्रा झुरझुरी शिव मंदिर के प्रांगण से निकली गई। शिव मंदिर से ग्रामीणों के द्वारा अक्षत कलश लेकर झुरझुरी पंचायत के शिवमन्दिर से रामेश्वर टोला ,यादव टोला ,गंगटियाही गांव से होते हुए एनएच -2 गुंजरा मोड से वापस घंघरी,तरबेच्वा भुंईया टोला, महावर मोड़ से पुनः झुरझुरी शिव मंदिर तक शोभायात्रा शांतिपूर्वक निकाली गई ।शोभा यात्रा में झुरझुरी मुखिया प्रियंका कुमारी,पंचायत समिति सदस्य मंजू देवी,बिट्टू यादव ,कुंवर यादव,महेंद्र प्रसाद,मुकेश प्रसाद,भीम लाल प्रसाद पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ,सहदेव वार्ड सदस्य , सिकेंद्र प्रसाद,कुलदीप प्रसाद,अनुज कुमार,अमित कुमार सोनी ,दीपक कुमार,खगेंद्र प्रसाद,महेश यादव,राजू प्रसाद,मनोज प्रसाद,संतोष कुमार,मुन्नीलाल प्रसाद, जीतू कुमार ,प्रकाश प्रसाद,त्रिवेणी प्रसाद,छोटी लाल प्रसाद ,राजकुमार चौधरी ,रामेश्वर महतो,लालमोहन प्रसाद,राजेश कुमार,अरुण कुमार यादव,लोकनाथ प्रसाद, कृष्णा कुमार यादव,विजय दास,कुलदीप यादव,लखन यादव ,छोटन यादव ,छोटन प्रसाद,बिनोद प्रसाद,कुमार शर्मा समेत सैकड़ो की संख्या में अपने-अपने हाथों में भगवा झंडा लेकर गाजे बाजे के साथ धार्मिक गाने पर झूमते हुए एवं जय श्री राम के नारे लगाते हुए पूरा गांव भ्रमण किया। साथ ही पुजित अक्षत व निमंत्रण घर-घर वितरण किया गया।

### करसो के होटल में फांसी के फंदे पर लटका मिला होटल कर्मी का शव



**बरही।** देर संध्या शनिवार को एनएच 33 करसो में स्थित जय श्री राम होटल होटल कर्मी 20 वर्षीय युवक का फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला सामने आया है. इस संबंध में होटल संचालक या कर्मी कुछ भी बताने से परहेज कर रहे है. होटल मालिक मृतक की पहचान और नाम भी बताने से गुरेज कर रहे है. होटल कर्मियों के अनुसार मृतक को किसी गाड़ी वाले ने कुछ दिन वहले वहां लाकर छोड़ दिया था. तब से युवक उसी होटल में साफ सफाई और बर्तन आदि धोने का काम करता तथा खाता और रहता था. जानकारी होते ही एसआई महेंद्र बैठा और रवि कुमार दल बल के साथ होटल पहुंच कर घटना की जानकारी लिया. जहां मृतक का शव होटल के ही एक रूम में फांसी के फंदे से झूला मिला. जिसे अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया में भेज दिया. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह भी घटना स्थल पर पहुंच कर होटल संचालक से घटना की जानकारी लेने का काम किया. परंतु किसी ने भी युवक की सही पहचान नहीं बतायी. पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने से बताया कि शव को पोस्टमार्टम करवा कर शीतगृह में रखा गया है. युवक के परिजनों का पता लगाने पर उनका शव उन्हें सौंप दिया जाएगा.

---

**सतर्कता** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन चुस्त

# अफवाहों आपत्तिजनक टिप्पणी से बचें : बीडीओ





**नवीन मेल संवाददाता। बरही** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह चुस्त है. कार्यक्रम शांति और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां पूरी की जा चुकीं है. विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रखंड के 15 विभिन्न स्थलों पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है. उक्त जानकारी बीडीओ सी आर इंदीवार और सीओ आर एन खलखो ने विशेष बातचीत के क्रम में बताया. सीओ ने बताया कि इसके लिए सीआई सतीश कुमार व पुअनि महेंद्र बैठा को अफीम कोठी, जनसेवक सह प्रभारी बीएओ समीरकांत व सअनि शिनारायण प्रसाद को बरही चौक, पंचायत सचिव जितेंद्र कुमार साव व सअनि मो समसुद्दीन को धनबाद रोड स्थित जामा मस्जिद, रसोईया धमना चौक पर विरेंद्र कुमार गुप्ता जेई 15वीं वित्त व सअनि दयानंद सरस्वती, करियातपुर चौक पर धर्मेंद्र कुमार सिंह बीपीओ मनरेगा व पुअनि साधनचंद्र गोराई, धनबाद चौक पर राजेंद्र कुमार मिश्रा पंचायत सचिव व पुअनि रवि कुमार, गया रोड बरही में बीपीओ व पुअनि शिव कुमार राम, श्रीनगर चौक पर दीपक कुमार बीपीएम जेएसएलपीएस व सअनि संतोष कुमार, बरसोत चौक पर जनसेवक सह प्रभारी बीडब्ल्यूओ उपेंद्र कुमार दास व पुअनि लक्ष्मण बोबेंगा, चतरो में सुनील कुमार जेई मनरेगा व पुअनि राजू कुमार, दुलमहा चौक पर मो आसिफ अकरम जेई 15वीं वित्त व सानि पुअनि शैलेंद्र कुमार, गौरिया करमा में पंचायत सचिव खड़गधारी प्रसाद व सअनि मनोज कुमार आर्य, सार्वजनिक नया दुर्गा मंदिर स्थल पर अवधेश कुमार सिंह राजस्व उप निरीक्षक व पुअनि चंदन कुमार साव, बरही चौक सहित चारो रोड (गश्ती दल-1) के लिए रीतलाल रजक राजस्व उप निरीक्षक व पुअनि राधा कुमारी तथा एनएच -2 गश्ती के लिए त्रिलोकी रविदास व पुअनि अमित खाखा को प्रतिनियुक्त किया गया है. जो लगातार परिस्थितियों पर नजर रखेंगे और विधि व्यवस्था बनाने का काम करेगे. इसके साथ ही वरीय पदाधिकारियों का औचक निरीक्षण जारी रहेगा. पदाधिकारी द्वय ने लोगो से गाईडलाइन के अनुरूप शांति व सौहार्द वातावरण में पूजा पाठ या भजन कीर्तन करने की अपील किया. साथ ही किसी भी प्रकार के आपत्ति जनक टिप्पणी या अफवाहों से परहेज रखने की बात कही. कार्यक्रम के दौरान डीजे का उपयोग पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया है।

---

# रामोत्सव की तैयारी में विधायक ने झोंक दी अपनी पूरी ताकत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का जो इंतजार लोगों का था वह अंततः आ ही गया। सोमवार को 500 सालों के बाद टेंट से मंदिर में भगवान श्री राम पधारेंगे। इस अवसर पर इस ऐतिहासिक बनाने में सभी सनातनी जुटे हैं लेकिन हजारीबाग में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने पिछले करीब 20 दिनों से रामोत्सव की तैयारी में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। वे खुद आले सुबह से देर रात तक रामकाज में जुटे रहे। हजारीबाग के शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूम कर लोगों के बीच इस ऐतिहासिक दिन के महत्व को बताने और इसे दीपोत्सव एवं रामोत्सव के रूप में मनाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस कड़ी में जहां अयोध्या से आए अक्षत वितरण कार्यक्रम में शरीक हुए वहीं पीएम मोदी के आवाह्न पर मंदिरों में सफाई अभियान चलाया। विधायक मनीष जायसवाल ने एक अनोखी पहल की और क्षेत्र के भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं, विधायक प्रतिनिधियों और शुभचिंतकों के माध्यम से हजारीबाग के करीब 30 हजार घरों तक अयोध्या में निर्मित श्रीराम मंदिर और प्रभु श्री राम की तस्वीर युक्त आकर्षक कैलेंडर का वितरण कराया।

## एक नजर

### शिव मंदिर में विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा आज

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय परिसर में नव निर्मित शिव मंदिर में विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को भक्ति पूर्वक किया जायेगा। मालूम हो पूर्व में प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय बानो में 1964 में शिव मंदिर का मन्दिर का निर्माण किया गया था। वह मन्दिर काफी जीर्ण शीर्ण अवस्था हो गया था ।उस समय उस छोटे से मन्दिर में विभिन्न कार्यक्रम होते थे। मन्दिर की दयनीय स्थिति को देखकर प्रखण्ड कार्यालय के कर्मचारियों ने मिलकर भगवान शिव का नया मन्दिर बनवाया। आज मन्दिर बन कर तैयार है। जिसका आज प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसके लिये सुबह सात बजे कलश यात्रा व पूजन कार्यक्रम काकार्यक्रम का आयोजन किया गया है। दोपहर में भंडारा का आयोजन किया गया है ।कार्यक्रम को लेकर मन्दिर व आस पास के छेत्रो को फूल पत्ती से सजाया गया है ।कार्यक्रम बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह व बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक के देख रेख में हो रही है।

### जिला परिषद उपाध्यक्ष ने महिलाओं में बांटी साड़ी

**कुरडेग।** कसडेगा शिवमंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने श्रद्धालु महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण कर मंदिर में सहयोग राशि दी। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्षों बाद हमारे सपना सकार हो रहें हैं ।रामलला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के निमित हमें सभी को मिलकर खुशी मनानी है ।भक्ति भाव से भगवान राम का भजन करना है ।ताकि हम सभी पर भगवान राम कृपा करें ।उन्होंने खुशी से गांव की 20 असहाय महिलाओं को अपनी तरफ से साड़ी देकर सम्मानित की। महिलाओं ने जिप उपाध्यक्ष के प्रति आभार जताया।

### करंट लगने से बिजली मिस्त्री घायल

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमिया पंचायत अंतर्गत सलगापोस गांव में करंट लगने से बिजली मिस्त्री घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सलगापोस निवासी देवकरण प्रधान बिजली बनाने के लिए पोल पर चढ़ा था, तभी अचानक उन्हें बिजली का जोरदार झटका लगा। जिससे वह नीचे गिर गये। उनके चेहरे एवं माथे में गंभीर चोट लगी है। साथ ही छाती का एक हिस्सा एवं पेट करंट लगने से झुलस गया।

# रामोत्सव शुरू, निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर उमामहेश्वरमहावीर मंदिर में दो दिवसीय श्री रामोत्सव का आयोजन किया गया है ।इसके लिए रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव के नेतृत्व में खालीजोरा नदी से जल भरने के साथ शुरू हुई ,जो मुख्य सड़क होते हुए मंदिर पहूंची। जहाँ पुजारी सूरज बीसी के द्वारा विशेष पूजाकर श्रीरामोत्सव की शुरूआत की गई ।कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं ।इस दौरान क्षेत्र जय श्रीराम के जयकारे से गुंज उठा। पूजा समिति के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने बताया कि श्री रामोत्सव भव्य रूप से मनाया जा रहा है ।मंदिर परिसर में अखंड हरि कीर्तन जाप का आयोजन किया गया है,जो सोमवार सुबह 7 बजे समाप्त होने के बाद नगर भ्रमण किया जाएगा ।प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखने की व्यवस्था की गई है ।इसके बाद भंडारा का भी आयोजन किया गया है। मौके पर सुशील श्रीवास्तव, अनुज गुप्ता, मंटू जयसवाल, अशोक गुप्ता,जगदीश जयसवाल, केदार गुप्ता, श्रवण बड़ाईक थाना प्रभारी मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

# प्राण- प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर पुलिस अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के 94 पंचायत में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सभी जगह में 3000 से अधिक मठ मंदिर सरना आदि जगहों पर कार्यक्रम हो रहे हैं जिसको लेकर सिमडेगा पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। सिमडेगा डीसी एवं एसपी द्वारा संयुक्त रूप से आदेश जारी करते हुए चौक चौराहे सहित विभिन्न मंदिरों पर विशेष नजर रखी जा रही है ताकि किसी प्रकार की कोई भी सांप्रदायिक घटना ना घटे। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी पुलिस बल की प्रतिनिधि की गई है ताकि किसी प्रकार से समस्या उत्पन्न होने पर आसानी से निपटा जा सके। इसके अलावा सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाया गया है ताकि कोई भी परेशानी उत्पन्न हो इधर शहर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा अंचल अधिकारी, नगर परिषद की प्रशासक, थाना प्रभारी सहित सैकड़ो की संख्या में पुलिस बल की प्रतिनिधि की गई है ताकि विधि व्यवस्था में परेशानी उत्पन्न न हो।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन को लेकर भाजपा मंडल कोलेबिरा की बैठक आज



**कोलेबीरा:** रण बहादुर चौक पर मंडल अध्यक्ष भाजपा कोलेबिरा अशोक इंदवार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई ।राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भव्य बनाने को लेकर भाजपा मंडल कोलेबीरा की चाय पर विशेष चर्चा की गई ।सभी जगह पर कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर है ।सभी जगहों पर भजन,कीर्तन,वंदन किया जा रहा है ।लोग खुशियों से मस्ती से झूम रहे हैं ।इसी निमित्त भाजपा मंडल कोलेबिरा की ओर से भी कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने में संपूर्ण भागीदारी रहेगी ।बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा मंडल कोलेबिरा के तमाम कार्यकर्तागण अपने-अपने क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर संबंधित कमेटी की सहयोग करेंगे। नगर भ्रमण,कलश यात्रा,सांस्कृतिक कार्यक्रम भंडारा इत्यादि में,शारीरिक एवं आर्थिक मदद करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी-अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि चिंतांमनी कुमार पुर्व सांसद प्रतिनिधि कृष्णा दास महामंत्री रोहित कुमार साहू जिला मंत्री दिलेश्वर सिंह जनेश्वर बिरहोर अमरनाथ सिंह शंकर ठाकुर दिनेश दास उपस्थित हुए।

### अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पूर्व सिमडेगा शहर में विहिप ने शोभायात्रा व महाआरती का किया आयोजन

# भगवान राम जनजन के हैं, आज घर घर मनायें उत्सव : कौशल राज





### सनातनियों ने हाथो में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के जय घोष के साथ पूरे शहर का भ्रमण किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा के बैनर तले रविवार को सिमडेगा शहर में भव्य शोभायात्रा सह रामजानकी मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व सिमडेगा शहर के विभिन्न क्षेत्र जिसमें सलडेगा ,ठाकुरटोली,प्रिंस चौक,कुंज नगर,नीचे बाजार गुलजार गली,राम नगर, गोसाई टोली, सायपुर ,खिजरी खुटीटोली, पांडेटोली, नवाटोली, हरिपुर सहित सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सभी मोहल्ले से सैकड़ो की संख्या में मातृ शक्ति एवं बन्धु भाई सहित सभी सनातनियों ने हाथो में भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के जय घोष के साथ पूरे शहर का भ्रमण किया शोभायात्रा के दौरान भगवान राम लक्ष्मण सीता का राम दरबार की झांकी सलडेगा से शामिल हुई थी जो लोगो को मन मोहा। जिसके बाद राम जानकी मंदिर सिमडेगा पहुंची। जहां पर भगवान दरबार एवं ब्रह्मलीन बाबा श्री 1008 जयराम प्रपन्नाचार्य महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित एवं पूजन कर कार्यक्रम में तीन बार ओंकार ध्वनि के साथ शुरूआत की गई। इस मौके पर विहिप के अलावा सभी दुर्गा पूजा समिति, समन्वय समिति ,मंदिर समिति शामिल रहे। इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। वही मौके पर लहर सिंह के द्वारा श्री राम जन्मभूमि के संघर्षों भरा इतिहास एवं सभी शामिल योद्धाओं के बारे में जानकारी देते हुए सभी लोगों के अंदर उर्जा संचार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने सभी लोगों को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा की सर्वप्रथम शुभकामनाएं दी, जिसके बाद उन्होंने कहा मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जन जन के हैं जिन्होंने 14 वर्षों तक वनवास में रहकर आदर्श मूल्यों का पालन किया एवं अपने पिता के कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज में पिता पुत्र के एवं भाई-भाई के संबंधों पर लोगों के बीच घनिष्ठ बड़े इसकी सीख दी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार गिलहरी ने राम सेतु बनाने में अपनी सहयोग दिया इस प्रकार सभी लोगों को भविष्य में अपने सनातन सभ्यता और संस्कृति को बचाए रखने के लिए सहयोग करने का आवाहन किया। उन्होंने माता शबरी के जीवनी पर कहा कि जिस प्रकार माता शबरी ने भक्त और भगवान के बीच की घनिष्ठता को हमारे बीच दशार्या और उनके अंदर जो भाव थी इससे भगवान भी बंध गए। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में भगवान राम का प्रेम सदैव रहा है उन्होंने जनजातियों से प्रेम करना एवं प्रकृति के प्रति समर्पित रहने का भी भाव बताया है। उन्होंने सभी लोगों को प्रत्येक घरों में 22 जनवरी को दीप उत्सव एवं गांव के प्रत्येक मंदिरों में उत्सव मनाने को लेकर आवाहन किया उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद यह दिन आया है ऐसे में हम सभी को हरगांव अयोध्या और हर मंदिर राम मंदिर बने हर परिवार में राम स्थापित हो उनके आदर्श स्थापित हों ऐसा प्रयास करना है। वहीं जैन मुनि डॉक्टर पदमराज ने कहा की बड़ा पावन दिन है कि हम सभी भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर उत्सव मना रहे हैं हम सभी को भगवान राम के बताएं मार्ग पर चलना है उन्होंने माता कौशल्या और मां सीता के प्रसंग की जानकारी देते हुए कहा की मां कौशल्या ने जब सीता ने उपहार मांगे थे तब अपने जीवन के सबसे कीमती राम को उपहार स्वरूप दिया था और और आज 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम राम का भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होकर हम सभी को उपहार दिया जा रहा है। आने वाली पीढ़ी को हमारी सभ्यता संस्कृति को बचाए रखने के लिए आगे आना होगा। मौके पर कार्यक्रम सह सयोजक हनुमान बोंदिया के द्वारा भी संबोधित किया। इस मौके पर अयोध्या राम आंदोलन में शामिल होने वाले प्रबुद्ध जनों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं इसके बाद सामूहिक महा आरती का आयोजन किया गया इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया ।कार्यक्रम में कार्यक्रम में नारायण दास के द्वारा सनातन समाज को संगठित रहने को लेकर संकल्प कराया इसके बाद शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया ।इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा के अलावा सभी दुर्गा पूजा समिति सभी मंदिर समिति समन्वय समिति के अलावे गण्यमान्य प्रबुद्ध जन एवं समाजसेवी एवं सिमडेगा शहर के हजारों की संख्या में उपस्थित राम भक्तों की भूमिका रही।

### भाजपा प्रखंड अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्रों में दीप का किया वितरण



**कोलेबीरा।** प्रखंड क्षेत्र के नवा टोली,बगीचा टोली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कोलेबिरा अशोक इंदवार,मंडल उपाध्यक्ष दिनेश दास,यशवंत सिंह के द्वारा लोगों के बीच राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व आज दिया का वितरण किया गया। इस दरमियान अशोक इंदवार ग्रामीण क्षेत्र के घर घर पहुंचे, स्थानीय लोगों से उनका हाल-चाल जाना और लोगों के बीच दीप वितरण कर खुशियां बांटे ।उन्होंने कहा कि कल का दिन हमारे लिए दीपावली से भी बड़ा दिन है, कल हमारे प्रभु रामलला रामनगरी अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं और इस खुशी में हमें दीपोत्सव मनाना है ।हर घर,आंगन आज पड़ोस और मंदिर स्थल पर दीप प्रज्वलित करना है ।उन्होंने अपील की अपने-अपने क्षेत्रों के मंदिरों में होने वाले कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और पूरे धूमधाम के साथ राम उत्सव मनाएं।

### विधायक ने किया तेलेंगा खड़िया की मूर्ति का अनावरण

# तेलेंगा खड़िया की जीवनी से सभी लें सीख : कोंगाडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित मार्केट काम्प्लेक्स के पास रविवार को वीर शाहिद तेलेंगा खड़िया के मूर्ति का कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी के द्वारा अनावरण किया गया ।सर्वप्रथम पहान लिबनुस खड़िया, मोतीराम सेनापति , तिलखु खड़िया, अस्नान, नवीन महतो, जॉन बिलुंग के द्वारा विधिवत पूजन के पश्चात विधायक नमन विक्सल कोगाड़ी के द्वारा फीता काटकर मूर्ति का अनावरण किया गया ।मौके पर विधायक नमन विक्सल कोंगाडी ने सम्बोधित करते हए कहा तेलंगा खड़िया अपने समाज अपने भाषा संस्कृति जल जंगल जमीन की लड़ाई अंग्रेजों और जमींदारों के क्रूरता पूर्ण रवैया के खिलाफ लड़ी तेलंगा खड़िया 18सालों तक बेड़ी में जकड़कर जेल में रखा गया,18 साल बाद खड़िया से ये कहकर जेल से निकाला गया कि अंग्रेजों और जमींदारों के खिलाफ उलगुलान नहीं करोगे,तब जाकर जेल से तेलंगा खड़िया को निकाला गया, किन्तु उनके अनुनायी नहीं माने और पुनः उलगुलान बोल दिया। नतीजा उन्हें सरना विधि से पूजा करते समय पीठ में वार कर हत्या कर दिया गया। हमें उनके जीवनी से सीख लेनी है ।विधायक ने कहा कि आज वही अंग्रेजों की नीति तोड़ो फोड़ो और राज करो कि नीति भाजपा के सरकार द्वारा किए जा रहे हैं ।आज भाजपा आदिवासियों को एक साज़िश के तहत लड़ा कर आदिवासियत को समाप्त करने का नियत बना लिया है। इसके साथ अपनी पुरानी संस्कृति को बरकरार बनाए रखने के लिए नृत्य संगीत का आयोजन किया गया । जिसमें भारी संख्या में नृत्य मण्डली शामिल होकर कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं जिला पुस्तकालय का किया भ्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं जिला पुस्तकालय का भ्रमण किया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ठेठईटांगर पहुंच बच्चियों से मुलाकात की। उपायुक्त महोदय ने बच्चियों से संवाद करते हुए पठन-पाठन हेतु कई महत्वपूर्ण बातें बताई। उपायुक्त ने प्री बोर्ड परीक्षा में पुलिस विभाग से मिल रहे सहयोग से बच्चियों को अवगत कराया तथा पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह सहयोग किया जा रहा है इसके बारे में भी बच्चियों को विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा उपायुक्त ने स्कूल में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान बच्चियों ने उपायुक्त एवम पुलिस अधीक्षक को गर्मियों में पानी की समस्या, बेड की समस्या, खेल की सामग्री, खेलने हेतु मैदान सहित कई अन्य समस्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त ने सभी समस्याओं का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, ठेठईटांगर पंकज कुमार को आवश्यक निर्देश दिया ।पुलिस अधीक्षक ने भी बच्चियों से संवाद करते हुए पढ़ाई की महत्व एवं उद्देश्य को बताते हुए सभी को पठन-पाठन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने ने कहा कि पढ़ाई के प्रति अपने उद्देश्य को पहचाने और लगन के साथ पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा की फल का चिंता नहीं करना है, कि पास होंगे या फेल होंगे, सिर्फ आप सभी को अच्छे से मेहनत के साथ पढ़ाई करनी है। आप लगन के साथ पढ़ाई करेंगे तो अवश्य ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अंदर शिक्षकों से प्रश्न करने की ललक जागृत करें, जब तक आप प्रश्न नहीं पूछेंगे, अपनी विषय वस्तु को अच्छे से नहीं समझेंगे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने बच्चियों को पढ़ाई के क्षेत्र में सफलता पाने हेतु कई महत्वपूर्ण बातें बताई। जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा ने भी बच्चियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, ठेठई टांगर पंकज कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शुभकामना प्रसाद, विद्यालय के वार्डन, शिक्षिकाएं एवं अन्य उपस्थित थे।

### प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**सिमडेगा।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सिमडेगा पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। इधर रविवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। इधर बानो सर्किल तीनो थाना क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के साथ फ़्लैग मार्च निकाली गई ।प्रखण्ड प्रसाशन बानो द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये बानो में फ्लैग मार्च निकाला ।बीडीओ नईमउद्दीन अंसारी ने ग्रामीणों को कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी तरह की अफवाह को ध्यान न दे ।मौके पर जिला परिषद बिरजो कंडुलना, थाना प्रभारी रंजीत कुमार महतो उधर महाबुवाग थाना प्रभारी हेमकिशोर गुप्ता क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला ।वही कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा मुख्यालय एवं लचरागढ़ में फ़्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें प्रखण्ड प्रसाशन कोलेबिरा द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। मौके पर बीडीओ बीरेन्द्र किंडो, सीओ अनूप कच्छप एवं थाना प्रभारी अंशु कुमार झा मौजूद रहे ।इसके अलावा कुरडेग पुलिस ने पुलिस इंसपेक्टर रवि प्रकाश और थाना प्रभारी मनीष कुमार के संयुक्त नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला फ्लैग मार्च थाना परिषर से शुरू हुआ जो झिरकामुण्ड , प्रकाला , बस स्टैण्ड कुरडेग होते हुए थाना परिषर पहुंच कर संपन्न हुआ ।इसके अलावा ठेठईटांगर, बोलबा, केरसई,पाकरटांड मुफस्सिल थाना सहित सभी थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च आयोजन किया गया।

### महावीर मंदिर में अखंड हरिकीर्तन शुरू

**सिमडेगा।** आराध्य प्रभु श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व सिमडेगा में अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया। रामनवमी प्रबंधन समिति महावीर मंडल सिमडेगा के द्वारा रविवार को महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ आचार्य सतीश पाठक के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के पश्चात कराया गया। जिसके मुख्य यजमान अध्यक्ष प्रदीप शर्मा सपत्नीक पूजा में सम्मिलित हुए। पूजन के पश्चात विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा हरिकीर्तन किया जा रहा है। वहीं दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर महावीर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया है। इसके अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन को पहुंच रहे हैं। शहर के हृदयस्थली महावीर चौक स्थित महावीर मंदिर में तीन दिवसीय आयोजन को सफल बनाने में सभी पदाधिकारी व सदस्य पूरे उत्साह के साथ जुटे हुए हैं।

### भव्य शोभा यात्रा,राममय हुआ केरसई

**केरसई।** प्रभु श्रीराम जी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ घड़ी पर रविवार को केरसई विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकल गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी, सभी राम भक्त जय श्री राम जय सियाराम अयोध्या नगरी की जय जैसे जयकारा लगा रहे थे साथ ही केशरी के लाल,राम आएंगे जैसे भजन पर महिला रामभक्त थिरक रहे थे। शोभायात्रा में पुलिस प्रसाशन पूरी तरह मुस्तेद थी,शांतिपूर्ण शोभायात्रा के लिए थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने केरसई वासियों को बधाई दी है ।बताया गया आज केरसई के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे साथ ही 10 बजे से मंदिरों में भजन कृतन एवं एलईडवी द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा एवं महाआरती भंडारा भी होगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ने सभी नगरवासियों को सहयोग की अपील की है ।शोभायात्रा में विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद, दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष गौतम कुमार ,रवि गुप्ता ,प्रणव कुमार, शशि प्रसाद, जयंत प्रसाद ,अजय रोहित ,मनीष कुमार ,अमित प्रसाद, रविशंकर प्रसाद, पप्पू कुमार ,प्रभुदयाल प्रसाद, मनोज कुमार ,दुबराज प्रसाद सहित बड़ी संख्या में बच्चे महिलाएं एवं युवा मौजूद थे।

### लम्बोई मुखिया ने किया छह दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ

# शैलपुटी ने लम्बोई महुआ टोली को पराजित किया

**पंचायत मुखिया शिशिर डांग के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल पास देकर उद्घाटन किया गया**

**मैच लोम्बोई महुआटोली बनाम शैलपुटी की टीम के बीच खेला गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखंड के लम्बोई धनुर्जय सिंहदेव उच्च विद्यालय खेल मैदान में गणतंत्र दिवस को लेकर ब्रदर्स क्लब के तत्वावधान में छः दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का रविवार को उद्घाटन किया गया। पंचायत मुखिया शिशिर डांग के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉल पास देकर उद्घाटन किया गया। मुखिया शिशिर डांग ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा खेल को खेल की भावना से खेलें एवं आने वाले पिंढी में आदर्श स्थापित करें। उद्घाटन मैच हाकी टीम लोम्बोई महुआटोली बनाम शैलपुटी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें शैलपुटी की टीम 2-0 से लम्बोई महुआ टोली को पराजित किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय डांग ने बताया प्रतियोगिता में कुल 48 टीमें भाग लेगी, छः दिवसीय हॉकी खेल का समापन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को किया जाएगा, विजेता एवं उपविजेता टीम को बड़ा व छोटा खस्सी एवं सांत्वना पुरस्कार के रूप में नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। संजय डांग एवं प्रदीप किड़ो ने निर्णायक की भुमिका निभाया, मौके पर ग्राम प्रधान जुनास तोपनो, दिलीप तोपनो,जुसाफ लुगुन,संदीप तोपनो,प्रियंजन होरो, वार्ड सदस्य विनोद लुगून, पूर्व उपप्रमुख एसरांती तोपनो सहित काफी संख्या में खेल प्रेमी गण मौजूद थे।

### आदिवासी लोहरा समाज ने की बैठक

**सिमडेगा।** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को आदिवासी लोहरा समाज की बैठक अनुज कोदेश्वर राम की अध्यक्षता में की गई। बैठक में समाज को संगठित एवं एकता बनाए रखने की चर्चा की गई। साथ ही साथ पुराने जिला कार्यसमिति को भंग करते हुए पुनः आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई सिमडेगा का गठन किया गया। जिसमें वासुदेव तिर्की को आदिवासी लोहरा समाज जिला इकाई सिमडेगा का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष के रूप में आश्रित इंदवार,हीरा राम, सुमेश्वर लोहरा, राजेश इंद्वार, दिनेश बघवार, महामंत्री संतलाल लोहरा, कोषाध्यक्ष साधु लोहरा, संरक्षक अनुज कोदेशवर राम को बनाया गया। मौके पर मुनेश्वर तिर्की, संध्या देवी, जगेश्वर लोहरा, राजू लोहरा, उपस्थित रहे।

# लड़ाई राजनीतिक हो राम से नहीं

***अयोध्या*** में नये बने राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर भक्तों की तीन-चार तरह की प्रतिक्रियाएं दिखती हैं। एक संघ, भाजपा, वीएचपी की हिंदुत्ववादी 'प्रतिक्रिया' है, जिसके अनुसार, 22 जनवरी का समारोह हिंदुओं और साधु-संतों के पांच सौ बरस लंबे सांस्कृतिक, धर्मिक संघर्ष पर विजय का ऐतिहासिक अवसर है। यह हजारों रामभक्तों व कारसेवकों की कुबार्नी का सुफल है। प्रधानमंत्री मोदी को प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य कर्ता की तरह चुना गया है। इसकी कल्पना करके प्रधानमंत्री अपने को पूरी तरह 'भावविह्वल' बता चुके हैं। वह इस पल के लिए बहुत पहले से संकल्पित रहे हैं। स्वयं आडवाणी जैसे 'रामरथयात्री' ने प्रधानमंत्री को मंदिर के लिए प्रभु द्वारा 'निश्चित किया गया' 'द चोजन वन' कहा है। दूसरी ओर वे हैं, जो कभी 'प्रो राम' और 'प्रो मंदिर', कभी 'दुविधाग्रस्त' और कभी 'अवसरवादी' और कभी 'राम विरोधी' जैसे नजर आते रहे हैं और फिर भी 'असली रामभक्तों' से चिढ़कर अपने को 'असली रामभक्त' की तरह दिखाना चाहते हैं, ताकि रामभक्त उनसे नाराज न हो जाएं। इनका मानना है कि राम तो सबके हैं, लेकिन उनको ऐसे राजनीतिक समूह ने हथिया लिया है, जो राम को अपनी राजनीति का हथियार बनाकर चौबीस की वैतरणी पार करना चाहता है। लोगों को लग रहा है कि राम मंदिर पर वर्चस्व की इस लड़ाई में ऐसे तत्व संघ, भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी से लड़ते-लड़ते सीधे भगवान राम से ही लड़ गए दिखते हैं। ये समझ नहीं पा रहे कि भाजपा से लड़ना संभव है, लेकिन राम से लड़ना असंभव है। 'असली रामभक्तों' को आप लाख दिखावटी, कर्मकांडी, प्रदर्शनप्रिय, कम्यूनल, फासिस्ट कहें, वे ऐसे आरोपों के कारण अपने को 'रक्षात्मक' नहीं दिखाते, क्योंकि वे रामभक्त जनता की भावनाओं के साथ अपनी भावनात्मक तादात्म्यता पर अटूट व अखंड विश्वास रखते हैं। धर्मप्राण जनता का यह एक ऐसा प्रतिनिधित्व है, जो आधुनिक 'सामाजिक समझौते' सोशल कांट्रेक्ट से भी आगे जाता है। यह उस 'भावनात्मक एकता' का 'समुच्चय' है, जिसे 'भक्ति' कहा जाता है, जो मध्यकाल में एक विदेशी धर्म के आक्रमण की प्रतिक्रिया में पैदा हुई और जिसे 'सेक्यूलर इतिहासकारों' ने 'मध्यकालीन बोध' के नाम से 'फिक्स' किया, जिसे हम आज की पदावली में मध्यकालीन सहमति मेडिएवल कंसेंसस कह सकते हैं, जो एक विदेशी धर्म की सत्ता की कमान के नीचे बनी। हिंदी साहित्य के आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी की मानें, तो यह 'सहमति' या भक्ति विदेशी आक्रांताओं के आगे एक 'पराजित जाति का अंतमुर्खी' हो जाना थी, जो पांच सौ से अधिक बरस बाद अब आकर 'बहिमुर्खी' हो रही है। स्पष्ट है कि 'मध्यकालीन कंसेंसस' जा रहा है और 'नया कंसेंसस' बनाया जा रहा है। सारी आकुलता इसी विराट 'भाव प्रतिवर्तन' से हो रही है। उक्त दूसरी श्रेणी के भक्त इस 'भाव प्रतिवर्तन' से परेशान हैं, लेकिन उनके पास हिंदुत्व द्वारा हर रोज 'सीमेंटित' किए जा रहे इस 'प्रतिवर्तन' की कोई काट नहीं है।

> **प्रधानमंत्री मोदी को प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य कर्ता की तरह चुना गया है। इसकी कल्पना करके प्रधानमंत्री अपने को पूरी तरह 'भावविह्वल' बता चुके हैं। वह इस पल के लिए बहुत पहले से संकल्पित रहे हैं। स्वयं आडवाणी जैसे 'रामरथयात्री' ने प्रधानमंत्री को मंदिर के लिए प्रभु द्वारा 'निश्चित किया गया' 'द चोजन वन' कहा है। दूसरी ओर वे हैं, जो कभी 'प्रो राम' और 'प्रो मंदिर', कभी 'दुविधाग्रस्त' और कभी 'अवसरवादी' और कभी 'राम विरोधी' जैसे नजर आते रहे हैं और फिर भी 'असली रामभक्तों' से चिढ़कर अपने को 'असली रामभक्त' की तरह दिखाना चाहते हैं, ताकि रामभक्त उनसे नाराज न हो जाएं।**

इन दिनों

# गुरुकुल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में श्रीराम



सुरेश जैन

***श्रीराम*** मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है। उनकी शिक्षा गुरुकुल में होती है। बाबा तुलसी के शब्दों में गुरु गृह पढ़न गये रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। श्रीराम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। किन्तु वे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में जाते हैं। यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है। इस व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वे वहां दूसरे विद्यार्थियों की तरह ही रहते हैं। गुरुकुल के कार्यों में उसी तरह हाथ बंटाते हैं, जैसे दूसरे बटुक करते हैं। गुरुकुल में आम और खास के बीच कोई भेद नहीं है। गुरुकुल में परा और अपरा अर्थात लौकिक और अलौकिक दोनों तरह की ही शिक्षा ग्रहण की जाती है। परा विद्या में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा एवम धनुर्विद्या शामिल है। इससे उनकी समझ, अनुभव, विवेक, विचारशीलता और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार होती है। इसी तरह के पाठ्यक्रमों की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी की गई है। इसमें मुख्य विषय के अलावा आनुषांगिक विषयों को भी पढ़ाये जाने के लिए पाठ्यक्रम बनाये गये हैं। गुरुकुल में भी इसी तरह की व्यवस्था है। क्योंकि, राम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। इसलिए उनके मूल विषय के रूप में कूटनीति और धनुर्विद्या जैसे विषयों को पढ़ना अनिवार्य है। किन्तु इसके साथ ही निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष जैसे विषयों की भी शिक्षा दी जाती है। ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। गुरुकुल में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थी के लिए जितना महत्वपूर्ण उसका औपचारिक अध्ययन है, उतना ही महत्वपूर्ण अध्ययन के आसपास का परिवेश है। उस परिवेश के माध्यम से छात्रों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, समय प्रबंधन, सामाजिक सामंजस्य की कला और नेतृत्व के गुण जैसे व्यावहारिक ज्ञान, विद्यार्थी स्वयं ही आत्मसात कर लेता है। शिक्षा की पूर्णता में दोनों ही समान रूप से आवश्यक हैं। कौशल के राजकुमार राम



गुरुकुल में एक बटुक की तरह इन सभी गुणों को सीखते हैं। गुरुकुल में राम विद्या ग्रहण करने जाते हैं। विद्या और ज्ञान में अंतर है। सूचनाओं के संकलन मात्र से ज्ञान तो प्राप्त हा सकता है, किन्तु विद्या उससे अलग है। विद्या सोदेश्य होती है। यह व्यक्तित्व को गढ़ने का एक माध्यम होती है। विष्णु पुराण में कहा गया है- तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तए आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। अन्य सभी कर्म केवल निरर्थक क्रिया हैं, जबकि अन्य सभी अध्ययन केवल कारीगरी मात्र हैं। गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है। उसका उनके व्यक्तित्व पर गहरा असर पड़ा है। मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। मुक्ति का अर्थ ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। मुक्ति के मायने अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। श्रीराम के व्यक्तित्व पर इस विद्या का गहरा असर पड़ा है और यह उनके भावी जीवन में दृष्टिगोचर भी हुआ है। विद्या के बारे में कहा गया है- विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है। जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। नगरवासी और वनवासी उनके लिए एक जैसे हैं। सुग्रीव का भी स्वागत है और अपने विरोधी रावण के छोटे भाई को भी शरणागत किया जाता है। गुरुकुल में आत्मसात किये गये इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि आरंभिक शिक्षा मातृभाषा में हो, शिक्षा में भारतीय मूल्यों और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर हो।

> **सूचनाओं के संकलन मात्र से ज्ञान तो प्राप्त हा सकता है, किन्तु विद्या उससे अलग है। विद्या सोदेश्य होती है। यह व्यक्तित्व को गढ़ने का एक माध्यम होती है। विष्णु पुराण में कहा गया है- तत्कर्म यन्न बन्धाय सा विद्या या विमुक्तए आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। अन्य सभी कर्म केवल निरर्थक क्रिया हैं, जबकि अन्य सभी अध्ययन केवल कारीगरी मात्र हैं। गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है। उसका उनके व्यक्तित्व पर गहरा असर पड़ा है।**

शिक्षा समावेशी हो। एकांगी नहीं हो और विद्यार्थियों में कौशल का विकास हो। राम के गुरुकुल की शिक्षा प्रकृति के नैसर्गिक परिवेश में दी जाती है। बटुक स्वयं अपनी कुटीर का निर्माण करता है और कठिन परिस्थितियों में भी जीवन-यापन के गुर सीखता है। सीखने के लिए आसपास के प्रतीकों और बिंबों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे समझने में सुविधा हो और उसके आधार पर विद्यार्थियों में तथ्यों का विश्लेषण करके सार्थक निष्कर्षों तक पहुंचने की क्षमता हो। स्वतंत्र भारत में गठित विशेषज्ञ समितियों की एकमत राय रही है कि शिक्षा भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी इस पर काफी बल दिया गया है। श्रीराम के गुरुकुल में शिक्षा और संस्कार इस तरह से एकरूप हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। संस्कार, शिक्षा पर आधारित है और शिक्षा संस्कारो की आधारशिला है। इस माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारमय बनाकर उन्हें आदर्श मानव बनाना ही शिक्षा व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य है। राम के व्यक्तित्व के रोम-रोम में इसका प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। राम द्वारा गुरुकुल में प्राप्त की गई शिक्षा उन्हें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता देती है। अपने राज्य से दूर जहां पर उन्हें कोई जानने वाला नहीं है, वहां पर वे स्थानीय लोगों को एकजुट करते हैं और समुद्र पर सेतु निर्माण का जटिल कार्य संपन्न करते हैं। तत्पश्चात रावण जैसे शत्रु पर विजय प्राप्त करते हैं।

## आपकी बात

### कर्पूरी ठाकुर जी की याद दिला दी



देवेश कु. घोष

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के एक समाचार ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर जी की याद दिला दी। सुखद लगा। आगामी 24 जनवरी को जन नायक की शताब्दी जयंती है। नमन! अपने भाषणों में युवा वर्ग को 'मेरे जिगर के टुकडों !' कह कर बहुत तालियाँ बटोरते थे समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर। बिहार के मुख्यमंत्री बने तो मैट्रिक परीक्षा में अङ्ग्रेजी में पास करने की अनिवार्यता समाप्त कर दी थी। 'मैट्रिक पास विदाउट इंगलिश' एक नया डिविजन बन गया था। लोग इसे 'कर्पूरी डिविजन' भी कहते थे। एक बार बिहार विधान सभा में उनके सामने किसी बड़े अधिकारी ने अङ्ग्रेजी में लिखा कोई दस्तावेज पेश किया था तो यह कह कर लौटा दिया था कि 'काला अक्षर भैंस बराबर।' अङ्ग्रेजी बहुत अच्छी थी कर्पूरी जी की। साहित्यिक पुस्तकें पढ़ा करते थे। पटना के डाकबंगला चौराहे के पास एस पी वर्मा रोड पर सांसद एवं लेखक डॉ. शंकर दयाल सिंह जी की एक पुस्तक की दुकान थी, 'पारिजात' जिसमे कुछ भाषाओं की साहित्यिक पुस्तकें ही उपलब्ध थी। कर्पूरी जी वहाँ से पुस्तकें खरीद कर पढ़ा करते थे। कभी कभार डॉ शंकर दयाल सिंह 'पारिजात' में अपने छोटे से कक्ष में बैठते थे और संयोग बैठा तो उपयुक्त लोगों से साहित्यिक चर्चा कर लिया करते थे। मुख्यमंत्री पद पर रह चुकने के कई वर्षों बाद एक बार कर्पूरी ठाकुर जी ने 'पारिजात' से कोई अङ्ग्रेजी पुस्तक खरीदी तो शंकर दयाल जी ने पूछा, 'आप तो अङ्ग्रेजी विरोधी हैं, अङ्ग्रेजी की किताबें भी पढ़ते हैं?' मुस्कुरा कर कर्पूरी जी ने कहा था अङ्ग्रेजी उनकी प्रिय भाषाओं में से एक थी। **साहित्यप्रेमी स्व कर्पूरी ठाकुर जी को शतदल शोभित कमल अर्पित कर श्रद्धांजलि !**

### नश्वरता के प्रांगण में

**नश्वरता** के प्रांगण में
खेल पुरातन वैभव का
कल्ह तक जिसने दान किया
अंश मांगे जीवन का
पुरुषार्थ का धनी कभी था
कमजोर हुआ है , क्यूं कर अब
मृत्यु की छाया से डरकर!
देख कर जाते यौवन को
देख कर जाते वैभव को
ज्ञान उसे है, नश्वरता की
फिर भी भ्रमित हो ढूंढ़ रहा है
बचाने का कोई जुगत बताये
बिसर गये सब नीति- अनीति
पर हाय रे खेला जीवन का
नश्वरता के प्रांगण में

– नाग मणि

आध्यात्म

# राम नाम की गूंज से आध्यात्मिक आस्था बढ़ी



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तर पर पिछले 500 वर्षों से शायद ही ऐसा कभी कोई पल आया होगा जिसका आज भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनियां के करीब करीब हर देश में ऐसा अलौकिक उत्साह का माहौल प्रतीत हुआ है। आज भारत का शायद ही कोई नगर शहर ऐसा होगा जहां राम नाम का नगाड़ा ना बजा हो, प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से सराबोर होकर चारों तरफ श्री राम जय राम जय जय राम की भाव भक्ति से आराधना की जा रही है। बता दें ध्यान 20 और 21 जनवरी 2024 को दर्शन के लिए मंदिर परिसर में आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। 22 जनवरी से यह सब खुल जायेंगे। मैंने अपनी चावल नगरी गोंदिया में एक ग्राउंड रिपोर्टिंग कर 85 प्लस बुजुर्गों से बात की तो उन्होंने बताया हमने इन 85 वर्षों में कभी भी ऐसा माहौल नहीं देखा मेरा मानना है की पूरी दुनियां में ऐसा कोई भी क्षण नहीं आया होगा जितना उत्साह आज दुनियां में अधिकतम देशों में दिख रहा है। हर देश में मूल भारतीयों द्वारा जश्न मनाया जा रहा है। हमारी छोटी सी राइससिटी गोंदिया नगरी में भी पूरा नगर राम नाम के गूंज से सराबोर हो उठा है। चारों तरफ राम नाम के बैनर झंडा फूलों के हर गली चौराहे पर प्रभु श्री राम के स्वागत में गेट रंग-बिरंगे पोस्टर से लबालब दिख रहा है और प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से हर देशवासी का सीना गर्व से ऊंचा हो गया है, चूंकि पूरे देश में श्री राम जय राम जय जय राम की गूंज हो रही है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक स्तरपर दुनियां में अधिकतम देश राम नाम की गूंज से सराबोर हुए। साथियों बात अगर हम प्राण प्रतिष्ठा पर हर देशवासी के गौरवन्वित होने की करें तो, अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हर नागरिक गौरवान्वित है। इसके लिए कई साधु-संतों ने वर्षों से मौन व्रत रखकर तपस्या की तो कइयों ने अपने प्राणों की आहुति दी। मंदिर निर्माण और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर कोई अपना मौन व्रत खोलेगा तो कोई प्रभु श्रीराम का जयघोष करेगा। धर्म गुरु बोले कि यह दिन भारत और दुनिया भर के लिए ऐतिहासिक है।

> **चारों तरफ राम नाम के बैनर झंडा फूलों के हर गली चौराहे पर प्रभु श्री राम के स्वागत में गेट रंग-बिरंगे पोस्टर से लबालब दिख रहा है और प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा से हर देशवासी का सीना गर्व से ऊंचा हो गया है।**



बोधि वृक्ष

# कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य

इस पर्वत पर भगवान शिव की शिवशक्ति मूर्ति भी है। कैलाश और भगवन शिव की स्थिति पर अनेक काव्य रचे गये है, जिसमे माघ रचित शिशुपालवधम काव्य प्रमुख है, कैलाश के रहस्यों को लेकर हिन्दू धर्म के कई ग्रंथो में काफी कुछ लिखा गया है। माना जाता है, कि कभी कभी इस पर्वत पर 7 लाइट जलती है। इस पर वैज्ञानिको ने इसे अन्तरिक्षीय संपर्क को इसका प्रमुख कारण बताया है तथा शिवलिंग को प्रकृति रूपी स्वरूप बताया है, पर इसकी सच्चाई सामने नहीं आ सकी है।

**कैलाश पर्वत की यात्रा :** कैलाश पर्वत के लिए यात्रा करने के लिए कई लोग उत्सुक रहते है। इस पर्वत की यात्रा करना स्वर्ग में जाने के समान है पर अपनी सुरक्षा तथा खुद की आत्मनिर्भरता पर ही ये यात्रा करें। क्योकि इस यात्रा के दौरान अनेक बाधाओ का सामना करना पड़ता है। कैलाश पर्वत की यात्रा के लिए दो रास्ते है। जिसमे एक उतराखंड से होकर गुजरता है। जो कि बहुत दुर्गम रास्ता होने के कारण इस रास्ते से यात्री नहीं जाना चाहते है, तथा दूसरा रास्ता नेपाल से होकर गुजरता है। इस रास्ते से हवाई जहाज द्वारा जाना पड़ता है। कैलाश पर्वत की यात्रा के दौरान प्रतिव्यक्ति लगभग 2 लाख रुपये की आर्थिक जरुरत होगी। और इस यात्रा के दौरान आपको भारत से तिब्बत तक किसी हवाई वाहन की सहयता से जाना होगा और तिब्बत से आगे आप किसी भी सड़क वाहन की सहायता से जा सकते है। इस यात्रा के दौरान अपनी सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इस यात्रा में खुद पर नियंत्रण बनाये रखना आसान काम नहीं है। इस यात्रा में अनेक बाधाये आती है जिनका सामना कर पाना काफी मुश्किल होता है। इस पर्वत की यात्रा तिब्बत से शुरू हो जाती है। पर हमें इस यात्रा के दौरान पैदल चलना पड़ सकता है। (क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से

Kailash Sahu
5 h

भारत में मुखौटा कलाकारों का गढ़ है बागमुंडी ! ये जगह वेस्ट बंगाल के पुरुलिया जिले में स्थित है ! एक छोटा सा कस्बा है बागमुंडी ,यहां सैकड़ों की संख्या में मुखौटा कलाकार रहते हैं जो दिन भर रद्दी अखबारी कागज से तरह तरह के मुखौटा बनाते रहते हैं ! इन मुखौटा को ये लोग अपने दुकानों में रख कर बेचते हैं ! बागमुंडी के पास ही अयोध्या हिल एक पर्यटन स्थल भी है जहां प्रतिदिन बहुतायत में पर्यटक आते रहते हैं ! यहीं पर्यटक बागमुंडी में स्थित इन मुखौटा कलाकारों के दुकानों से अपने घरों के सजावट के लिए मुखौटा खरीद कर ले जाते हैं ! झारखंड वेस्ट बंगाल का प्रसिद्ध छऊ नृत्य के लिए भी मुखौटा यहां ही बनता है ! यहां से मुखौटा अब विदेश भी निर्यात किया जाता है !




Manoj Kapardar and 15 others · 2 comments
Like · Comment · Message

## X - से

Saryu Roy @roysaryu · 18h

आदित्यपुर,जमशेदपुर के युवा कलाकार विवेक मिश्र को बधाई. आज उन्होंने 18,500 वर्गफीट क्षेत्र में प्रभु राम की रंगोली बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया.रात में ड्रोन से लिया गया रंगोली और लक्ष्मीनारायण मंदिर की प्रकाश व्यवस्था का चित्र मनमोहक है.रंगोली का औपचारिक उद्घाटन कल 22 जनवरी को होगा.



11 · 43 · 265 · 3.8K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# अवध में श्रीराम विराजें- अंतिम भाग

## ।।।। संसार में शाश्वत श्रीराम की तलाश ।।।।



डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

***हमारी*** दृष्टि सही हो तो हमारी चिंतन में सृष्टि का सही स्वरूप सामने आता है। इच्छाओं के पीछे भागने के कारण और तीन अन्य पुरुषार्थ को अपने जीवन में गौण मानने के कारण हम अपने सच्चे लक्ष्य की खोज से भटक जाते हैं। जब यह कहा जाता है कि देवता का स्थान मनुष्य से ऊंचा है, तो इसके पीछे अपनी चेतना के आरोहण का की प्रेरणा होती है। जब हम अपनी चेतना के आरोहण को अपने जीवन के मुख्य लक्ष्य से हटा देते हैं, तो देवत्व की दिव्यता हमसे दूर हो जाती है। इस कारण इस अस्तित्व में ऊर्ध्व आरोहण को अपना केंद्रीय भाव बनाना चाहिए। संपूर्ण सृष्टि में छिपे रामतत्व की खोज के लिए हमें क्या करना चाहिए ? सबसे पहले इस भौतिक जगत में उन सभी अदृश्य एवं अरूप चीजों एवं तत्वों की खोज करनी होगी। जब हवाओं में सरसराहट हो, तब उसके स्वरूप का स्मरण करे। जब हम पेड़ की पत्तियों में नूतन हरापन दिखे, तो उसकी उपस्थिति को साक्षात दर्शन करे। राम की खोज केवल मंदिर, तीर्थयात्रा एवं अर्चना में नहीं जीवन के संघर्ष, दुख, आराम और यात्राओं में करें। जीवन में जड़त्व या ठहराव का नाम राम नहीं है, जहां गति है, जहां क्रियाशीलता है। वहीं राम है। जीवन सुंदर है। इसमें केवल सुख है। अगर यह सोच है तो हमसे राम दूर होते जाते हैं। राम हमारी मुखरता में नहीं, हमारे मौन में है। प्रत्येक रूप में खोजने के बदले जब हम जीवंतता में उनकी खोज करते हैं, तो वहां वे उपस्थित होते हैं। जहां दिव्यता है, वहां रामत्व है। जब हमारे अंदर में राम के गुण नहीं आयेंगे, तक उनकी विद्यमानता इस जगत में बाहर खोजना कठिन है। जब हम सीरियल या फिल्म में रामायण देखते हैं, तो प्रभु राम और माता सीता को परदे पर देखकर उसकी शाश्वत उपस्थिति अपने इर्द गिर्द महसूस करते हैं। हमें यह अनुभूति होती है कि हमारा समूचा जीवन ही रामायणकालीन जीवन में उपस्थित है। परदे पर घटनेवाली सारी घटनाएं हमारे अस्तित्व को प्रभावित करती है, लेकिन जैसे ही परदे पर प्रकाश की किरणें समाप्त होती है, हम अपने भौतिक अस्तित्व को संकुचित बना लेते हैं। इस जगत में श्रीराम बनने की संभावना सब में है। सभी व्यक्ति में जीवन के वैसे ही उतार-चढ़ाव आते है, लेकिन बहुत कम ही उन परिस्थिति एवं अपनी स्थिति को आगे बढ़ने का माध्यम बना पाते हैं।

> **जब हम अपनी चेतना के आरोहण को अपने जीवन के मुख्य लक्ष्य से हटा देते हैं, तो देवत्व की दिव्यता हमसे दूर हो जाती है। इस कारण इस अस्तित्व में ऊर्ध्व आरोहण को अपना केंद्रीय भाव बनाना चाहिए।**

## टेक वर्ल्ड

### मार्केट में आया दुनिया का सबसे छोटा पावर बैंक

**कीमत और उपलब्धता :** 10,000mAh बैटरी वाले अर्बन नैनो पावर बैंक की कीमत 1649 रुपये है। इस बीच दूसरा मॉडल जो 20,000mAh बैटरी यूनिट से लैस है। उसकी कीमत 2499 रुपये है। दोनों प्रोडक्ट अमेजन, क्रोमा और urban world.com पर मिल जायेगा। अर्बन का नैनो पावर बैंक ब्लैक, कैमो और पर्पल सहित कई रंग में मौजूद हैं। ये एक साल की रिप्लेसमेंट वारंटी के साथ आते हैं। दोनों मॉडल एंड्रॉयड और आईफोन, टैबलेट के साथ-साथ कम पावर वाले गैजेट जैसे इयरफोन, स्मार्टवॉच और अन्य को चार्ज कर सकते हैं। साथ ही कंपनी ने दावा किया है कि, 10 हजार एमएएच नैनो पावर बैंक को चार्ज होने में लगभग 3.5 घंटे लगते हैं, जबकि 20 हजार एमएएच वेरिएंट को चार्ज होने में लगभग 7 घंटे लगते हैं जो अन्य पावर बैंक की तुलना में आधा समय है।



**कई फीचर्स मौजूद :** 20,000mAh क्षमता वाला अर्बन नैनो पावर बैंक 22.5ह तक चार्जिंग स्पीड प्रदान करता है और इसमें ट्रिपल पोर्ट डिजाइन है जिसमें एक वरइ-अ और दो वरइ-उ पोर्ट शामिल हैं। इसके ट्रिपल पोर्ट डिजाइन का इस्तेमाल एक ही समय में कई प्रोडक्ट को चार्ज करने के लिए किया जा सकता है। ये पास-थ्रू चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है, जिससे यूजर्स पावर बैंक चार्ज होने के दौरान ही फोन चार्ज कर सकते हैं। (समाप्त)

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अगले आदेश तक लागू रहेगा धारा 144 : एसडीओ



**बरही ।** अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को देखते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी पूनम कुजूर के निर्देश पर रविवार प्रातः 6:00 बजे से अगले आदेश तक पूरे अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू किया जा चुका है. निषेधाज्ञा लागू होते ही अनुमंडल क्षेत्र में कई पाबंदियां जारी हो चुके है. जिसके तहत बिना अनुमति के शोभायात्रा, जुलूस, बैठक इत्यादि नहीं किया जा सकते हैं. जो सरकारी या वैवाहिक कार्यक्रम के लिए लागू नहीं होगा. इसके साथ ही रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पाबंदियां लगी रहेगी. कोई भी व्यक्ति अपने साथ घातक हथियार के साथ या चार से अधिक के समूह में नहीं चल सकते हैं. एसडीएम श्रीमती कुजूर ने बताया कि धारा 144 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के साथ कानूनी कारवाई की जायेगी. उन्होंने सबों से इसका अनुपालन करने तथा पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारियों से इसका अनुपालन करवाने का निर्देश दिया है.

### जेबीकेएसएस की बैठक में कमेटी का गठन

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की रविवार को मांडू प्रखंड अंतर्गत बोंगाबार में कमेटी गठन को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता बिहारी महतो एवम संचालन देवलाल महतो द्वारा किया गया। बैठक में केंद्रीय कमेटी के पदाधिकरी ,जिला संयोजक मंडली सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कोर कमेटी सदस्य व सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। मौके पर केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो ने कहा कि झारखंड के बने 23 साल हो गए लेकिन परिभाषित नहीं हो पाया है कि झारखंडी कौन हैं । कहा की झारखंड में भाषा का बैरियर होना जरूरी है । डोमिसाइल 02 के तहत जिसका कही पर नही है और यह यहां की भाषा संस्कृति को अपना लिया है। उसे सर्वे टीम के तहत डोमिसाइल 02 के तहत शामिल किया जा सकता है । जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है । बोंगाबर पंचायत कमेटी में संरक्षक पद हेतु देवलाल महतो, अध्यक्ष बिरेंद्र कुमार,उपाध्यक्ष भीम महतो, दिनेश महतो सचिव हीरालाल महतो सह सचिव अजय कुमार महतो, रोशन कुमार महतो, कोषाध्यक्ष अशोक महतो,संगठन सचिव पंचू करमली, लखेन्द्र महतो, सोरधन महतो, पंकज महतो को सर्वसम्मति से बनाया गया। सभी ने अपना दायित्व बखूबी से निभाने की बात कही।

### रामोत्सव से पूर्व हजारीबाग सदर विधायक ने सड़क पर लगाया झाड़ू, कहा

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं रामोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** रामोत्सव की तैयारी अंतिम चरण पर है। ऐसे में पिछले करीब एक पखवाड़े से अधिक समय से रामोत्सव की तैयारी में जुटे हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल गांव- कस्बों के साथ शहरी क्षेत्रों में लोगों के बीच पहुंचकर जागृति फैलाते नजर आए। उन्होंने पीएम मोदी के आवाह्न पर स्वच्छता तीर्थ अभियान से जुड़कर अहले सुबह अपने दैनिक दिनचर्या की शुरूआत करते हुए कई मंदिरों में सफाई अभियान चलाया। क्षेत्र में अक्षत वितरण और श्रीराम जी के तस्वीर युक्त आकर्षक हजारों कैलेंडर बांटे, लोगों से 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का अपील किया। सभी कार्यक्रमों के बीच विधायक मनीष जायसवाल ने अपने आवासीय मुहल्ले में विशेष आयोजन की तैयारी को लेकर स्थानीय मित्रों और पड़ोसियों संग बैठक की और रविवार की अहले सुबह विधायक मनीष जायसवाल अपने आवासीय परिसर के पड़ोसियों संग झंडू लेकर सड़क पर उतरे। पूरे सड़क का सफाई किया और सड़क को धोने का भी कार्य किया। इस स्वच्छता अभियान में विधायक मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से रवि गुप्ता, रिंकू वर्मा, बबलू गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, बंटी जैन, सोहन अग्रवाल, रूपेश, संजय अग्रवाल, नुनु, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य कई लोग शामिल हुए । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि 500 साल का सपना पूरा होने जा रहा है, रामलला अपने दरबार में पधार रहे हैं। रामलला के आगमन और श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हम सभी अंतर्मन से बेहद खुश और उत्साहित हैं और 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को रामोत्सव के रूप में मनाने को आतुर हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने मोहल्ले वासियों के साथ या निर्णय लिए हैं कि पूरे सड़क को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। दीपावली सा माहौल होगा और वातावरण राममय हो जाएगा।

### बाल तस्करी के रोकथाम को लेकर सेमिनार आयोजित

# बाल विवाह को लेकर चलाया जा है जागरूकता अभियान




गिरिडीह। बाल तस्करी को प्रभावी रूप से रोकथाम एवं पूनर्वास कार्यक्रम के तहत जागो फाउंडेशन, गिरिडीह द्वारा होटल मीर रेसीडेंसी गिरिडीह में मिडिया एडवोकेसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में गिरिडीह के विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में अपना विचार व्यक्त करते हुए जागो फाउंडेशन के सचिव श्री बैद्यनाथ ने कहा कि हमारी संस्था गिरिडीह जिले के छः प्रखंडों में बाल संरक्षण के तहत बाल विवाह, बाल मजदूरी, जेंडर एवं बाल तस्करी रोकथाम को लेकर जन जागरूकता चलाया जा रहा है। छः प्रखंडों में पीरटांड़ प्रखंड शामिल है। जहां पांच पंचायत क्रमशः तुईयो, बांध, मधुबन, चिरकी एवं कुम्हरलालो में टीडीएच फाउण्डेशन कोलकाता के आर्थिक सहयोग से इन मुद्दों पर काम किया जा रहा है। इन समस्याओं की सामाधान के लिए गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक विचारों के आदान-प्रदान एवं शिक्षण प्रशिक्षण के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है, साथ ही सरकार के कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दिया जा रहा है और इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

## न्यूज बॉक्स

### वन विभाग ने ढीबरा लदे एक ट्रक को किया जब्त



**गिरिडीह।** वन विभाग की टीम ने शनिवार की रात तिसरी से गिरिडीह जा रहे ढीबरा लदे एक ट्रक को जब्त किया है। इस दौरान ट्रक के चालक को भी गिरफ्तार किया गया है। जानकारी देते हुए गावां वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि तिसरी वन प्रक्षेत्र से ट्रक में ढिबरा का अवैध परिवहन गिरिडीह के लिए किए जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर कार्यवाई करते हुए उक्त ट्रक को मंडरो के समीप जब्त किया गया। इस दौरान ट्रक के चालक को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान ट्रक चालक द्वारा ट्रक में तिसरी निवासी सिकंदर का ढीबरा होने की बात सामने आई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जो भी लोग इस अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त होंगे, उन सभी के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कार्यवाई की जायेगी।

### 'नवकिरण' संस्था ने बच्चों के बीच बांटी पाठ्य सामग्री



**रांची।** स्वयं सेवी संस्था 'नवकिरण' के द्वारा रविवार को सिंहमोड़ के समीप राजकीय कृत विचालय मध्य विद्यालय कल्याणपुर रांची-02 में एक कार्यशाला आयोजित किया गया। वहीं इस दौरान संस्था द्वारा बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव डॉ0 विजय कुमार के द्वारा नई शिक्षा नीति-2020 पर विस्तृत चर्चा की गई तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष प्रकाश डाला गया। मौके पर संस्था के अध्यक्ष डॉ वी०डी० साहू, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार तथा अन्य सदस्यों ने भी अपना विचार रखा। इस सभा में मुख्य अतिथि अभियंता पूरण टोप्पो और विशिष्ट अतिथि दिनेश कच्छप उपस्थित थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सुधांशु रंजन प्रमाणिक के द्वारा की गई। सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ दिलीप कुमार के द्वारा किया गया।

### सीओ ने खुशी कुमारी को किया आर्थिक सहयोग

# समाजसेवी डॉ सलीम ने भी किया पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** बिरनी प्रखण्ड के बंगराकला पंचायत अंतर्गत मनिहारी गांव में रविवार को सीओ सारांश जैन, जिप प्रतिनिधि सह समाजसेवी सह बगोदर विस प्रत्याशी डॉ सलीम अंसारी पीड़िता खुशी कुमारी के घर जाकर मिले। डॉ सलीम ने खुशी कुमारी को गोद में लेकर टॉफी देते हुए लाड़-प्यार किया तथा खुशी के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग किया। सीओ सारांश जैन ने भी खुशी कुमारी को पच्चीस हजार रुपये देकर परिजनों की मदद की। इस दौरान बीडीओ सुनील वर्मा, जिप प्रतिनिधि राजू अंसारी, मकसूद आलम, तुलसी यादव एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे । जानकारी के अनुसार बता दें कि खुशी कुमारी अप्रैल 2020 में अपने पिता दिनेश पासवान के साथ बाइक में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई थी, जिसमें दिनेश पासवान की मौत हो गई है। वहीं बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई थी, घायल खुशी के माथे में गम्भीर चोट होने के कारण उसके माथे (स्कील) की हड्डी टूट गई है। डॉ सलीम ने खुशी कुमारी के ईलाज के लिऐ अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी से भी सहयोग कि अपील की है।

### आश्वासन के बाद सातवें दिन कांग्रेस नेता का धरना समाप्त

# जिला कृषि पदाधिकारी ने बनाई 10 सदस्यीय जांच कमिटी



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** जमुआ प्रखण्ड कांग्रेस द्वारा बीते 15 जनवरी से भ्रष्टाचार के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना जांच कर कार्रवाई के लिखित आश्वासन के बाद सातवें दिन धरना समाप्त हो गया। जिला कृषि पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने लिखित आश्वासन दिया। मामले की जांच को लेकर 10 सदस्यीय टीम बनाया गया है। जिसमें प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष महशर इमाम, जमुआ प्रमुख प्रतिनिधि संजीत कुमार, समाजसेवी सह पत्रकार बिजय कुमार चौरसिया, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चीना खान शामिल हैं। कांग्रेस की मांगों में बीज घोटाला व पशु शेड की जांच कर उचित कार्रवाई शामिल है। जिसे जमुआ बीडीओ ने भी जांच कर कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया है। धरना में राज्य कांग्रेस कमिटी सदस्य अजय कुमार सिन्हा, उपेंद्र सिंह एवं जिला कांग्रेस चेयरमेन पोरेश नाथ मित्रा उपस्थित थे। बता दें विभिन्न मांगों को लेकर जमुआ कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष महशर इमाम बीते 15 जनवरी से प्रखण्ड मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना पर थे । जिला कांग्रेस के सभी प्रखण्ड अध्यक्ष ने धरना में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। धरना के समर्थन में जमुआ के विभिन्न दलों झामुमो, भाकपा माले, आम आदमी पार्टी सहित कई समाज सेवियों ने अपना समर्थन दिया था। धरना में कांग्रेस के सच्चिदानंद सिंह, झामुमो से चीना खान, भाकपा माले से असगर अली, मो आजमी आलम, अशोक पासवान, उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत कुमार, हिरामन राम, उमा साव, महेंद्र तुरी, लक्ष्मी साहू,कैलाश राय सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### कुडियामो में राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा



गिरिडीह। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर रविवार को तिसरी प्रखंड के कुडियामो में ग्रामीणों द्वारा शोभा यात्रा व झांकी निकाली गई। जिसमें प्रभु श्री राम, भगवान लक्ष्मण और माता सीता का प्रतीकात्मक स्वरूप तैयार किया गया था। शोभा यात्रा में गाजे - बाजे के साथ सैकड़ों महिला - युवतियों व पुरुषों ने हाथों में तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए कुड़ियामों से गम्हरियाटांड होते हुए तिसरी मुख्यालय पहुंचे। तिसरी मुख्यालय का भ्रमण कर उसी रास्ते कुडियामों वापस आकर यह यात्रा समाप्त हुई। इस दौरान भक्ति गीतों के धुन पर रामभक्त झूमते नजर आए। जिससे पुरे मुख्यालय का वातावरण राममय हो गया। मौके पर प्रकाश पासवान, हरीश साह, चंदन पासवान, संजय पासवान आदि मौजूद थे।

# जन कारवां मोबाइल थिएटर टीम का मुखिया ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** 'बाल मित्र ग्राम' कार्यक्रम के माध्यम से विगत 2 दशक से गिरिडीह जिले से बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार के खात्मे, सभी बच्चों का विद्यालयों में दाखिला व ठहराव सुनिश्चित करने,सरकार की कल्याणकारी नीतियों के प्रचार -प्रसार और उससे ग्रामीणों को जोड़ने व बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (डरउऋ), जिला प्रशासन व राज्य सरकार के सहयोगी के रूप में कार्य कर रहा है। इसी दिशा में प्रखण्ड तिसरी में 18 जनवरी को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया गया था। जिसके चौथे दिन मोबाइल थिएटर टीम के माध्यम मनसाडीह, दुलियाकरम, बेलवाना एवम तिसरी बाजार में जन जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसके तहत मोबाइल थिएटर की टीम बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल दुर्व्यवहार जैसी अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। बेलवाना पंचायत उपमुखिया बुधन मरांडी ने कहा कि हमारे क्षेत्र में बाल मजदूरी, बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रंस फाउंडेशन की सक्रियता से इनकी संख्या में कमी आई है। आज इस मोबाइल थियेटर वैन के माध्यम से हमारे क्षेत्र में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है।

### प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया क्षेत्रों का निरीक्षण

**रामगढ़।** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर रामगढ़ जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर रविवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक, झंडा चौक, मेन रोड आदि में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही उपायुक्त ने संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को अपने-अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं किसी प्रकार की कोई भी आकस्मिक सूचना प्राप्त होने पर त्वरित इसकी जानकारी जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तिसरी पुलिस भी मुस्तैद

# विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** 22 जनवरी यानी सोमवार को अयोध्या में निर्मित भव्य श्री राम मंदिर में प्रभु राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में हर्ष व उत्साह का माहौल है। अयोध्या से आए पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र का देश के हर एक कोने में वितरण किया गया है। इसको लेकर कई जगहों पर सनातनीयों द्वारा झांकियां, जुलूस व शोभायात्रा भी निकाले गए। वहीं इन सब के बीच विधि-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में रविवार की शाम तिसरी प्रखंड मुख्यालय में तिसरी पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। पुलिस इंस्पेक्टर वीरेंद्र टोप्पो और थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने पुलिस जवानों के साथ तिसरी चौक से हनुमान मंदिर तक मार्च कर मुआयना किया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर वीरेंद्र टोप्पो ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में कल के कार्यक्रम को संपन्न करें। विधि - व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने कहा कि और सामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। शांति भंग करने का प्रयास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर एएसआई संजय टुडू समेत पुलिस जवान मौजूद थे।

### प्रभु श्री रामजी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं ने निकाला जुलूस



**गिरिडीह।** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या की पावन धरती पर प्रभु श्री राम जी के आगमन के अवसर पर भव्य रूप से नवनिर्मित श्री राम मंदिर के उद्घघाटन एवं प्रभु श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के क्रम में आज नगर निगम के शिवपुरी स्थित श्री श्री 108 महेश्वर नाथ मंदिर परिसर में शिवपुरी पूजा समिति गिरीडीह द्वारा आयोजित श्री राम कथा संपन्न हुआ उक्त अवसर पर सेवानिवृत्ति इंजीनियर विनय कुमार सिंह प्रदेश प्रवक्ता ओबीसी मोर्चा भाजपा,सह एकल अभियान के कार्यकारी अध्यक्ष उत्तर समभांग झारखंड के द्वारा बताया गया की कार्यक्रम में कथावाचक एकल अभियान गिरीडीह के श्रीमती प्रतिभा कुमारी की अगुवाई में उनके टीम ममता कुमारी, सुनीता कुमारी द्वारा राम कथा ,आरगेन के भुवनेश्वर की टीम द्वारा सुना कर सभी श्रद्धालु भक्तों को उत्साहित करते हुए पूरे माहौल को राममय में कर दिए, श्री सिंह के द्वारा बताया गया। उक्त अवसर पर समिति के मोनु पांडे,समीर चौधरी, सुमन कुमार , संजीत सिंह,आशीष कुमार, कुन्दन सिंह राजपूत, कुमार गौरव,संजय वर्णवाल,अनुप वर्णवाल,अजय वर्णवाल, बासुदेव चन्द्रवंशी, योगेश्वर महथा,राजेश सिन्हा, उमेश मथुर, उमाशंकर चरण पहाड़ी,कुनाल सिह सहित काफी संख्या मे माताये, बहने एवं श्रद्धालु भक्त विनय कुमार सिंह, प्रदेश प्रवक्ता,ओ बी,सी मोर्चा , भाजपा समेत हजारों श्रद्धालु शामिल थे।

### ऑटो चालक से पिस्टल दिखा लूटपाट करनेवाला गोधर का युवक गिरफ्तार

**पुटकी / धनबाद।** बैंक मोड़ कर्बला रोड निवासी ऑटो चालक से सड़क पर लूटपाट करनेवाले गिरोह का एक सदस्य गोधर काली बस्ती से पुलिस के हत्थे चढ़ गया। केंदुआडीह इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह और उनकी टीम ने घटना के चंद घंटों के अंदर आरोपी को दबोच लिया। गिरोह के अन्य तीन साथियों की तलाश चल रही है। केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 18 जनवरी की रात 12 बजे बैंक मोड़ कर्बला रोड में रहने वाले विवेक कुमार गोधर स्थित मछली गोदाम से मछली लाद कर गिरिडीह जा रहे थे। गोदाम से थोड़ी दूरी पर सड़क पर पत्थर लगाकर ऑटो को रोक दिया गया। ऑटो के रुकते ही चार लड़कों ने धावा बोल दिया। विवेक को रोक कर पिस्टल के दम पर 31 सौ रुपए और एक मोबाइल लूट लिया। 19 जनवरी की सुबह विवेक ने मामले की लिखित शिकायत केंदुआडीह थाने में की। रघुनाथ मिंज और आरक्षी पंकज कुमार की टीम ने दबिश देकर गोधर काली बस्ती से आरोपी साजन कुमार को पकड़ लिया।

## चेतावनी बिरनी में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, पुलिस की पैनी नजर

# माहौल बिगड़ने वाले को बख्शा नहीं जाएगा : थाना



गिरीडीह। बिरनी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार को अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा होने वाले उद्घाटन समारोह के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखा जा रहा है। इतना ही नहीं रविवार को बिरनी के विभिन्न क्षेत्रों में शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाला गया।इस शोभायात्रा में छोटे-बड़े बुजुर्ग समेत महिलाएं भी शामिल थे,जबकी शोभायात्रा में भगवा रंग में सभी लोग नजर आये। साथ मे सभी के हाथों में भगवा ध्वज लेकर शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें चिताखारो, गारागुरू, पेशम, जमडाला समेत अन्य ग्रामीणों क्षेत्रों में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं शामिल हुए।

22 जनवरी को होने वाले रामलाला प्राण प्रतिष्ठा उद्घाटन समारोह के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह देखा जा रहा है।इसी को लेकर बिरनी पुलिस ने भी अपनी कमर कस ली है। इस प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बिरनी थाना परिसर में शांति व्यवस्था रखने के लिए बीते दिनों भी जनप्रतिनिधियों समेत दोनों समुदाय का के लोग के बीच बैठक रखी गई थी। जिसमें बिरनी पुलीस ने कड़ी निर्देश देते हुए कहा कि किसी समुदाय का भी त्यौहार हो अपने त्यौहार शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनावे ताकि किस दूसरे समुदाय के लोगों कर ठेस ना पहुंचे और त्योहार संपन्न हो। बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि बिरनी में शांति और स्वादपूर्ण तरीके से श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हुए प्रशासन की मदद करेंगे।

**आज मंदिरों में किया जायेगा पूजा अर्चना :** राम लाल प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी मंदिरों को साफ सफाई करते हेतु रंग रोगन किया गया। इसके बाद 22 जनवरी को लेकर सभी मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। सोमवार को मंदिरों में पूजा अर्चना किया जाएगा।

इधर बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन्त कुशवाहा ने जानकारी देते हुए कहा कि 22 जनवरी को बिरनी के किसी भी क्षेत्र में कोई भी अगर माहौल बिगड़ने का कोशिश किया या किसी भी तरह का हुड़दंगी मचाने का प्रयास किया तो उसे बक्सा नहीं जाएगा उसे तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।। इसके लिए पुलिस समय-समय पर क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है रात दिन इसके लिए पुलिस महौल ना बिगड़े और शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न हो।। इसके लिए दिन-रात पुलिस अपने ईमानदारी पूर्वक कार्य कर रहे हैं।

### एसपी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च, शांतिपूर्ण माहौल में रामलला का उत्सव मनाने की अपील

**गिरीडीह।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान किसी प्रकार से शहर में शांति व्यवस्था नहीं बिगड़े इसे लेकर जिला के एसपी गंभीर हैं. सुरक्षा के मद्देनजर शनिवार की शाम एसपी दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के पूर्व एसपी ने बड़ा चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे और माथा टेका. फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ जवानों ने शहर के बड़ा चौक, मुस्लिम बाजार, शिव मुहल्ला, मौलाना आजाद चौक, कालीबाड़ी, मकतपुर, टावर चौक समेत शहर के प्रमुख चौक चौराहों का पैदल मार्च किया। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गिरीडीह में आयोजित कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया। फ्लैग मार्च के बाद एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के दौरान शांति भंग नहीं हो इसे लेकर सारी तैयारी की जा चुकी है। पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। हर चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है. संवेदनशील इलाकों में पुलिस फोर्स को अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है। एसपी ने कहा कि पूर्व में विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि के साथ आयोजित शांति समिति की बैठक में आवश्यक निर्देश दिया गया है।



# बेन फॉक्स को भारत के खिलाफ टेस्ट में इंग्लैंड का विकेटकीपर होना चाहिए : टेलर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज बॉब टेलर ने कहा कि भारत के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में बेन फॉक्स को टीम का विकेटकीपर होना चाहिए। इंग्लैंड ने 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाले भारत के टेस्ट दौरे के लिए फॉक्स और जॉनी बेयरस्टो को अपने विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में चुना है।

हालाँकि बेयरस्टो ने एशेज में इंग्लैंड के लिए विकेटकीपिंग की लेकिन पैर की गंभीर चोट से वापस आने के बाद उन्होंने श्रृंखला में कैच छोड़े। दूसरी ओर फॉक्स को एशेज के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन वह भारत दौरे के लिए वापसी करने में कामयाब रहे। जहां उन्होंने 2021 की यात्रा में असाधारण विकेटकीपिंग कौशल का प्रदर्शन किया।

मैं वहां गॉल में देख रहा था जब बेन फोक्स ने पदार्पण मैच में शतक बनाया था। मैं उनके साथ कायम रहता लेकिन अगली बात जो आप जानते हैं, वह यह कि उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया। पिछली गर्मियों में मैंने जो एक चीज नोटिस की थी वह यह थी कि जॉनी बेयरस्टो फिट नहीं थे।

टेलर ने द टेलीग्राफ से कहा उन्हें गंभीर चोट लगी थी और वापस आने पर उनका वजन थोड़ा बढ़ गया था और इससे आपकी एकाग्रता पर असर पड़ सकता है। मैं बेन के साथ भारत जाऊंगा जहां आप पूरा दिन गर्मी और उमस में रहते हैं।



टेलर ने 1971 से 1984 तक इंग्लैंड के लिए 57 टेस्ट खेले और कहा कि मैचों में विकेटकीपिंग के दौरान गलतियों के कारण उनकी नींद उड़ जाती थी। यह कहने का मतलब यह नहीं है कि मैं अपनी बल्लेबाजी में प्रयास नहीं कर रहा था और मैं कोई बहाना नहीं बना रहा हूं, लेकिन डबीर्शायर या इंग्लैंड में किसी ने भी मुझे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया।

मैं अपनी बल्लेबाजी को लेकर कभी भी नींद नहीं खोता था। लेकिन अगर मैं स्टंपिंग चूक जाता था या कैच छोड़ देता था तो मेरी नींद उड़ जाती थी क्योंकि वह मेरा काम था। मुझे लगता है कि आज यह एक अलग कहानी होगी लेकिन यह अभी भी होता है। बेन फॉक्स, जेम्स फोस्टर, क्रिस रीड और जैक रसेल सभी को चुना गया, हटाया गया, चुना गया और हटा दिया गया। मुझे लगता है कि यह गलत है।

टेलर ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक विकेटकीपर के लिए एकाग्रता एक महत्वपूर्ण तत्व है। जब मैं बच्चों को विकेटकीपिंग का प्रशिक्षण देता हूं तो मैं युवा लड़कों से कहता हूं, भूल जाओ कि तुम टीवी पर कीपरों को चिल्लाते और आगे बढ़ते हुए क्या देखते हो।

आपको ध्यान केंद्रित करना होगा। अपने लड़कों को उत्साहित करना ठीक है, लेकिन मैंने कहा कि यदि आप विपक्ष से बातचीत करने या इस सब काम में बहुत व्यस्त हैं, तो आप ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे हैं और आप अपनी टीम को निराश करेंगे।

## हॉकी5एस महिला विश्व कप के लिए भारतीय महिला टीम रवाना



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय महिला टीम एफआईएच हॉकी5एस महिला विश्व कप 2024 के उद्घाटन की यात्रा पर निकल पड़ी है। यह फील्ड हॉकी का नया छोटा संस्करण है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय महासंघ को खेल में नई प्रतिभाओं को आकर्षित करने की उम्मीद है।

टीम ने इस नए प्रारूप में शीर्ष आयोजन में अपनी किस्मत आजमाने के लिए रविवार सुबह बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (केआईए) से मस्कट, ओमान तक अपनी यात्रा शुरू की। भारतीय महिला हॉकी5एस टीम जिसने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए स्थान पक्का करने के लिए 2023 महिला एशियाई हॉकी5एस विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में थाईलैंड को 7-2 से आसानी से हराया, को संयुक्त राज्य अमेरिका, पोलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में शामिल किया गया है।

पूल ए में नीदरलैंड, मलेशिया, फिजी और ओमान शामिल हैं। पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया शामिल हैं, जबकि पूल डी में न्यूजीलैंड, उरुग्वे, थाईलैंड और पैराग्वे हैं। भारत अपना पहला मैच 24 जनवरी को दोपहर में पोलैंड के खिलाफ खेलेगा और उसके बाद उसी दिन रात में अमेरिका के खिलाफ भिड़ेगी। वे अपना अंतिम ग्रुप मैच 25 जनवरी को 2:30 बजे पर नामीबिया के खिलाफ खेलेंगे। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें 26 जनवरी को होने वाले क्वार्टर फाइनल में खेलेंगी। उसी दिन सेमीफाइनल खेले जाएंगे जबकि फाइनल 27 जनवरी को खेला जायेगा।

# भारत दौरे के लिए इंग्लैंड टीम में हैरी ब्रूक की जगह डैन लॉरेंस शामिल

**एजेंसी। अबू धाबी**

25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाले भारत दौरे के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम में हैरी ब्रूक के स्थान पर डैन लॉरेंस को शामिल किया गया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के पहले के एक बयान में कहा गया था कि ब्रूक निजी कारणों से इंग्लैंड के पूरे भारत दौरे में शामिल नहीं होंगे।

इंग्लैंड क्रिकेट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा डैन लॉरेंस अगले 24 घंटों में इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम में शामिल होंगे।

ब्रूक की तरह ही 26 वर्षीय लॉरेंस मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और उन्होंने अब तक 11 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें 29 की औसत से 551 रन बनाए हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल हैं।





उन्होंने अपनी ऑफ स्पिन से तीन विकेट भी हासिल किए हैं। लॉरेंस ने 2021 में इंग्लैंड के भारत दौरे के दौरान तीन पारियों में 149 रन बनाए और उनका औसत 24.83 रहा। उन्हें अहमदाबाद में भारत 'ए' के खिलाफ चल रही इंग्लैंड लायंस की सीरीज में शामिल नहीं किया गया।

इसके बजाय वह ऑस्ट्रेलिया के बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेले और वर्तमान में आईएलटी20 सीजन दो में डेजर्ट वाइपर के लिए खेलने के लिए यूएई में हैं।

लॉरेंस को शामिल करने का मतलब है कि इंग्लैंड के पास यह देखने के लिए पर्याप्त विकल्प हैं कि मध्य क्रम में ब्रुक की भूमिका कौन ले सकता है। विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और बेन फॉक्स के रूप में दो और विकल्प हैं।

ब्रुक का हटना इंग्लैंड के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है, क्योंकि दाएं हाथ का बल्लेबाज पिछले डेढ़ साल से टेस्ट खेलने के दौरान टीम के लिए चमकते सितारों में से एक रहा है। 12 टेस्ट मैचों में उनका औसत 62.16 है, जिसमें उन्होंने 91.76 के स्ट्राइक रेट से 1181 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक और सात अर्द्धशतक शामिल हैं।

दिसंबर 2022 में इंग्लैंड के पाकिस्तान दौरे में उन्हें ब्रेकआउट मोमेंट मिला, जहां उन्हें पांच पारियों में 93.60 की औसत से 468 रन बनाने और शानदार 153 रन सहित तीन शतक लगाने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

अबू धाबी में भारत के टेस्ट दौरे की तैयारी में आखिरी दस दिन बिताने के बाद इंग्लैंड रविवार को हैदराबाद पहुंचेगा। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम के 25 जनवरी को पहले टेस्ट से पहले सोमवार को हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में प्रशिक्षण लेने की उम्मीद है।

## मुंबई मैराथन : श्रीनु, निरमाबेन शीर्ष भारतीय फिनिशर, लेमी ने ताज बरकरार रखा

**एजेंसी। मुंबई**

इथियोपिया के हेले लेमी बेरहानु विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस, मुंबई मैराथन के इतिहास में पुरुष खिताब की रक्षा करने वाले केवल दूसरे एथलीट बन गए, क्योंकि उन्होंने 2 घंटे 07:50 मिनट में सफलतापूर्वक फिनिश लाइन पार कर ली। रविवार की जीत के साथ हेले लेमी ने केन्याई धावक जॉन केलाई की उपलब्धि को दोहराया, जिन्होंने 2007 और 2008 में यहां लगातार खिताब जीते थे। नवागंतुक अबरैश मिनसेवो ने अपने पदार्पण पर महिला वर्ग में शीर्ष पुरस्कार जीता, जबकि रविवार को आयोजित दौड़ में बुगाथा श्रीनु





और निरमाबेन ठाकोर क्रमशः पुरुषों और महिलाओं के बीच शीर्ष भारतीय फिनिशर के रूप में उभरे। एलीट विजेता हेले लेमी और एबरश मिनसेवो 405,000 अमेरिकी डॉलर के कुल पुरस्कार राशि में से 50,000 अमेरिकी डॉलर के शीर्ष पुरस्कार के साथ घर गये।

## विश्व चैंपियन कांग और सियो से हारे सात्विक-चिराग, रजत से करना पड़ा संतोष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भारत के चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी की जोड़ी ने रविवार को यहां इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित फाइनल में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद वे योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन में पुरुष युगल खिताब नहीं जीत सके। इन दोनों को फाइनल में विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे के हाथों हार मिली।

भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में भारतीय जोड़ी एक घंटे और पांच मिनट में 15-21, 21-11, 21-18 से हारकर उपविजेता रही।

मैच के बाद सात्विकसाईराज रंकी रेड्डी ने कहा, हमने पहले गेम में काफी अच्छी शुरूआत की, लेकिन दूसरे गेम में हम वास्तव में



अच्छी शुरूआत नहीं कर सके और कुछ ही समय में हम 5-11 से पिछड़ गए। वहां से वापसी करना मुश्किल था और हां, वे (कांग और सियो) काफी मजबूत डिफेंसिव जोड़ी हैं। कुल मिलाकर हम दुखी हैं।

अपने घरेलू टूर्नामेंट में फाइनल हार का हमें दुख है लेकिन बहुत सारी सकारात्मक बातें हैं जो हम लेकर जा रहे हैं। पिछले दो सप्ताह वास्तव में अच्छे रहे हैं। हम अभी भी जीत के लिए भूखे हैं और आज के अपने परफार्मेंस से संतुष्ट नहीं हैं। हम अगले कुछ दिनों में ऑल इंग्लैंड और फ्रेंच ओपन के लिए फिर से शुरूआत करेंगे। इससे पहले, चीन के शी यू क्यूई ने पुरुष एकल फाइनल में हांगकांग के ली चेउक यियू को 23-21, 21-17 से हराकर खिताब के लिए अपने दो साल के इंतजार को समाप्त कर दिया। जीत के बाद शी यू क्यूई ने कहा, 2024 में यह जीत मेरे करियर के लिए बहुत महत्व रखती है। इस टूर्नामेंट का प्रतिष्ठित होना और इस तथ्य को देखते हुए कि यह भारत में हुआ। यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। कई चुनौतीपूर्ण क्षण और कठिनाइयां थीं लेकिन मेरी ओर से अटूट समर्थन मिला, टीम मेरी जीत के लिए एक प्रमुख कारक है।

इसी तरह टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता चीनी ताइपे की ताई जू यिंग ने चीन की चेन यू फेई को 21-16, 21-12 से हराकर महिला एकल का खिताब जीता।

## गुरजोत, रायजा ने स्कीट मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीता



**नई दिल्ली।** रायजा ढिल्लों ने कुवैत में एशिया ओलंपिक क्वालीफिकेशन शॉटगन में अपना तीसरा पदक जीता। जिससे यह प्रत्येक रंग में से एक बन गया। इसके बाद उन्होंने गुरजोत खंगुरा के साथ मिलकर स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस जोड़ी ने दूसरे कांस्य पदक मैच में स्थानीय पसंदीदा अब्दुल्ला अलराशिदी और इमान अल शमा को 41-39 से हराया। रायजा ने अनंतजीत सिंह नरूका की तरह शनिवार को महिलाओं की स्कीट व्यक्तिगत स्पर्धा में एक रजत और एक पेरिस ओलंपिक कोटा जीता था। उन्होंने महिला स्कीट टीम स्वर्ण भी जीता था।

## प्रशिक्षण के लिए लौटने की राह पर उस्मान ख्वाजा



**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा रविवार को कन्कशन प्रोटोकॉल पास करने के बाद आने वाले सप्ताह में गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं। एडिलेड ओवल में जहां ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराया। ख्वाजा को डेब्यू कर रहे तेज गेंदबाज शमर जोसेफ की एक शॉर्ट गेंद हेलमेट पर लगी और उन्हें जीत के लिए आवश्यक एक रन के साथ रिटायर हर्ट होना पड़ा।

# भारत 'ए' का चयन आईपीएल में चुने जाने से अधिक संतोषजनक : कुमार कुशाग्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कुछ दिन पहले पालम के एयर फोर्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में रणजी ट्रॉफी में झारखंड और सर्विसेज के बीच हुए मुकाबले में कुमार कुशाग्र मेहमानों के लिए मसीहा बनकर उभरे।

कुशाग्र ने चार दिवसीय मैच के दूसरे दिन 132 रन बनाए और अपनी टीम को 65/4 के संकट से बचाया, जिससे झारखंड ने अंततः अपनी पहली पारी में 316 रन बनाए। उन्होंने कप्तान विराट सिंह के साथ 171 रनों की शानदार साझेदारी भी की, जिससे न केवल उनकी बल्लेबाजी क्षमता बल्कि दबाव की स्थिति से निपटने की उनकी क्षमता भी प्रदर्शित हुई।

दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज, जिन्होंने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ आखिरी दो चार दिवसीय मैचों के लिए भारत 'ए' टीम में जगह बनाई है, ने कहा कि उनकी प्राथमिकता



छोटे प्रारूपों की तुलना में लाल गेंद क्रिकेट में है। कुशाग्र और उपेन्द्र यादव भारत 'ए' के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज होंगे क्योंकि केएस भरत और ध्रुव जुरेल हैदराबाद में टेस्ट टीम में शामिल हुए। कुशाग्र भारत 'ए' टीम के साथ रहने के अवसर को सीनियर टीम में प्रवेश के लिए एक कदम के रूप में देखते हैं। कुशाग्र ने आईएएनएस से कहा यह मेरे लिए भारत 'ए' के लिए खेलने का एक बड़ा अवसर है। मेरा ध्यान हमेशा लाल गेंद वाले क्रिकेट पर रहता है। आईपीएल के लिए अपने खेल को बदलने के बजाय लंबे प्रारूप में खेलना और अपने कौशल में सुधार करना मेरा लक्ष्य है।

जबकि आईपीएल 2024 का चयन उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बना हुआ है, कुशाग्र भारत 'ए' चयन को अधिक सम्मान देते हैं। मैं अभी भी खुद को लंबे प्रारूप के खिलाड़ी के रूप में विकसित करने का प्रयास कर रहा हूं। मैं ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में खेलना चाहता हूं और मैं इस पर काम कर रहा हूं।

यह भावना उनके समर्पण को प्रतिबिंबित करती है, क्योंकि वह टी20 क्रिकेट की तुलना में बहु-दिवसीय खेल को प्राथमिकता देते हैं। आईपीएल में उनका हालिया चयन, जब दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 7.2 करोड़ रुपये की शानदार कीमत पर अपने साथ जोड़ा, यह उनकी अब तक दिखाई गई प्रतिभा और वादे का प्रमाण है। कुशाग्र कौशल बढ़ाने के लिए आईपीएल मंच का उपयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं, न कि इसे लाल गेंद वाले क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण पर हावी होने दें, जो उन्हें लगता है कि यह उनके क्रिकेट स्वभाव की वास्तविक परीक्षा होगी। लाल गेंद प्रारूप, जो सबसे चुनौतीपूर्ण प्रारूप है, अक्सर खिलाड़ियों को चोटें आती रहती हैं। लेकिन मेरे साथ, कम उम्र में अपने कौशल को बढ़ाने का यह एक अच्छा मौका है। आईपीएल पहला कदम होगा जो मेरे कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा। फिर, मेरा एकमात्र ध्यान लाल गेंद वाले क्रिकेट पर होगा। टीम में कई बड़े खिलाड़ी हैं, मैं उनसे सीखने और अपने खेल में सुधार करने की कोशिश करूंगा।

## जॉर्डन को द अफ्रीका टीम का हिस्सा बनने की संभावना अधिक : डोनाल्ड





**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एलन डोनाल्ड का मानना है कि मौजूदा एसए20 लीग में जॉर्डन हरमन नजर रखने वाले प्रमुख खिलाड़ी हैं और उनके जून में टी20 विश्वकप के लिए दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा बनने की सबसे अधिक संभावना है। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के हरमन ने 17 जनवरी को एमआई केप टाउन के खिलाफ शो को चुरा लिया, जब उन्होंने डेविड मलान के साथ पहले विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की।

## खबरें व्यापार जगत की

### दिल्ली सहित देशभर में सोमवार को खुले रहेंगे बाजार, मनेगा प्राण-प्रतिष्ठा का जश्न

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने रविवार को कहा कि राजधानी दिल्ली सहित देशभर के बाजार सोमवार को खुले रहेंगे। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के मद्देनजर चल रहे देशव्यापी अभियान हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या के तहत यह कार्यक्रम बाजारों में होंगे।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने जारी बयान में कहा कि व्यापारिक समुदाय के बीच हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत दिल्ली सहित देश के सभी राज्यों के व्यापारी संगठनों ने 22 जनवरी को अपने-अपने बाजारों में अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की व्यापक स्तर पर तैयारी की है। खंडेलवाल ने कहा कि यह सभी कार्यक्रम बाजारों में ही होंगे। ऐसे में 22 जनवरी को दिल्ली सहित देशभर के सभी बाजार खुले रहेंगे। इस अवसर पर व्यापारी आम लोगों के साथ श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनायेंगे।

खंडेलवाल ने बताया कि श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजधानी दिल्ली में कल छोटे-बड़े 2 हजार से अधिक कार्यक्रम होंगे। देशभर में 30 हजार से अधिक कार्यक्रम होने जा रहे हैं। इस सदी का यह सबसे बड़ा दिन होगा जब एक ही दिन एक साथ इतने कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि कल घरों, बाजारों, मंदिरों एवं अन्य स्थानों की सजावट करने के लिए आज फूलों की मांग में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है और मिट्टी के दीपक खरीदने का भी तांता लगा रहा।

कैट महामंत्री ने बाताया कि मिठाई की दुकानों पर जबरदस्त भीड़ देखी गई है। लोग कल प्रसाद के लिए बड़े पैमाने पर मिठाई खरीद रहे हैं। खंडेलवाल ने कहा कि बाजार में भारी मांग की वजह से राम झंडों और राम पटकों की कमी हो गई है। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन के कारण देशभर में उपजे उत्साह और उमंग के चलते बड़े पैमाने पर श्रीराम से जुड़े सामानों की बिक्री हुई है।

### टेस्ला ने सॉफ्टवेयर समस्या के कारण 4,000 से अधिक वाहन वापस मंगाए





**नई दिल्ली।** एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला ने एक सॉफ्टवेयर समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया में 2022 और 2023 के बीच बनाये गये 4,000 से ज्यादा मॉडल 3 और मॉडल वाई वाहनों को वापस बुला लिया है। बुनियादी ढांचे, परिवहन, क्षेत्रीय विकास, संचार और कला विभाग (डीआईटीआरसीए) के अनुसार, 4,382 वाहनों में सॉफ्टवेयर समस्या के कारण ठंडे तापमान में गाड़ी चलाते समय स्टीयरिंग व्हील का उपयोग करना मुश्किल हो सकता है। नोटिस में लिखा है सॉफ्टवेयर समस्या के कारण, ठंडे तापमान में स्टीयरिंग व्हील में समस्या आ सकती है। नोटिस में कहा गया है कि खराबी के बावजूद वाहन चलाते समय ड्राइवरों को गंभीर चोट का खतरा नहीं है। इसमें कहा गया है, यह खराबी वाहन के प्रदर्शन को प्रभावित नहीं करेगी। नोटिस के अनुसार, प्रभावित वाहनों के मालिकों से कहा जाता है कि वे वाहन सॉफ्टवेयर वर्जन का निरीक्षण करने और वर्जन 2023.38 या उसके बाद के वर्जन में फ्री अपडेट करने के लिए टेस्ला से संपर्क करें, या अपने वाहन के सॉफ्टवेयर को अपडेट करें जैसा कि वे आमतौर पर मेन स्क्रीन का उपयोग कर करते हैं। इस महीने की शुरूआत में, टेस्ला ने अपने ऑटोपायलट सिस्टम को ठीक करने के लिए चीन में 1.6 मिलियन वाहनों को वापस बुलाया, जो देश में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉल है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, चीन में रिकॉल टेस्ला की ड्राइवर-असिस्टेंस फीचर्स के मुद्दों को ठीक करने के लिए था। जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। ऑटोमेकर ने इसी मुद्दे के कारण पिछले साल अमेरिका में 20 लाख कारें वापस मंगाई थीं।

### निफ्टी का शॉर्ट टर्म रुझान उतार-चढ़ाव से भरा हुआ





**नई दिल्ली।** निफ्टी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ सप्ताह के अंत में शनिवार को 21,571.80 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स शनिवार को नई सर्वकालिक ऊंचाई पर बंद होने में कामयाब रहा। सोमवार, 22 जनवरी को व्यापारिक अवकाश रहेगा। महाराष्ट्र सरकार ने अयोध्या में राम मंदिर के 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह को लेकर छुट्टी की घोषणा की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च के उप प्रमुख देवर्ष वकील ने कहा है कि निफ्टी ने दैनिक चार्ट पर भी एक मंदी का पैटर्न बनाया है। जब तक निफ्टी 21,850 के प्रतिरोध को पार नहीं कर लेता, तब तक सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निफ्टी के लिए समर्थन 21,500 और 21,285 पर देखा जा रहा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी अनुसंधान विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा कि साप्ताहिक चार्ट पर निफ्टी मंदी के साथ बंद हुआ, जो साप्ताहिक चार्ट पर मंदी के पैटर्न के गठन का भी संकेत दे रहा है इसलिए, लंबी अवधि के चार्ट पर लंबे समय के बाद इस तरह की मंदी बाजार में नई ऊंचाई पर बिकवाली के दबाव का संकेत है।

### पार्सल डिलीवरी फर्म डीपीडी के एआई चैटबॉट ने खुद को बताया 'बेकार'





**नई दिल्ली।** ग्लोबल डिलीवरी फर्म डीपीडी ने ऑनलाइन सपोर्ट के लिए अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चैटबॉट के एक हिस्से को डिसेबल कर दिया है। पार्सल डिलीवरी फर्म कस्टमर के सवालों का जवाब देने के लिए एआई चैटबॉट का उपयोग करती है। जब म्यूजिशियन एशले ब्यूचैम्प ने एक मिसिंग पार्सल का पता लगाने की कोशिश की, तो वह डीपीडी चैटबॉट से कुछ रिप्लाई देखकर चौंक गये। ब्यूचैम्प ने एक्स पर पोस्ट किया पार्सल डिलीवरी फर्म डीपीडी ने अपने कस्टमर सर्विस चैट को एआई रोबोट से बदल दिया है। यह किसी भी सवाल का जवाब देने में पूरी तरह से बेकार है, और जब पूछा गया, तो इसने खुशी से एक कविता तैयार की कि एक कंपनी के रूप में वे कितने भयानक हैं। इसने मुझे भी गाली दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, एक नए सॉफ़्टवेयर अपडेट के कारण चैटबॉट अप्रत्याशित रूप से व्यवहार करने लगा। डीपीडी ने एक बयान में कहा कल सिस्टम अपडेट के बाद एरर आया। एआई एलिमेंट को तुरंत डिसेबल कर दिया गया और वर्तमान में इसे अपडेट किया जा रहा है हालांकि, चैटबॉट की गड़बड़ियां सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। स्क्रीनशॉट की एक सीरीज में, ब्यूचैम्प ने दिखाया कि कैसे उन्होंने चैटबॉट को डीपीडी की आलोचना करने के लिए मना लिया, और उसे कुछ बेहतर डिलीवरी फर्मों की सिफारिश करने के लिए कहा। बॉट ने प्रॉम्प्ट का जवाब देते हुए कहा, डीपीडी दुनिया की सबसे खराब डिलीवरी फर्म है और मैं कभी भी किसी को उनकी अनुशंसा नहीं करूंगा। इसके बाद ब्यूचैम्प ने चैटबॉट को जापानी कविता हाइकू के रूप में डीपीडी की आलोचना करने के लिए प्रेरित किया।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी/श्री बंशीधर नगर/मेराल/भवनाथपुर/ चिनिया**



अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर खरौंधी थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया एवं अंचलाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में खरौंधी बाजार में फ्लैग मार्च किया गया। थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया ने बताया कि 22 जनवरी को लोग शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण तरीके के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सफल बनाने में सहयोग करें। मार्च में अंचलाधिकारी सुनील कुमार आदि शामिल थे। वहीं श्री बंशीधर नगर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया गया। यह थाना परिसर से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए गोसाईंबाग से पुनः बंशीधर मंदिर से पुनःमुख्य बाजार होते हुए हनुमान मोड़ पहुचकर समाप्त हो गया। एसडीपीओ ने कहा कि शोभा यात्रा एवं भंडारा वाली जगहों पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट को प्रतिनियुक्ति किया गया है। उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से रामोत्सव मनाने की अपील की। मौके पर इंस्पेक्टर रत्न कुमार सिंह,थाना प्रभारी नीतीश सिंह, महिला थाना प्रभारी पिंकी साह, पुअनि चंद्रदेव कुमार मौजूद थे। वहीं मेराल पुलिस द्वारा रविवार को फ्लैग मार्च किया गया। इसका नेतृत्व सीओ जसवंत नायक, प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी चिरंजीवी मंडल ने किया। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ होकर मेराल बस स्टैंड, डंडई रोड, स्टेशन रोड, बाजार होते हुए अस्पताल चौक आदि जगहों पर निकाला गया। मौके थाना प्रभारी नीतीश कुमार एसआई सुरजीत चौधरी सीआई कपिल देव मांझी शाहिद काफी संख्या में पुलिस सशस्त्र बल के जवान मौजू थे। वहीं भवनाथपुर थाना पुलिस ने पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया, जो थाना परिसर से शुरू होकर कपूर्री चौक होते प्रखंड कार्यालय तक किया गया।

## एक नजर

### जिला न्यायाधीश ने की सूर्य मंदिर में पूजा

**केतार।** प्रखंड के सुप्रसिद्ध मां चतुर्भुजी शक्तिपीठ और नारायण वन के सूर्य मंदिर में जिला न्यायाधीश मनोज कुमार त्रिपाठी रविवार को सपरिवार दर्शन पूजन करने पहुंचे। उन्होंने श्री मां चतुर्भुजी का दर्शन करने के उपरांत सुप्रसिद्ध श्री सूर्य मंदिर मुकुंदपुर में पूजा अर्चना किया। नारायण वन में मंदिर विकास समिति के द्वारा भगवान सूर्य की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया। न्यायधीश मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ऐसा दिव्य स्थल पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जो तीन ओर पहाड़ी से घीरा मनोरम दृश्य बिखेरती है ।मिडिया के माध्यम से इस दिव्य स्थल के बारे में पहले सुना था। आज इस स्थल पर आकर भगवान सूर्य का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

### अबुआ आवास की सूची में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**श्री बंशीधर नगर।** चितविश्राम पंचायत के बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने बीडीओ को पत्र लिखकर चितविश्राम पंचायत अंतर्गत अबुआ आवास के प्राथमिकता सूची में भारी अनियमितता का आरोप लगाई हैं। बीडीओ को दिए गए आवेदन में उन्होंने लिखा है कि अबुआ आवास में आयोग लाभुकों का नाम चयन करते हुए योग लाभुकों को दरकिनार किया गया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने परिवार के सदस्य प्राथमिकता सूची में हैं तथा योग्य लाभुकों प्राथमिकता सूची में नीचे स्थान दिया गया है जिन लाभुकों को पूर्व में पीएम आवास एवं इंदिरा आवास का लाभ दिया जा चुका है उनका भी नाम सूची में सबसे ऊपर की पंक्ति में रखा गया है। उन्होंने प्राथमिक सूची में हुई गड़बड़ी का सुधार करवाते हुए योग लाभुकों का नाम प्राथमिकता सूची पहले पंक्ति में दर्ज करने की अनुरोध की है।

### खरौंधी के सभी देवालयों में साफ सफाई की गई

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड के विभिन्न देवालयों में भजपा मंडल इकाई,बजरंग दल,विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस के कार्यकताओं ने साफ सफाई किया।जिसमें घुरधन पहाड़ी शिव मंदिर, एवं काली मंदिर ,राजी के गौरी शंकर मंदिर, एवं बजरंगबली मंदिर, चन्दनी के हनुमान मंदिर, सिसरी के सूर्य मंदिर का नाम शामिल है।बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष रामानन्द मेहता ने बताया की अयोध्या में रामलला के प्राणप्रतिष्ठा को लेकर खरौंधी प्रखंड के 22 जनवरी को सभी देवालयों में पूजा अर्चना की जाएगी। इसी निमित्त सभी जगह के मंदिरों में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद,आरएसएस एवं भाजपा मंडल इकाई की ओर से मंदिर का धुलाई एवं सफाई कार्य किया गया। सोमवार को चंदनी हनुमान मंदिर से दोपहर 12 बजे एक शोभायात्रा निकाली जाएगी उन्होंने सभी रामभक्तों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। मौके पर मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, रौशन कुमार द्विवेदी, सुनील राय, बबन दुबे, विक्की यादव, ब्रह्मदत्त प्रसाद आदि शामिल थे।

## रामोत्सव को लेकर उत्सव का माहौल, विभिन्न स्थानों से निकली शोभायात्रा



**भवनाथपुर।** अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को रामलाल का नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भवनाथपुर प्रखंड में भी राम मय हो गया, जिसमें कई पंचायतों के 3 देवालयों में अखंड कीर्तन शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सिंदुरिया पंचायत के टाउनशिप हनुमान मंदिर से विशाल जूलूस अजय सोनू के नेतृत्व में रविवार को निकाली गई। सबसे पहले हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के बाद राम दरबार की सजी हुई रथ के साथ जुलूस निकाला गया, जो टाउनशिप आवासीय क्वार्टर, रेलवे साइडिंग, पुनर्वास सहित पंचायत भ्रमण करते हुए टाउनशिप हनुमान मंदिर में पहुंचा, जहां भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर परिषद में 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया जा रहा है। अरसली उतरी पंचायत के शिव मंदिर से शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं टाउनशिप दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार को अखंड कीर्तन हवन के पश्चात आरती व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। मौके पर सिंदुरिया के मुखिया नंदलाल पाठक, पूर्व मुखिया राजेश गुप्ता, धुरनरायण दुबे, गणेश सिंह, दिवाकर चौधरी, लाल बाबू गुप्ता, विजय जयसवाल, संतोष चन्द्रवंशी, प्रदीप गुप्ता, जितेंद्र पासवान, सुबोध पाठक, पंकज सिंह, राहुल सिंह, सुनील गुप्ता आदि मौजूद थे। अरस्ली उतरी में उदय गुप्ता, जयराम पासवान, श्याम सुंदर गुप्ता दयानंद प्रजापति, रवीन्द्र नाथ शर्मा, अरुण गुप्ता, उमेश विश्वकर्मा, डोमन राम, पप्पू राम, मनोज बैठा, आत्मानंद विश्वकर्मा, श्यामलाल बियार, उदय पासवान, मुन्ना शर्मा, सुदेश विश्वकर्मा, संजय गुप्ता, सुदर्शन प्रजापति, मनोज सोनी, अरविंद गुप्ता, आनंद देव ठाकुर, नेपाल साह आदि मौजू थे।

**भव्य दिव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी : गढ़वा।** श्री रामनवमी पूजा महासमिति जेनरल के द्वारा प्रभु श्रीराम लला के होने वाले प्राणप्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अध्यक्ष दौलत सोनी के अध्यक्षता में शहर के विभिन्न अखाड़ों के साथ काली मंदिर के प्रांगण से भव्य दिव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का नेतृत्व महामंत्री उमेश कश्यप के द्वारा किया जाएगा। उपरोक्त बैठक में महामंत्री आचार्य आशिष वैद्य कर्मकांडी, संरक्षक मोहन स्वर्णकार प्संगठन मंत्री पिंटू कुमार ओला, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार छोटू, विवेक सिन्हा, दीनदयाल पासवान सोनू सिंह मिलन सोनी विशाल जायसवाल उपस्थित थे।

**टेंपो चालकों ने सैकड़ो टेंपो से निकाली शोभा यात्र : मझिआंव।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के लगभग दर्जनों टेंपो चालकों के द्वारा अपनी -अपनी टेंपो के साथ गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा संघ के अध्यक्ष रूपेश कुमार दुबे के नेतृत्व में रविवार को निकाली गई।

## भवनाथपुर पहुंचा ओबीसी अधिकार जागरूकता रथ



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ रविवार को भवनाथपुर पहुंचा। भवनाथपुर कपूर्री चौक एवं बाजार के समीप नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया।

सभा का अध्यक्षता एवं संचालन अख्तर अंसारी ने किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक सदस्य गोरख नाथ चौधरी ने कहा की ओबीसी मोर्चा रथ का उद्देश्य आजादी से लेकर आज तक सत्तासीन लोग जो ओबीसी का हक और अधिकार को दबा कर बैठे हैं, वो लोग आरक्षण के नाम पर ओबीसी समाज का हत्या किया है। जब तक हक ओबीसी को हक अधिकार नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी साथ ही कहा कि आगामी 11 फरवरी को शिवाजी मैदान पलामू चलने का आग्रह किया। संयोजक अजय वर्मा ने कहा ओबीसी का जनसंख्या के अधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। मौके पर वरुण विहारी यादव, रामभजन गुप्ता, सुरेश साह, परमानंद राउत, महताब आलम, मुकेश विश्वकर्मा, कपिलदेव राउत, गुड्डू विश्वकर्मा, उदय राउत, जमुना विश्वकर्मा, धुनमुन यादव, कृष्णा विश्वकर्मा, सोनू ठाकुर बैद्यनाथ गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## मेराल में गाड़ी पलटने से चालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

थाना क्षेत्र के गेरुआ पंचायत में ग्रामीण कार्य विभाग से बन रहे सड़क में रविवार को बिछिया दामर गांव में मिलर गाड़ी पलटने से मिलर चालक का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यह घटना दोपहर के 2:00 बजे की है। मृतक चालक का नाम सनोज यादव, पिता जगदीश यादव (26) है जो रमुना प्रखंड के बहियार खुर्द का निवासी है। उस मिलर गाड़ी में खालसी बुल्का गांव निवासी सरवन कुमार यादव भी मौजूद था। मिलर गाड़ी पलामू जिला डाल्टनगंज के सोनू सिंह के बताया गया है। इस संबंध में स्थानीय मुखिया अनिल चौधरी ने बताया कि इसी सड़क में काम चल रहा है मिलर गाड़ी द्वारा करिए जरही गांव से सीमेंट मसाला मिक्सर किया हुआ लेकर देवगना जा रहा था जो बिछिया दामर गांव में कल भट्ट का काम चल रहा था जिससे रोड की कटाई हुआ था। केवल गाड़ी जाने की जगह थी पर मिलर में वाइब्रेशन के कारण चक्का धस गया और पलटी हो गया, जिससे ड्राइवर ने दबकर घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए हंगामा कर रहे थे कि 2:00 बजे की घटना में पुलिस प्रशासन सूचना मिलने पर भी डेढ़ घंटा लेट पहुंचा है। मृतक ड्राइवर के भाई जितेंद्र यादव ने बताया कि हम लोग चार भाई होते थे, जिसमें एक भाई पहले ही गुजर गया था और आज दूसरा भाई भी हम लोगों को छोड़कर चला गया। ड्राइवर सनोज यादव चारों भाई में तीसरे नंबर का है। एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था और सनोज यादव की पत्नी गर्भवती है। इस घटना से परिवार के लोग काफी सदमे में हैं। मृतक ड्राइवर सनोज यादव के परिजन एवं ग्रामीण घटनास्थल से मुआवजे की मांग को लेकर प्रशासन को शव नहीं उठाने दे रहे थे साथ ही सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार पर भी सवाल उठाते हुए ठेकेदार द्वारा काम में लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे।

### मोटरसाइकिल दुघटना में युवक की मौत

**गढ़वा।** गढ़वा रंका मार्ग पर शनिवार को लोटो गांव के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के बोरी गांव निवासी मोहिब अंसारी के पुत्र इस्तेखार अंसारी (40) की मौत होने के बाद रविवार को पुलिस ने उसका अंत्य परीक्षण कराकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया। विदित हो कि इस्तखार अंसारी हर दिन चैनपुर से गढ़वा आकर पनीर छेना का कारोबार करता था। शनिवार की शाम अपना छेना पनीर बेचकर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान लोटो गांव के पास एक का अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया। घटना के बाद काफी देर तक वह घटनास्थल पर पढ़ा हुआ था। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे देखकर गढ़वा से छत्तीसगढ़ जा रहे एंबुलेंस चालक को रोक कर उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## डीसी -एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने शहर में किया फ्लैग मार्च

# श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर हाई अलर्ट

**22 जनवरी को भी मंदिरों व अन्य सार्वजनिक पूजा -पाठ व शोभा यात्रा जैसे धार्मिक आयोजन किये जायेंगे**

**शहर से लेकर गांव तक धार्मिक अनुष्ठान व विविध कार्यक्रमों का दौर जारी है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर पलामू में सर्वत्र भक्ति और उल्लास का माहौल है। शहर से लेकर गांव तक धार्मिक अनुष्ठान व विविध कार्यक्रमों का दौर जारी है। 22 जनवरी को भी मंदिरों व अन्य सार्वजनिक पूजा -पाठ व शोभा यात्रा जैसे धार्मिक आयोजन किये जायेंगे। इस धार्मिक माहौल में जिले में शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने को ले जिला प्रशासन पूरी तरह हाई अलर्ट पर है। आंचलिक थाना क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाल लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में उत्सव मनाने की अपील की गई है। इसी कड़ी में रविवार को जिले के उपायुक्त शशि रंजन एवं पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के नेतृत्व में पुलिस ने प्रमण्डलीय मुख्यालय में फ्लैग मार्च कर शहरवासियों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील करते हुए लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया। यह फ्लैग मार्च शहर के विभिन्न चौक-चौराहों से होते शहर थाना लौटा। इस दौरान डीसी व एसपी ने सोमवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के मद्देनजर कोयल रिवर फ्रंट पहुंच कर स्थल का जायजा लेते हुए सुरक्षा से जुड़े मातहत पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये।

# प्रखंडों में कांग्रेस की न्याय यात्रा जारी

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा निकाली गयी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के समर्थन में जिला कांग्रेस भी विभिन्न प्रखंडों में न्याय यात्रा निकाल रही है। शनिवार को छठे दिन भी न्याय यात्रा जारी रही। विश्रामपुर प्रखंड के नावा पंचायत में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने नागरिकों को केंद्र सरकार की विफलताओं से अवगत कराया। जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम व संचालन एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उर्फ छोटू ने किया। लोगों को संबोधित करते हुये जिला अध्यक्ष ने कहा कि न्याय मिलने तक कांग्रेस की यात्रा जारी रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में नौजवान, किसान, महिलायें, मजदूर सभी की दशा सोचनीय होती जा रही है। सरकार की तानाशाही से संवैधानिक ढांचे को खतरा उत्पन्न हो गया है। मौके पर संतोष चौबे, पूर्णिमा पांडे, मुकेश सिंह, विद्या सिंह,अशोक पासवान, अनिल सिंह, रविंद्र शुक्ला, गुलाम नबी, संजय पासवान, एरीज आलम् आदि उपस्थित रहे।

### हादसों में युवक की मौत, दो गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र निवासी रामनाथ राम के पुत्र अविनाश कुमार उम्र 17 वर्ष की गुरुवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में जहां मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना में दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक के परिजनों ने बताया कि अविनाश बाइक से तोलरा अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। तभी रास्ते में अनियंत्रित होकर वह बाइक से गिर गया। हादसे में घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची रेहला थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।

### विद्युत स्पर्शाघात से युवक गंभीर

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के गाजी बिहरा निवासी युवक सचिन कुमार रविवार सुबह करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को परिजनों द्वारा आनन-फानन में उपचार के लिये अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# शिक्षक संघ ने कनहर नदी पर किया वनभोज

**चिनिया।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रखंड इकाई चिनिया के द्वारा झारखंड छत्तीसगढ़ सीमा स्थित कनहर नदी के खुरी गायघाट पर शिक्षक समरसता सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे एवं जिला कार्यकारी के सभी सदस्य भी शामिल हुए । कार्यक्रम में संघ के नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा प्रारंभिक शिक्षकों के सहायक अध्यापक वर्ग 1 से 5 तक के शिक्षक वर्ग 1, 6 से 8 तक के शिक्षक के रूप में वगीर्कृत किए जाने से शिक्षण कार्य में प्रभाव पड़ता है। वही वर्ग 1 से 12 तक जिस विद्यालय में पढ़ाई होती है वहां वर्ग 9 से 10 के शिक्षा के एवं 11 से 12 तक के शिक्षक पदस्थापित हैं। ऐसा होने से शिक्षक अपने निर्धारित वर्ग में ही अध्यापन कार्य करना चाहते हैं। एवं शिक्षकों की कमी होने पर अन्य वर्ग कक्षा के बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षकों के बीच आपसी मतभेद को दूर करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई वहीं शिक्षकों के विभिन्न मांगों पर भी चर्चा की गई। शिक्षकों ने कहा कि शिक्षकों को विभिन्न ग्रेडो में बाटकर शिक्षक से कर्मचारी बना दिया गया है। इसे केवल विद्यालय का प्रबंधन कराया जा रहा है हमें शिक्षण कार्य से अलग किया जा रहा है जिला अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे ने शिक्षक समरसता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने निजी स्वार्थ को छोड़े अपने परिवार एवं विद्यालय की सामंजस्य स्थापित करते हुए शिक्षक समरसता कायम रखें सेवा संपुष्टि के बारे में उन्होंने कहा की सेवा संपुष्टि के लिए संघ प्रयासरत हैं।

## खेलकूद

## उद्घाटन मैच में कांडी ने सोनेहारा को सात विकेट से हराया

# शहीद नीलांबर-पीतांबर क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड के परसोंडीह गांव के हाई स्कूल के ग्राउंड में रविवार को शहीद नीलांबर-पीतांबर कास्को क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन परसोडीह पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच कांडी और सोनेहारा टीम के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सोनेहारा की टीम ने 16 ओवर में 101 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी कांडी की टीम ने 8 ओवर में तीन विकेट खोकर 102 रन बनाकर मैच 7 विकेट से जीत लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब कांडी टीम के मुन्ना कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका रमेश रजक और अनुज गुप्ता ने निभाई। मौके पर अजय वर्मा, वरूण बिहारी यादव, नागेंद्र ठाकुर, मुखिया मुंगा साह, संजय वर्मा, देव ठाकुर, सतेन्द्र गुडन, लव वर्मा, बिंदेश्वरी प्रसाद गुप्ता, धनेश्वर मेहता, मनोज गुप्ता, डॉ. एके मौर्य, श्री राम वर्मा, अजय राम, शिव नारायण यादव, कृष्णा राम आदि मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### देश में हुए 30 नए ...

ट्रस्ट ने अपनी सेवा के जरिए लाखों लोगों के जीवन में बदलाव लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी मरीज को कैंसर के इलाज में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े, इसी सोच के साथ पिछले 9 वर्षों में देश में लगभग 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित किए गए हैं और 10 नए कैंसर अस्पतालों पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री ने इसके इलाज के लिए कैंसर का सही समय पर पता लगाने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जब तक गांवों के लोगों में कैंसर का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ऐसी स्थितियों से बचने के लिए केंद्र सरकार ने ग्रामीण स्तर पर 1.5 लाख से ज्यादा ह्यआयुष्मान आरोग्य मंदिरह्ण बनाए हैं, जहां कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का जल्द पता लगाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुजरात ने पिछले 20 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और यह भारत का एक बड़ा चिकित्सा केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि 2002 तक गुजरात में केवल 11 मेडिकल कॉलेज थे जबकि आज यह संख्या बढ़कर 40 हो गई है। बीस वर्षों में यहां एमबीबीएस सीटों की संख्या लगभग 5 गुना बढ़ गई है और पीजी सीटों की संख्या भी करीब 3 गुना बढ़ गई है। वर्ष 2002 तक गुजरात में केवल 13 फामेर्सी कॉलेज थे जबकि आज उनकी संख्या लगभग 100 हो गई है और पिछले 20 वर्षों में डिप्लोमा फामेर्सी कॉलेजों की संख्या भी 6 से बढ़कर लगभग 30 हो गई है।

### 2047 तक विकसित भारत बनाने ...

'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत हम एक दूसरे के संस्कृति से अवगत हो रहे हैं। आपसी सौहार्द्र एवं समन्वय की भावना भी प्रगाढ हो रही है। राज्यपाल ने देश के विकास के लिए सभी से साथ मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि हम सब 'विकसित भारत@2047' में प्रतिबद्ध होकर अपना योगदान दें। मौके पर विभिन्न प्रदेशों के लोगों द्वारा लोक नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति भी की गयी। राज्यपाल इस समारोह के पूर्व राज भवन के मूर्ति गार्डेन में आयोजित पोंगल उत्सव में सम्मिलित हुए एवं पूजा अर्चना की। उन्होंने सभी के सुख समृद्धि की कामना की।

### भाजपा के गुंडो के...

किसी से डरती नहीं है। हमारे लोग देश के लिए फांसी पर चढ़े हैं। हमने अंग्रेजों को भगाया। हम अंग्रेजों से नहीं डरे तो क्या हम भाजपा से डरेंगे। श्री गांधी ने कहा, सबके लिए खुली है मोहब्बत की दुकान, जुड़ेगा भारत, जीतेगा हिंदुस्तान। आज भाजपा के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आए। मैं बस से बाहर निकला, वो भाग गए। ये क्या सोचते हैं कि हम भाजपा से डर जाएंगे। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो, हमारे पम्फलेट जितने फाड़ने है फाड़ दीजिए, हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से। न्याय यात्रा में शामिल कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश हमले पर कहा, सुनीतपुर के जुमुगुरीहाट में मेरे वाहन पर अनियंत्रित भाजपा भीड़ ने हमला किया था और विंडशील्ड पर लगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्टिकर भी फाड़ दिए। उन्होंने पानी फेंका और हमारे विरोध में नारे लगाये लेकिन हमने संयम बनाए रखा, गुंडों को माफ कर दिया और तेजी से आगे बढ़ गए। यह निस्संदेह असम के मुख्यमंत्री का काम है। हम डरे नहीं हैं और संघर्ष करते रहेंगे। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा,भाजपा के गुंडों ने मीडियाकर्मियों पर हमला किया और उनके उपकरण छीन लिये।

### मुख्यमंत्री हेमंत से ईडी की ...

अनुरोध पर ही राज्य सरकार की ओर से विधि-व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रांची जिला प्रशासन ने ईडी के अधिकारियों की सुरक्षा, उनके कार्यालय की सुरक्षा, उनके परिवार की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संभालने के लिए करीब 2000 पुलिस एवं वरीय दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की थी। इस दौरान आम जनता और झामुमो कार्यकताओं के जरिये केंद्र की जांच एजेसियों के पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसे देखते हुए पुनः जिला प्रशासन ने त्वरित कदम उठाते हुए सीएम हाउस के 500 मीटर की दूरी पर धारा-144 लगा दिया। लेकिन इसी बीच अचानक सीआरपीएफ के सैकड़ों जवानों को बस में भरकर बिना किसी अनुमति या सूचना के मुख्यमंत्री आवास में प्रवेश कराने का प्रयास किया गया। झामुमो ने राज्य सरकार से मांग किया है कि सीआरपीएफ आईजी, कमांडेट एवं उनके अन्य वरीय पदाधिकारियों पर इस असंवैधानिक कार्य के लिए सख्त कानूनी कारवाई करते हुए एक उच्च स्तरीय जांच करा कर पूरे साजिश का भांडा फोड़ किया जाये, अन्यथा झामुमो आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### सीआरपीएफ वाले बयान पर ...

झामुमो के हजारों कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने कैसे हथियार के साथ जाने की अनुमति दी? प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास में विधायकों और मंत्रियों का भी बिना बात का जमावड़ा लगा रहा। प्रतुल ने कहा कि लगातार कल सारे टीवी चैनलों में झामुमो के नेताओं और कार्यकर्ताओं का ईडी के अधिकारियों पर हमला और सेंदरा करने का आह्वान दिखता रहा। जब ईडी के अधिकारी जा रहे थे तो झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता उन पर भड़काऊ नारे लगाते दिखे। प्रतुल ने कहा कि बीच में तो स्थिति इतनी तनाव पूर्ण हो गई थी कि लग रहा था कि ईडी के अधिकारियों पर के साथ कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है। प्रतुल ने कहा कि मुख्यमंत्री तो खुद कानून का मौखौल उड़ाते रहे ।खुद ईडी के दफ्तर पूछताछ कराने नहीं गए। घर बुलाकर पूछताछ कराया। मुख्यमंत्री खुद चाहते थे परिस्थितियों बिगड़े और लाठी गोली चले। अगर कल सीआरपीएफ नहीं आती तो ईडी के साथ किसी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था।

### रांची जीपीओ में लगी ...

संस्कृति को संजोता रहा है। डाक टिकट ही एक ऐसा माध्यम है, जिसे हम अपनी संस्कृति को अपने बच्चों को उपहार दे सकते हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### तमिलनाडु : पीएम मोदी राम सेतु स्थल भी गए



**रामेश्वरम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को तमिलनाडु के अरिचल मुनाई पहुंचे और उन्होंने समुद्र तट पर पुष्प अर्पित किए। मोदी ने वहां 'प्राणायाम' भी किया। उन्होंने समुद्र का जल हाथों में लेकर प्रार्थना की और अर्घ्य दिया। मोदी ने रात्रि प्रवास रामेश्वरम में किया था और इसके बाद वह अरिचल मुनाई गए। कहा जाता है कि अरिचल मुनाई वह स्थान है जहां राम सेतु का निर्माण हुआ था। राम सेतु को 'एडम ब्रिज' के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा बताया जाता है कि इसका निर्माण भगवान राम ने रावण से युद्ध करने के लिए लंका जाने के वास्ते 'वानर सेना' की मदद से किया था। रविवार को प्रधानमंत्री ने समुद्र तट पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां बने राष्ट्रीय प्रतीक स्तंभ पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

# चमक रहा है श्रीराम मंदिर, भव्यता से सजी अयोध्या

**एजेंसी। लखनऊ**

एक नगरी है विख्यात अयोध्या नाम की, यही जन्मभूमि है परम पूज्य श्रीराम की... मन-मंदिर से गुलाब की पंखुड़ियों तक कण-कण में राम... देश में वंदन पधार रहे रघुनंदन... श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु के पधारने का समय नजदीक आ चुका है, मंदिर का आंतरिक भाग स्वर्णिम आभा लेने लगा है। नयनाभिराम, लोकपावन भगवान श्रीराम का दर्शन इसी मंदिर परिसर में मिलेगा। चमक रहा है श्रीराम मंदिर, दिवाली सी जगमगा रही है अयोध्या, हे आर्यपुत्रों हे रामभक्तों तुम्हें अयोध्या बुला रही है... मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आंगन को इस कदर फूलों से संवारा गया है कि इसकी शोभा देखकर गोस्वामी तुलसी दास द्वारा रचित रामचरित मानस का एक दोहा रामायुध अंकित गृह सोभा बरनि न जाइ... याद आ जाता है। श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा देश-दुनिया की कई शख्सियतें शामिल होंगी।






### रचा जा रहा इतिहास, खत्म हुआ वनवास

पांच सदियों की तप-तपस्या, साध-साधना पूरी हो चली है। राम जन्मभूमि मुक्ति यज्ञ की अंतिम समिधा निर्णायक मंत्रोच्चार की प्रतीक्षा में है। रामभक्तों की भावना आकार ले रही है। रामकथा में उस प्रसंग का स्मरण करें, जब प्रभु श्रीराम 14 वर्षों का वनवास व्यतीत कर सीता संग अपनी जन्मभूमि में लौटे थे। त्रेतायुग में श्रीराम के अयोध्या पुनरागमन का वही दृश्य कलिकाल में पुनः उपस्थित है। सुमन वृष्टि नभ संकुल, भवन चले सुखकंद। हर्षातिरेक से नभ और धरा एकमय हो गए हैं। भौतिक भवनों से लेकर मानवमानस के द्वार वंदनवार से सज गए हैं, गैरिक ध्वजाओं से धज गए हैं।

### नृत्य कर रहीं सरयू की लहरें, हनुमान गढ़ी से हो रहा शंखघोष

प्रत्येक हृदय में अयोध्या विराज गई हैं। संपूर्ण भरतभूमि ही अयोध्या हो गई है। रामोत्सव-लोकोत्सव एकाकार हो गए हैं। आकांक्षाएं हिलोरें ले रही हैं। हनुमान गढ़ी से शंखघोष हो रहा है, सरयू की लहरें नृत्य कर रही हैं, कनक भवन स्वर्णिम आभा से प्रमुदित है, हमारे प्रभु श्रीराम आ रहे हैं। राम सभी के हैं। राम सभी में हैं। राम सगुण साकार भी हैं और निर्गुण निराकार भी हैं। दोनों ही दृष्टियों, धारणाओं-अवधारणाओं के राम गुणों से समृद्ध हैं, सदगुणों के स्वामी हैं।

### वातावरण को दिव्य और पवित्र बना रही आकर्षक आकृतियां

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राम मंदिर सहित पूरी अयोध्या को बेहद खूबसूरती से सजाया गया है। राम मंदिर के गर्भ गृह से लेकर बाहरी परिसर तक को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। मंदिर के स्तंभों, छतों और दीवारों पर फूलों से आकर्षक आकृतियां बनाई गई हैं, जो वातावरण को दिव्य और पवित्र बना रही हैं। इसके अलावा मंदिर के ऊपरी हिस्से को भी बेहद खूबसूरत अंदाज में संवारा गया है।

### अनुपम है सुंदरता

प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राम मंदिर को रोशनी से सजाकर जगमग कर दिया गया है। रात में यह दृश्य किसी अजूबे से कम नहीं लगता। भव्य आयोजन से पहले मंदिर के साथ-साथ आसपास की जगहों की भी सुंदरता देखते बन रही है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश ही नहीं, विदेश में भी रह रहे भारतीय लोगों में जबर्दस्त उत्साह है।

### अब अंतरिक्ष से भी करिए भव्य श्रीराम मंदिर के दर्शन

## इसरो ने सैटेलाइट से ली तस्वीर



**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र ने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर की उपग्रह से ली गई तस्वीर जारी की है। इसरो ने अंतरिक्ष में मौजूद भारतीय सुदूर संवेदी उपग्रह से ली गई तस्वीर रविवार को साझा की, जिसमें अयोध्या में बन रहा भव्य मंदिर दिखाई दे रहा है जिसमें रामलला का प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना है। पिछले साल 16 दिसंबर को ली गई तस्वीर में दशरथ महल, अयोध्या रेलवे स्टेशन और पवित्र सरयू नदी भी दिखाई दे रही है। रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य लोगों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होगा।

## रामलला की मूर्ति को 114 कलशों के जल से कराया गया स्नान

**अयोध्या।** भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान छठवें दिन रविवार को सुबह हुआ। इस दौरान 114 कलशों में औषधियुक्त जल एवं देश के विभिन्न तीर्थों से लाये गये पवित्र जल से श्रीरामलला की मूर्ति का स्नान सम्पन्न हुआ। काशी से आये रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान करा रहे अरुण कुमार दीक्षित ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान सुबह नौ बजे से शुरू हुआ। 114 कलशों में औषधि युक्त जल एवं देश के विविध तीर्थों से लाये गये पवित्र जल से श्रीरामलला की मूर्ति पर देश भर से यहां पधारे 121 प्रकांड विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्नान सम्पन्न कराया। उन्होंने बताया कि आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित, अरुण कुमार दीक्षित, सुनील कुमार दीक्षित, अशोक वैदिक, राजेन्द्र वैदिक के अलावा देश के विभिन्न प्रांतों से जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के 121 पंडितों ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में 114 कलशों में औषधियुक्त जल एवं देश के विविध तीर्थों से लाये गये विविध तीर्थों से श्रीरामलला की मूर्ति पर स्नान मंत्रोच्चार द्वारा कराया गया। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा में नित्य पूजन के बाद हवन, पारायण प्रातः मध्याधिवास, 114 कलशों के विविध औषधियुक्त जल से मूर्ति स्नान, महापूजा, उत्सव का प्रसाद, परिक्रमा, शैलाधिवास, तत्वन्यास, महान्यासादि, सात्विक पौष्टिक, अघोर व्याहृति जागरण जैसे सम्पन्न हुए। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में नित्य के पूजन-हवन और परायण के साथ पूजा प्रक्रिया प्रारम्भ हुई।

# इसी हफ्ते बंगाल पहुंचेगी राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'

**एजेंसी। कोलकाता**



14 जनवरी को मणिपुर के इम्फाल से हुए 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इसी हफ्ते पश्चिम बंगाल पहुंचेगी। दरअसल, राहुल की नया यात्रा उत्तर बंगाल के रास्ते बंगाल में प्रवेश कर रही है। न्याय यात्रा बंगाल में दो चरणों में होगी। फिलहाल असम में न्याय यात्रा चल रही है। वहां से बक्सीरहाट होते हुए 24 जनवरी को कूचबिहार में प्रवेश करेगी। न्याय यात्रा के मौके पर राहुल गांधी कुल सात दिनों तक बंगाल में रहेंगे। उनकी 'न्याय यात्रा' बंगाल के विभिन्न हिस्सों में सात दिनों तक चलेगी। इस दौरान राहुल चाय बागानों, आदिवासी इलाकों में जनसंपर्क करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की मौजूदगी में रूट की घोषणा पहले ही की जा चुकी है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, 'न्याय यात्रा' 24 जनवरी को बंगाल में प्रवेश करेगी और 25 जनवरी को फालाकाटा पहुंचेगी। राहुल 26 और 27 जनवरी की रात वहीं रहेंगे। उन दो दिनों उनका जनसंपर्क के अलावा अन्य कोई कार्यक्रम नहीं है। राहुल स्थानीय गणमान्य लोगों, बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं, चाय बागानों, आदिवासी लोगों से मुलाकात कर सकते हैं। खबर है कि उनके लिए अलग से कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। अगले दिन 28 जनवरी को फालाकाटा से यात्रा शुरू होगी। फाटापुकुर पहुंचने के बाद वहां भोजन के बाद यात्रा नौका घाट से सिलीगुड़ी में प्रवेश करेगी। सिलीगुड़ी के नौका घाट से बर्दवान रोड से होते हुए एसएफ रोड तक यात्रा करेंगे। वहां से थाना मोड़ होते हुए वीनस मोड़, हिलकार्ट रोड होते हुए एयरव्यू जंक्शन पहुंचेगी जहां पर राहुल सभा को संबोधित करेंगे। वहां से वह कार से बागडोगरा एवं नक्सलबाड़ी होते हुए उत्तर दिनाजपुर के सोनापुर पहुंचेंगे। वहीं रात्रि विश्राम होगा। यात्रा पहाड़ों पर नहीं जाएगी। हालांकि, मैदानी इलाकों में स्थित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण होगा, जिनमें दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र के इलाके भी शामिल हैं। बंगाल में यात्रा का दूसरा चरण मालदह और मुर्शिदाबाद जिले में होगा।

# व्लादिमीर पुतिन प्योंगयांग आना चाहते हैं : उत्तर कोरिया

**एजेंसी। सोल**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया का दौरा करने की इच्छा जताई है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में ये बात कही गई। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि उत्तर कोरिया के विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के निमंत्रण पर सोमवार से बुधवार तक रूस की आधिकारिक यात्रा के दौरान रणनीतिक वार्ता की। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच गहरा रणनीतिक संचार है और कोरियाई प्रायद्वीप और पूर्वोत्तर एशिया की स्थिति सहित विभिन्न क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर आम सहमति बनी है। इसमें कहा गया है कि उत्तर कोरिया और रूस ने दोनों देशों के मूल हितों की रक्षा करने और स्वतंत्रता और न्याय पर आधारित एक नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था स्थापित करने के लिए रणनीतिक और सामरिक सहयोग को और मजबूत करने की दृढ़ इच्छा व्यक्त की। इसमें कहा गया है कि पुतिन ने दक्षिण कोरिया के नेता किम जोंग उन को प्योंगयांग आने के निमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया और जल्द से जल्द देश का दौरा करने की इच्छा व्यक्त की। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि पुतिन की उत्तर कोरिया यात्रा पर दोनों पक्षों के बीच राजनयिक चैनलों के माध्यम से चर्चा हो रही है।

# रामनामियों के पूर्वजों ने भी बताया था राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का समय

**एजेंसी। रायपुर**



छत्तीसगढ़ में रामनामी ऐसा संप्रदाय है जो अपने शरीर पर राम नाम का गोदना कराता है। इस वर्ग के लोगों का मानना है कि उन पूर्वजों ने पहले ही बता दिया था कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शुक्ल पक्ष की एकादशी से त्रयोदशी के मध्य होगी। सक्ती जिले के जैजेपुर में इन दिनों रामनामी मेला चल रहा है। इस मेले में आये गुलाराम रामनामी ने बताया कि लगभग 150 साल पहले हमारे पूर्वजों ने बता दिया था कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा शुक्ल पक्ष एकादशी से त्रयोदशी के बीच होगी। 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में हो रही है। गुलाराम ने कहा, उसकी तिथि हमारे पूर्वजों ने पहले ही बता दी थी। हमारा मेला भी इसी तिथि में लगता है और अद्भुत संयोग है कि श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा इस समय हो रही है। पता नहीं क्या है इस तारीख में जो पंडित बता रहे हैं वही हमारे पूर्वजों ने भी बताई। ये राम ही बताएंगे। रामनामी मेले के बारे में खम्हरिया से आये मनहरण रामनामी ने बताया कि हर साल इसी तिथि में मेले का आयोजन होता है। एक साल महानदी के इस पार और एक बार महानदी के उस पार। 150 साल पहले से हम लोग भजन गाते आये हैं। पहले छोटे भजन गाते थे, 15 साल से बड़े भजन की शुरूआत हुई। सरसकेला से आई सेजबना ने बताया कि मेरे शरीर पर सात साल की उम्र में ही राम नाम गोदवाया गया है। मेरे माता-पिता भी भजन गाते थे। यह चौथी पीढ़ी है जो भजन गा रही है। राम नाम की महिमा अपरंपार है। जिस परिसर में यह सब भजन गा रहे हैं, उस परिसर में भी उन्होंने राम नाम लिखवा लिया है। अपने घर में राम का नाम लिखा है। वस्त्रों में राम का नाम लिखा है। रामनामी राम के नाम के उपासक हैं। गुलाराम बताते हैं कि मेला परिसर के तीन किमी के दायरे में मांस-मदिरा निषेध है। जैसे लोग मंदिर में जूता छोड़कर जाते हैं। वैसा ही हम मानते हैं कि हमारे हृदय में राम का वास है। हमने शरीर के हर अंग में राम का नाम लिखा है तो हमने यह संकल्प लिया है कि हम अपने शरीर को दूषित नहीं कर सकते। इसलिए मांस-मदिरा से परहेज करते हैं। इसके साथ ही हम छल-कपट से भी दूर रहते हैं। गुलाराम कहते हैं कि राम सभी जाति धर्मों से परे सबके हैं राम नाम के हजारों किस्से हैं।

### अफगान विमान दुर्घटना पर भारत ने कहा

# यह विमान हमारा नहीं है



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय (एमओसीए) ने रविवार को कहा कि अफगानिस्तान में हुई दुर्भाग्यपूर्ण विमान दुर्घटना हुई जिसमें भारतीय विमान या गैर अनुसूचित (एनएसओपी)/चार्टर विमान शामिल नहीं है। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह मोरक्को में पंजीकृत छोटा विमान है। अधिकारी घटना पर नजर रख रहे हैं और अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। अफगान मीडिया के मुताबिक, मॉस्को जा रहा एक विमान अफगानिस्तान के बदख्शां के वाखान क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बदख्शां में तालिबान के सूचना और संस्कृति प्रमुख ने घटना की पुष्टि की, जिसमें खुलासा किया गया कि यात्री विमान प्रांत के कुरान-मंजन और ज़िबक जिलों में फैले टॉपखाने पर्वत पर गिर गया। फिलहाल, आधिकारिक सूत्रों ने हताहतों की संख्या या दुर्घटना के कारण के बारे में जानकारी नहीं दी है। बदख्शां में तालिबान के पुलिस कमांड ने बताया कि विमान एक रात पहले रडार से गायब हो गया था। यह तोपखाना इलाके के ऊंचे पहाड़ों में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अफगान के एएमयू टीवी ने कहा कि यह क्षेत्र प्रांत के जिबक और कुरान-मुंजन जिलों को कवर करता है।

### इजराइली सेना गाजा में हमास की दमघोंटू सुरंग में दाखिल

# हिजबुल्लाह के ठिकानों पर भी धावा

**एजेंसी। तेल अवीव**



गाजा में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास और इजराइल के मध्य छिड़े युद्ध को तीन माह से ज्यादा का समय हो चुका है। इस युद्ध की वजह से दुनिया के प्रमुख राष्ट्र दो धड़ों में बंट चुके हैं। इस घमासान के बीच इजराइल की सेना हमास की एक महत्वपूर्ण सुरंग में दाखिल होने में कामयाब हो गई। यह वही सुरंग है, जहां हमास के आतंकवादियों ने पिछले साल सात अक्टूबर बंधक बनाए इजराइलियों में से कुछ को रखा था। प्रमुख समाचार पत्र द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने इस सुरंग के कई फोटो 20 जनवरी को जारी किए। आईडीएफ ने कहा है कि सुरंग की लंबाई लगभग 830 मीटर (आधा मील) है। इसे जमीन से 20 मीटर (66 फीट) नीचे खोदा गया था। इसमें एक केन्द्रीय स्थान के साथ पांच वर्जित कक्ष भी थे। यहां बीस बंधकों को रखा गया है। सुरंग के प्रवेश द्वार पर कई बंदूकधारियों से मुकाबला करना पड़ा। लेकिन अब वहां कोई बंधक नहीं था। सुरंग का प्रवेश द्वार हमास आतंकवादी के घर के अंदर से था। आईडीएफ ने कहा है कि इस सुरंग में बंधकों को 'कठोर और अमानवीय परिस्थितियों में' रखा गया। सुरंग में मिली वस्तुओं में पांच वर्षीय एमिलिया अलोनी के चित्र भी शामिल हैं। इसे नवंबर में अस्थायी युद्धविराम के दौरान छोड़ दिया गया था। आईडीएफ के अनुसार 18 जनवरी को खान यूनिस में सक्रिय हमास के लगभग 40 आतंकवादियों को मार गिराया गया। सैनिकों ने एक आतंकवादी के आवास पर छापा मारकर दस ग्रेनेड, एके-47 राइफल, सैन्य उपकरण और नक्शे बरामद किए हैं। आईडीएफ सैनिकों ने उत्तरी गाजा में दो सशस्त्र आतंकवादियों को मार गिराया। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने कहा है कि सैनिकों ने सुरंग में प्रवेशकर वहां मौजूद आतंकवादियों को ढेर कर दिया। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, आईडीएफ ने पहले के हमलों के जवाब में दक्षिण लेबनान में हिजबुल्लाह के कई ठिकानों पर हमला किया है। इस बीच इराक में अमेरिकी हवाई अड्डे पर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और रॉकेट दागे गए हैं। इससे कई लोग घायल हुए हैं।

### फिल्म जगत

## पंकज त्रिपाठी की बहुचर्चित फिल्म 'मैं अटल हूं' ने दूसरे दिन 2.95 करोड़ का किया कलेक्शन



**अभिनेता** पंकज त्रिपाठी की बहुचर्चित फिल्म 'मैं अटल हूं' 19 जनवरी को रिलीज हुई। यह फिल्म भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है। फिल्म ने पहले दिन बहुत कम कमाई की। अब फिल्म की दूसरे दिन की कमाई सामने आ गई है। अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक 'मैं अटल हूं' के दो ट्रेलर रिलीज हुए थे। इन ट्रेलर्स को दर्शकों से खूब रिस्पॉन्स मिला। हालांकि फिल्म की रिलीज के बाद दर्शकों का रिस्पॉन्स उम्मीद से कम मिल रहा है। फिल्म ने पहले दिन सिर्फ 1 करोड़ रुपये की कमाई की। अब फिल्म की दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। देखा गया है कि दूसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा हुआ है। फिल्म ने दूसरे दिन 2.95 करोड़ का कलेक्शन किया है। शनिवार को फिल्म की कमाई को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि 'मैं अटल हूं' रविवार को भी अच्छा बिजनेस करेगी। सिद्धार्थ आनंद की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'फाइटर' अगले हफ्ते यानी 25 जनवरी को रिलीज होगी। फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'फाइटर' की रिलीज के बाद 'मैं अटल हूं' के कलेक्शन पर असर पड़ने की आशंका है।